राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित
वर्ष : 11
अंक : 254
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
रविवार 27 मार्च 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334

मुख्य अपडेट
पेज 3 राहुल गांधी जी की सोच के अनुरूप 'यंग इंडिया के बोल' एक ऐसा मंच है जिसमें कोई भी युवा अपनी राजनीतिक हिस्सेदारी सुनिश्चित कर
पेज 5 कूड़ा डालने से मना किया तो दबंगों ने होमगार्ड के पूरे परिवार को लाठी-डंडे से बुरी तरह से पीटा
पेज 7 विश्व ब्रिज चैंपियनशिन 2022 में हिस्सा लेने के लिए छह सदस्यीय भारतीय टीम इटली रवाना

## दिल्ली का रोजगार बजट

### पांच साल में 20 लाख नौकरियां देने का वादा

नई दिल्ली। दिल्ली के उप मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को वित्त वर्ष 2022-23 के लिए दिल्ली का 75,800 करोड़ रुपए का बजट पेश किया। सिसोदिया ने इसे 'रोजगार बजट' बताया। बोले- दिल्ली में अगले पांच साल में 20 लाख नई नौकरियां पैदा की जाएंगी। बजट में नगरीय निकायों को 6,154 करोड़ रुपए आवंटित किए गए।



#### एजुकेशन के लिए 16 हजार 278 करोड़

बजट में शिक्षा के लिए 16,278 करोड़ रुपए रखे गए हैं। राजधानी के चिराग दिल्ली एरिया में स्कूल साइंस म्यूजियम बनाने का प्रस्ताव है। इसके अलावा बेघर बच्चों के बोर्डिंग स्कूल के लिए 10 करोड़ रुपए रखे हैं।

#### शहरी खेती को बढ़ावा

अवैध कॉलोनियों में नालों, गलियों, पानी के लिए 1,300 करोड़ रुपए दिए गए। सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली में स्मार्ट शहरी खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। पूसा संस्थान के सहयोग से इसे जन आंदोलन में बदला जाएगा।

#### हेल्थ सेक्टर के लिए 9669 करोड़

बजट में हेल्थ सेक्टर के लिए 9,669 करोड़ रुपए रखे गए किए। बजट में बताया गया कि मोहल्ला क्लीनिक और पॉलीक्लिनिक के लिए 475 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। इसके अलावा दिल्ली सरकार के अस्पतालों को अपग्रेड करने के लिए 1,900 करोड़ रुपए रखे गए हैं।

#### 100 करोड़ से डेवलप करेंगे पांच मशहूर बाजार

सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली में नया इलेक्ट्रॉनिक शहर स्थापित किया जाएगा। नौकरियां पैदा करने के लिए दिल्ली में पांच प्रसिद्ध बाजारों को विकसित किया जाएगा। इसके लिए 100 करोड़ रुपए रखे गए। 'दिल्ली शॉपिंग फेस्टिवल' में रिटेल बाजार को बढ़ावा देने, 'दिल्ली होलसेल शॉपिंग फेस्टिवल' से थोक बाजार को बढ़ावा देने का प्रस्ताव है।

#### बनेगी इलेक्ट्रॉनिक सिटी

बजट में राजधानी में एक इलेक्ट्रॉनिक सिटी बसाने का प्रस्ताव है। इससे करीब 80,000 रोजगार पैदा होने की उम्मीद है। इसे दिल्ली के बापरोला इलाके में स्थापित किया जाएगा। इलेक्ट्रॉनिक कंपनियों को आकर्षित करने के लिए 90 एकड़ में मैन्यूफैक्चरिंग सेंटर भी बनाएंगे।

#### 1.78 लाख लोगों को दी सरकार में नौकरियां

सिसोदिया ने कहा कि पिछले 7 साल में सरकार के विभिन्न विभागों और संस्थानों में 1 लाख 78 हजार से ज्यादा युवाओं को सरकार में नौकरी दी गई है।

#### बजट की अन्य खास बातें

- रोजगार बाजार के लिए 20 करोड़ रुपए, 10 लाख वेंडरों को होगा फायदा
- दिल्ली के प्राइवेट स्कूलों में शुरू होगा बिज़नेस ब्लास्टर प्रोग्राम
- दिल्ली में हर साल इंटरनेशनल फ़िल्म फेस्टिवल आयोजित होगा
- बस डिपो और टर्मिनल्स में कई जगह पर शॉपिंग, फूड हब्स होंगे
- नई स्टार्टअप नीति लागू करने के लिए बजट में ?50 करोड़ का प्रावधान
- अस्पतालों को अपग्रेड करने के लिए 1,900 करोड़ रुपए का प्रावधान

#### 24 घंटे बिजली, बिल जीरो

सिसोदिया ने कहा कि आज दिल्ली में 24 घंटे बिजली आ रही है। 75 फीसदी घरों में बिजली का बिल जीरो आ रहा है। मेट्रो लाइन का विस्तार हुआ है। गली-गली में सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं। युवाओं के लिए फ्री वाई-फाई नेटवर्क दे रहे हैं। व्यापार के लिए जीरो टैक्स, जीरो रेड पॉलिसी लागू की गई। ईज ऑफ डूइंग बिजनस की सुविधा दी गई।

## द कश्मीर फाइल्स पर बयान देकर बुरे फंसे केजरीवाल

### पटना में मानहानि का केस दर्ज, हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप

पटना। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के 'द कश्मीर फाइल्स' को टैक्स फ्री करने के सवाल पर विवाद बढ़ गया है। उनके खिलाफ पटना के सिविल कोर्ट में मानहानि केस किया गया है। आरोप है कि दिल्ली सीएम ने एक धर्म के लोगों को खुश करने के लिए बयान दिया था, उससे हिंदुओं की धार्मिक भावना को गहरी चोट पहुंची है।



दिल्ली में फिल्म के टैक्स फ्री करने के सवाल पर केजरीवाल ने कहा था कि इसे टैक्स फ्री क्यों किया जाए? टैक्स फ्री करने से बेहतर है कि इस फिल्म को यूट्यूब पर डाल दिया जाए। फिल्म वहां पूरी तरह से फ्री चलेगी और सभी लोग इसे देख भी लेंगे। त्रासदी पर मेकर्स फिल्म बनाकर 200 करोड़ की कमाई कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि फिल्म की कमाई का रुपया कश्मीरी पंडितों के पुनर्वास पर खर्च किया जाना चाहिए।

#### पीएम पर भी की है गलत टिप्पणी

पटना में चित्रगुप्त समाज से जुड़े डॉ. चंद्रभूषण वर्मा ने कहा, दिल्ली के सीएम ने असंवैधानिक बयानबाजी की है, जिससे हिंदू धर्म के लोग आहत हैं। केजरीवाल ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ भी गलत टिप्पणी की है। यही वजह से मैंने उनके खिलाफ केस किया है।

वर्मा की शिकायत पर पटना सिविल कोर्ट में एडवोकेट जय प्रकाश सिंह ने आईपीसी की धारा 500 व 501 के तहत मानहानि का मुकदमा किया है। उनका कहना है कि इस कंप्लेन केस को ट्रायल पर लाने की पूरी कोशिश की जाएगी।

## रक्षा मंत्रालय ने 21 नए सैनिक स्कूलों की स्थापना की मंजूरी दी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने गैर सरकारी संगठनों, निजी स्कूलों और राज्य सरकारों के साथ साझेदारी में 21 नए सैनिक स्कूलों की स्थापना को मंजूरी दी है। मंत्रालय ने शनिवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि ये स्कूल देश भर में 100 नए सैनिक स्कूल साझेदारी मोड में स्थापित करने की सरकार की पहल के तहत स्थापित किए जाएंगे। यह पहले से चल रहे सैनिक स्कूलों से अलग होंगे ।सरकार के 100 नए सैनिक स्कूलों की स्थापना के विजन का उद्देश्य छात्रों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना और उन्हें सशस्त्र बलों में शामिल होने सहित करियर के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है।

## 6 महीने तक मिलता रहेगा मुफ्त राशन

### सरकार ने सितंबर तक बढ़ाई पीएम गरीब कल्याण योजना की मियाद

नई दिल्ली। केंद्रीय कैबिनेट ने भी बड़ा फैसला लिया है। कैबिनेट ने पीएम गरीब कल्याण योजना को 6 महीने बढ़ाने का फैसला लिया है। केंद्र के इस फैसले से देश के 80 करोड़ से अधिक लोगों को एक बार फिर से राहत मिली है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने ट्विटर पर लिखा, भारतवर्ष का सामर्थ्य देश के एक-एक नागरिक की शक्ति में समाहित है।

अब इस शक्ति को और मजबूत बनाने के लिए सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की मियाद 6 महीने बढ़ाने का फैसला लिया है। अब देश के जरूरतमंदों को सितंबर 2022 तक मुफ्त राशन मिलता रहेगा।



#### क्या है पीएम गरीब कल्याण योजना

कोरोना महामारी के चलते देश में लगे लॉकडाउन में पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना को 2020 मार्च में शुरू किया गया था। शुरू में यह योजना अप्रैल से जून 2020 तक के लिए थी। फिर इसे बढ़ाया गया और नवंबर 2021 तक के लिए इसे लागू किया गया। इस तरह से यह योजना लगातार बढ़ रही है। गरीब कल्याण योजना के तहत 80 करोड़ लोगों को 5 किलो गेहूं या चावल के साथ एक किलो चना हर महीने दिया जाता है। यह अनाज राशन की दुकानों के माध्यम से लोगों को मिलता है।

इस योजना के तहत, सरकार नेशनल फूड सिक्योरिटी एक्ट के तहत पहचान किए गए लोगों को मुफ्त राशन देती है। NFSA ने 80 करोड़ राशन कार्डधारकों को मुफ्त राशन मिलने वालों की सूची में रखा है। इस स्कीम के तहत मिलने वाला मुफ्त राशन, कार्डधारकों को राशन की दुकानों के जरिए मिलने वाले सब्सिडी वाले अनाज के अलावा और उसके ऊपर होता है।

#### राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव



आंध्र प्रदेश के राज्यपाल, विश्वभूषण हरिचंदन और केंद्रीय संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास मंत्री जी किशन रेड्डी, आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी में 12वें राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव-2022 के उद्घाटन समारोह में।

## बीरभूम हिंसा मामला : सीबीआई ने टीएमसी नेताओं समेत 21 लोगों के खिलाफ दर्ज की एफआईआर

### रिपोर्ट में कहा- 70-80 लोगों की भीड़ ने घरों में लगाई थी आग

एजेंसी

**कलकत्ता।** बंगाल के बीरभूम हिंसा में सीबीआई ने टीएमसी में 21 लोगों के नाम दर्ज किए हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी ने रिपोर्ट में कहा, 70-80 लोगों की भीड़ ने पीड़ितों के घरों में तोड़फोड़ की। भीड़ ने 8 लोगों को घरों में बंद कर आग लगाकर जला दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सीबीआई ने मामले में जिन लोगों को आरोपी बनाया है, इनमें से ज्यादातक लोग टीएमसी के कार्यकर्ता हैं। इससे पहले शुक्रवार को कलकत्ता हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका सुनवाई करते हुए सीबीआई जांच के आदेश दिए थे। एजेंसी से कहा था कि वह 7 अप्रैल तक रिपोर्ट सौंपे।

#### घटनास्थल पर मौजूद है सीबीआई की टीम

कोर्ट के निर्देश पर सीबीआई की 20 सदस्यों की टीम आज बीरभूम जिले के रामपुरहाट गांव पहुंची है। टीम ने उस घर का दौरा किया जहां एक साथ 7 लोगों के शव मिले थे। सीबीआई का कहना है कि हम मामले की जांच में युद्धस्तर पर लगे हुए हैं। कोर्ट ने टीम को रिपोर्ट देने के लिए तय समय दिया है।



#### कोर्ट बोला- सीबीआई जांच जरूरी, जिससे लोगों में विश्वास रहे

कलकत्ता हाईकोर्ट ने बुधवार को मामले का स्वत संज्ञान लिया था। कोर्ट ने कहा कि जिस तरह के हालात पैदा हुए हैं, उससे इस मामले में सीबीआई जांच जरूरी हो गई है। इस घटना के बाद से बंगाल के लोगों में डर का माहौल देखने को मिल रहा है। ऐसे में सीबीआई जांच होने और पीड़ितों को न्याय मिलने से लोगों में विश्वास पैदा होगा।

#### ममता बनर्जी ने पीड़ित परिवारों को दी आर्थिक मदद

बीरभूम हिंसा के 72 घंटे बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचीं थीं। ममता ने पीड़ितों से हमदर्दी दिखाई तो उनका दर्द आंखों से छलक उठा। ममता ने मृतक के परिजनों के आंसू पोछे और उन्हें पानी भी पिलाया। इसके साथ ही सीएम ने हिंसा में मारे गए लोगों के परिजन को 5 लाख रुपए का चेक दिया।

बंगाल सीएम ने कहा कि आग में जल चुके घरों को सुधारने के लिए 2-2 लाख रुपए दिए जाएंगे। मरने वाले 10 लोगों के परिवारों को नौकरी दी जाएगी। उन्होंने मामले की जांच के लिए एक एसआईटी टीम बनाई थी। ममता ने कहा कि मुझे कोई बहाना नहीं चाहिए कि लोग भाग गए, मैं चाहती हूं कि घटना के लिए जिम्मेदार लोगों को गिरफ्तार किया जाए और चूक करने वाले पुलिसकर्मियों को सजा मिले।

#### फोरेंसिक रिपोर्ट में खुलासा-जलाने से पहले बुरी तरह पीटा

**बीरभूम में जिन 10 लोगों को बेरहमी से हत्या की गई, उन्हें मारने से से पहले बुरी तरह पीटा गया था। फोरेंसिक रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। जांच टीम को जले हुए घरों में खून के धब्बे मिले हैं, जिससे पता चला है कि कि उन पर धारदार हथियार से हमला भी किया गया था। संकेत यह भी मिले हैं कि भीड़ ने लोगों को बेहोश होने तक पीटा और फिर उन्हें घर में बंद कर जिंदा जला दिया। घरों में आग लगाने के लिए पेट्रोल बम फेंके गए थे।**



#### बीजेपी ने ममता के बीरभूम दौरे पर उठाए सवाल

विपक्ष इस मामले पर लगातार राज्य सरकार पर हमलावर है। पश्चिम बंगाल भाजपा प्रमुख सुकांत मजूमदार ने ममता के बीरभूम दौरे पर सवाल उठाए थे।

उन्होंने कहा कि सीएम मृतकों के शवों को खरीदना चाहती हैं। इसके साथ ही भाजपा प्रमुख ने मामले की तह तक जाने के लिए सीबीआई और एनआईए से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की थी।

विपक्ष ने आरोप लगाया था कि तृणमूल कांग्रेस के बीरभूम जिलाध्यक्ष अनुब्रत मंडल ने बलवाइयों को फोन पर घरों में आग लगाने को कहा था। इस मामला में टीएमसी के ब्लॉक प्रमुख की गिरफ्तारी हो चुकी है।

## योगी मंत्रिमंडल में आधे मंत्रियों पर दर्ज हैं आपराधिक मामले, 87 फीसदी करोड़पति

एजेंसी

नयी दिल्ली। उत्तर प्रदेश के नए शपथ ग्रहण मंत्रियों में से लगभग आधे के खिलाफ आपराधिक मामले हैं, जबकि 87 प्रतिशत मंत्री करोड़पति हैं। एक रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आयी है।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, कुल मंत्रियों में से 22 मंत्रियों (49 प्रतिशत) के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। जबकि 20 मंत्रियों यानी 44 प्रतिशत के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक 45 मंत्रियों में से 39 मंत्री यानी 87 फीसदी करोड़पति हैं। वहीं, 45 मंत्रियों की औसत संपत्ति नौ करोड़ रुपए हैं। इसके साथ ही तिलोई विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के विधायक मयनकेश्वर शरण सिंह की संपत्ति 58.07 करोड़ रुपए है।



रिपोर्ट में कहा गया है कि करीब 80 प्रतिशत मंत्री स्नातक और उससे आगे की शिक्षा ग्रहण कर चुके हैं। जबकि 20 प्रतिशत मंत्रियों की शैक्षणिक योग्यता आठवीं से 12वीं पास है।

वहीं, 20 मंत्रियों की उम्र 30 से 50 साल के बीच तथा 25 मंत्रियों की उम्र 51 से 70 वर्ष के बीच है। योगी मंत्रिमंडल में कुल मंत्रियों में पांच महिलाओं को स्थान मिला है।

योगी मंत्रिमंडल में 52 मंत्रियों में से 21 उच्च वर्ग, 20 अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), नौ दलित, एक सिख और एक मुस्लिम चेहरे को शामिल किया गया है।

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित अन्य मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई थी।

#### महंगाई

### अभियान का पहला चरण 31 मार्च को सुबह 11 बजे शुरू होगा

## महंगाई पर सरकार को जगाने के लिए थाली, घंटी बजाएगी कांग्रेस

नयी दिल्ली। पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दामों में भारी बढ़ोतरी से तिलमिलाई कांग्रेस महंगाई के खिलाफ सरकार को जगाने के लिए अगले सप्ताह थालियां और घंटियां बजाकर महंगाई मुक्त भारत अभियान की शुरुआत करेगी और देशभर में तीन चरणों में इस अभियान को चलाएगी। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख रणदीप सिंह सुरजेवाला ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों को बताया कि पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने प्रदेश प्रभारी महासचिव और प्रदेश अध्यक्षों की बैठक में इस अभियान को शुरू करने की आज हरी झंडी दी।



उन्होंने बताया कि बैठक में देशभर में %महंगाई मुक्त भारत अभियान% शुरू करने का निर्णय लिया गया है। उनका कहना था कि अभियान का पहला चरण 31 मार्च को सुबह 11 बजे शुरू होगा जिसमें कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी अपने घरों के सामने थालियां और घंटियां तथा अन्य उपकरण बजाकर महंगाई के विरुद्ध भारतीय जनता पार्टी की सरकार को जगाने का काम करेंगे।

प्रवक्ता ने कहा कि अभियान का दूसरा चरण चार अप्रैल को आयोजित होगा जिसमें कांग्रेस के जिला स्तर पर कार्यकर्ता और पदाधिकारी जिलों में महंगाई मुक्त भारत अभियान के तहत धरना देंगे और जिला मुख्यालयों पर मार्च आयोजित करेंगे।

उन्होंने कहा कि अभियान के अंतिम चरण में सात अप्रैल को राज्य स्तर पर प्रदेश मुख्यालयों में कांग्रेस के प्रदेशभर के प्रमुख कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल होंगे और धरना प्रदर्शन तथा मार्च का आयोजन। इस दौरान वे सरकार को महंगाई मुक्त भारत अभियान के तहत जगायेंगे और बताएंगे कि महंगाई के कारण जनता का जीना दूभर हो गया है। सरकार अब संभल जाए वरना, जनता सड़कों पर उतरने वाली है।

#### राहुल का महंगाई को लेकर सरकार पर तंज



**कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने महंगाई को लेकर दो पंक्ति की कविता में सरकार पर शनिवार को तीखा तंज करते हुए कहा कि वह अपने लिए खुशहाली का महल बनाने में जुटी है और जनता महंगाई की मार से त्रस्त है। गांधी ने ट्वीट किया राजा करे महल की तैयारी, प्रजा बेचारी महंगाई की मारी। इसके साथ ही उन्होंने मीडिया के कुछ ट्वीट को उद्धृत किया है जिनमें कहा गया है कि पेट्रोल डीजल की कीमतें आउट ऑफ कंट्रोल हो गई हैं और पांच दिन में इनकी दर 3.20 रुपये प्रति लीटर बढ़ी है जबकि घरेलू सिलेंडर गैस की कीमत 50 रुपये तक महँगी हो गई है।**

## देश में कोरोना से मरने वालों की संख्या में इजाफा

नयी दिल्ली, 26 मार्च (वार्ता) देश में कोरोना संक्रमण के मामलों की रफ्तार लगातार धीमी होने के बीच पिछले 24 घंटे में इसकी चपेट में आकर 4,100 मरीजों ने दम तोड़ा है।

इसी के साथ अब कुल मरने वालों का आंकड़ा पांच लाख 20 हजार 855 तक पहुंच गया है। यह संख्या पिछले कुछ दिनों से 100 से कम थी।

इस दौरान, कोरोना संक्रमण के 1,660 नये मामले दर्ज हुये हैं और इसी के साथ कुल मामलों की संख्या चार करोड़ 30 लाख 18 हजार 032 तक पहुंच गई है।

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 24 घंटों में 2,349 मरीजों के संक्रमणमुक्त होने के बाद इस महामारी से स्वस्थ होने वालों की कुल संख्या बढ़कर चार करोड़ 24 लाख 80 हजार 436 हो गई है। इसी अवधि में सक्रिय मामलों की संख्या 4,789 घटकर 16,741 रह गई है।

उल्लेखनीय है कि देश में कोरोना मृत्यु दर 1.21 प्रतिशत, रिकवरी दर 98.75 प्रतिशत और सक्रमण दर 0.04 प्रतिशत है।

केरल में पिछले 24 घंटे में सक्रिय मामलों में 410 की कमी आने के बाद इनकी संख्या घटकर 5,219 रह गई। वहीं, 872 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इससे निजात पाने वाले लोगों की संख्या 64,57,300 हो गई है, जबकि मृतकों का आंकड़ा 67,631 हो गया है।

महाराष्ट्र में इस दौरान सक्रिय मामलों में सबसे अधिक 4,078 की कमी आने के बाद ये अब 892 रह गए हैं। इस दौरान राज्य में 346 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इस महामारी को मात देने वालों की संख्या बढ़कर 77,24,560 हो गई है। राज्य में मृतकों का आंकड़ा 1,43,779 हो गया है। कर्नाटक में सक्रिय मामलों की संख्या 1834 पर बराकरार है।

## शार्ट न्यूज

### भारतीय जेल से रिहा हुए तीन पाकिस्तानी कैदी और एक बच्चा, लौटे अपने वतन

**नई दिल्ली।** भारत ने शनिवार को तीन पाकिस्तानी कैदियों और एक बच्चे को रिहा कर उनके वतन वापस भेज दिया। प्रोटोकॉल अधिकारी (पुलिस) अरुण पाल ने मामले की जानकारी दी। प्रोटोकॉल अधिकारी (पुलिस) अरुण पाल के अनुसार, पाकिस्तानी कैदियों की पहचान समीरा, अहमद राजा और मुर्तजा अजगर अली के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि तीनों कैदियों को अटारी वाघा बॉर्डर के जरिए पाकिस्तान भेजा गया था। उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तानी समीरा को बैंगलोर में पकड़ा गया था और उन्हें साढ़े तीन साल की जेल की सजा सुनाई गई थी, जबकि वह एक बच्ची के साथ गर्भवती थी। पाल ने कहा कि अन्य दो कैदी अहमद राजा और मुर्तजा अजगर अली सीमा पर घूमते हुए पकड़े गए। उन्होंने आगे कहा कि भारत सरकार उनकी सजा पूरी होने के बाद उन्हें वापस भेज रही है। पाकिस्तानी कैदी समीरा ने उसे वापस भेजने के लिए भारत सरकार को धन्यवाद दिया और सरकार से उन सभी लोगों को भेजने का अनुरोध किया जो अभी भी उसके जैसे यहां हैं। राजा ने कहा कि वह सीमा पर घूमते हुए पकड़ा गया था और उसे 21 महीने बाद पाकिस्तान भेजा जा रहा है।

### श्रीनगर में बिट्टा कराटे का पुतला फूंका

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में कश्मीरी पंडितों के एक समूह ने शनिवार को फारूक अहमद डार ऊर्फ बिट्टा कराटे का पुतला दहन किया। उल्लेखनीय है कि बिट्टा कराटे आतंकवादी संगठन जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट का कमांडर है और प्रदेश में 1990 में हुयी कई कश्मीरी पंडितों की हत्या के आरोप में दिल्ली के तिहाड़ जेल में कैद है। संदीप मावा के नेतृत्व में रिकंसिलिएशन फ्रंट के कार्यकर्ताओं ने श्रीनगर के प्रेस कॉलोनी में बिट्टा कराटे का पुतला फूंका। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कश्मीरी पंडितों को न्याय देने की मांग की। मावा ने कहा, बिट्टा कराटे में सार्वजनिक तौर पर कश्मीर पंडितों की हत्या की बात कबूली थी। जब उसने सार्वजनिक तौर पर हत्या की बात कबूली थी, तो उसे मौत की सजा क्यों नहीं दी गयी। उल्लेखनीय है कि कश्मीरी पंडिता का दर्द बयां करती फिल्म द कश्मीर फाइल्स के सिनेमा घरों में प्रदर्शित होने के बाद कश्मीरी पंडितों को न्याय देने की मांग तेजी से उठने लगी है।

### आंध्रः महिला माओवादी ने किया आत्मसमर्पण

**काकीनाडा (आंध्र प्रदेश)।** आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में शनिवार को एक महिला माओवादी व सबरी दलम के सदस्य मदकम इदुमाम्मा उर्फ इडिमी उर्फ लता (22) ने पूर्व गोदावरी के पुलिस अधीक्षक रविंद्रनाथ बाबू के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने माओवादी पार्टी से तथाकथित मन भर जाने और मुख्यधारा की जीवन जीने के लिए पुलिस के सामने खुद को आत्मसमर्पण किया। जानकारी के अनुसार, इडुमम्मा ने सबरी एलओएस (स्थानीय संचालन दस्ते) के सदस्य सुनील और तुलसी से प्रभावित होकर 2016 में माओवादी दलम की सदस्यता ग्रहण की थी। जिसके बाद सात दिनों तक उन्हें प्रशिक्षित किया गया और उन्हें बीकेईजी डीवीसी सचिव आजाद के पास भेजा गया। जिसके बाद इदडुमम्मा को एक 303 राइफल दिया गया और उनूहें एलओएस दलम के सदस्य के रूप में मान्यता दी गयी। उन्होंने कहा कि उनके साथ गलत व्यवहार किया गया, जिसके बाद उन्होंने इसे छोड़ने के लिए मन बनाई और पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करने का फैसला किया। इस दौरान पुलिस ने उन्हें मुख्यधारा की ओर वापस लौटने के लिए उनकी तारीफ की। उन्होंने कहा कि आत्मसमर्पण करने के बाद सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाएं उन्हें जल्द दी जाएं।

### सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत कर्नाटक को द्वितीय किश्त अनुदान का आवंटन

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में सूक्ष्म सिंचाई कार्यक्रमों के तहत अनुदान बढ़ाने की मांग को स्वीकार करते हुए केंद्र सरकार ने द्वितीय किश्त अनुदान का आवंटन बढ़ा दिया है और राशि जारी कर दी है। केंद्र सरकार ने 2020-21 में राज्य सरकार को इस योजना के तहत 400 करोड़ रुपये आवंटित किए थे। पर राज्य में 2021-22 तक सूक्ष्म सिंचाई कार्यक्रमों की उच्च मांग के कारण, केंद्र सरकार ने अब राज्य के अनुरोध पर 500 करोड़ रुपये का अनुदान आवंटित किया है। पिछली बार की तुलना में इस बार 100 करोड़ रुपये अधिक राशि आवंटित की गयी है। इससे पहले केंद्र सरकार ने राज्य को 300 करोड़ आवंटित कर दिये थे जबकि बाकी 200 करोड़ रुपये शुक्रवार यानी 25 मार्च को जारी किये गये। इस कार्यक्रम में बागवानी, कृषि, रेशम और वाटरशेड विकास शामिल हैं। केंद्र ने अनुसूचित जाति को 76 प्रतिशत और सामान्य श्रेणी में अनुसूचित जाति को 7 प्रतिशत अनुदान जारी किया है। अनुदान कृषि विभाग को आवंटित किया जाता है जिले को उपलब्ध अनुदान के राज्य के हिस्से के अलावा, जिले की मांग के आधार पर। कर्नाटक सरकार ने संकट में फंसे किसानों की तत्काल सहायता के लिए कदम उठाए हैं।

### बस गहरे खड्ड में गिरने से तीन लोगों की मौत

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में कंडाघाट-चैल रोड पर साधु पुल पर आज एक निजी बस खड्ड में गिर जाने से तीन यात्रियों की मौत हो गयी तथा चार अन्य घायल हो गये। जिला पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र शर्मा ने बताया कि बस सोलन से साधु पुल की ओर जा रही थी और इंदिरा होलीडे होम के समीप पहुंचते ही बस गहरी खाई में गिर गयी जिससे एक व्यक्ति की मौत मौके पर हो गयी। अन्य सभी को सोलन के क्षेत्रीय अस्पताल लाया गया जहां दो अन्य ने दम तोड़ दिया। बस में चालक सहित कुल सात लोग सवार थे। मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान बस चालक अनीश कुमार (28)और लक्ष्मी प्रसाद (50)के रूप में की है। तीसरे व्यक्ति की पहचान की जा रही है।

### खाद्यान्न वितरण में अनियमितताएँ नहीं होंगी बर्दाश्त

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि खाद्यान्न वितरण के कार्य में अनियमितताएँ और गड़बड़ियाँ बर्दाश्त नहीं की जायेगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज नर्मदापुरम जिले के पचमढ़ी में चिंतन बैठक के दौरान चतुर्थ समूह द्वारा दिए गए प्रस्तुतिकरण के बाद संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में राशन वितरण का कार्य पारदर्शिता के साथ किया जाए। सख्ती के साथ व्यवस्था लागू कर आम जनता को लाभ पहुँचाएँ। खाद्यान्न वितरण के कार्य में अनियमितताएँ और गड़बड़ियाँ बर्दाश्त नहीं की जायेगी। श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में करीब 5 करोड़ उपभोक्ताओं को सस्ता अनाज मिल रहा है। इस कार्य में सभी व्यवस्थाएँ चुस्त-दुरूस्त रखी जाएँ। तकनीक का उपयोग किया जाए। गड़बड़ियों की शिकायतों पर कार्रवाई हो। जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाए। उचित मूल्य दुकानों को बहुउद्देशीय बनाने पर विचार हो। इस क्षेत्र में सुधारों को लागू करने से जनता दुआएँ देगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश के 89 जनजातीय बहुल विकासखंडों में वाहनों से अनाज वितरण की शुरूआत की गई है। पूर्व में थैले या बैग से अनाज वितरण का कार्य भी किया गया। कोरोना काल में ग्रामीण क्षेत्रों में घरों तक अनाज पहुँचाया गया। अन्न उत्सव और उपभोक्ताओं के हित में व्यवस्थाओं को बेहतर बनाया जाए। चिंतन बैठक में मंत्री समूह की तरफ से खाद्य मंत्री बिसाहूलाल सिंह ने बताया कि प्रदेश में 89 विकासखंड में बेरोजगार युवकों को राशन वितरण का दायित्व दिया गया है। सिंगरौली जिले में फोर्टिफाइड चावल का वितरण भी किया गया, जो अन्य जिलों में भी किया जाएगा। साथ ही नमक और अन्य आवश्यक सामग्री के वितरण की पहल भी की गई है। खाद्य मंत्री श्री सिंह ने बताया कि प्रदेश में 5 करोड़ उपभोक्ताओं को अनाज और अन्य उपभोक्ता सामग्री का वितरण किया जा रहा है। अनाज के भंडारण और वितरण की व्यवस्था पर निरंतर निगरानी रखी जाती है। सुझावों में जनजातीय विकासखंडों के अलावा अन्य विकासखंडों में भी चलित वाहनों के माध्यम से अनाज वितरण करने, अनाज वितरण वाहनों में जीपीएस के उपयोग, पंचायत स्तर पर उचित मूल्य दुकान की उपलब्धता, सभी पात्र हितग्राहियों को राशन कार्ड और पात्रता पर्ची से सामग्री के प्रदाय, गड़बड़ी करने वाले समिति प्रबंधक के स्थान पर सेल्समेन की नियुक्ति करने के सुझाव भी दिए गए।

# दो साल से बंद अंतराष्ट्रीय उड़ानें आज से शुरू



नई दिल्ली। कोरोना के चलते करीब दो साल से बंद इंटरनेशनल फ्लाइट्स को रविवार से दोबारा शुरू किया जा रहा है। अंतराष्ट्रीय उड़ानों को शुरू करने को लेकर सिविल एविएशन मिनिस्ट्री ने दिशनिर्देश जारी किए हैं जिसमें कोविड नियमों को लेकर कुछ छूट दी गई है। नए नियमों के मुताबिक केबिन क्रू के लिए फ्लाइट के भीतर पीपीई किट पहनना जरूरी नहीं होगा। इसके अलावा एयरपोर्ट पर सुरक्षाकर्मी जरूरत लगने पर पैसेंजर को छूकर उसकी जांच कर सकते हैं। इसके अलावा एयरलाइंस को मेडिकल इमरजेंसी के लिए तीन सीटें खाली रखने की भी जरूरत नहीं है। सिविल एविएशन मिनिस्ट्री द्वारा जारी ऑर्डर में कहा गया है कि कोरोना के कम होते मामले और बड़े स्तर पर वैक्सीनेशन प्रोग्राम चलाने के आधार पर कोविड नियमों में ये छूट दी जा रही है। ऑर्डर में ये भी कहा गया है कि इन नियमों में छूट मिलने के बाद उम्मीद है कि एयर ऑपरेशन सुचारू रूप से चलेगा। हालांकि ऑर्डर में ये भी साफ तौर पर कहा गया है कि एयरपोर्ट पर और यात्रा करते हुए फेस मास्क लगाना, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन और हेंड सेनेटाइजर का इस्तेमाल करना अनिवार्य होगा। ऑर्डर में कहा गया है कि ऑन एयर इस तरह की किसी तरह की मेडिकल इमरजेंसी को ध्यान में रखते हुए एयरलाइंस फ्लाइट में कुछ अतिरिक्त पीपीई किट, सेनेटाइजर और एन-95 मास्क रख सकते हैं। गौरतलब है कि कोरोना के चलते एविएशन जगत को पिछले दो सालों में भारी भरकम नुकसान उठाना पड़ा है। हालांकि पिछले दो महीनों से एविएशन इंडस्ट्री रिकवर करना शुरू कर चुकी है। फरवरी में 76.96 लाख लोगों ने घरेलू हवाई सफर किया है जो जनवरी के मुकाबले 20 प्रतिशत ज्यादा है। सरकार ने 18 अक्टूबर 2021 से डोमेस्टिक फ्लाइट ऑपरेशन शुरू कर दिया था।

# गहलोत को अपनी कुर्सी बचाने की फिक्र ज्यादा-पूनियां

श्रीगंगानगर। राजस्थान के भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डा सतीश पूनियां ने राज्य में महिला सुरक्षा, बिगड़ी कानून व्यवस्था और आए दिन हो रहे दुष्कर्म एवं सामूहिक दुष्कर्म के मामलों को लेकर आरोप लगाते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को अपनी कुर्सी बचाने की फिक्र ज्यादा है और बहन-बेटियों की अस्मत बचाने की फिक्र नहीं है। डॉ. पूनियां ने आज यहां मीडिया से बातचीत में कहा कि दौसा जिले में सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आने पर आज एक बार फिर से राजस्थान शर्मसार हुआ है, हालांकि कांग्रेस की फितरत रही है कि सदन में बदजुबानी से लेकर और व्यभिचार की कहानी बहुत पुरानी है कांग्रेस की, तंदूर कांड से लेकर अजमेर के फोटो ब्लैकमेल काण्ड से लेकर। उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस विधायक के पुत्र पर दुष्कर्म के आरोप लगते हैं तो न केवल राजस्थान शर्मसार होता है बल्कि राजस्थान की कानून व्यवस्था पर प्रश्न उठता है और उसी फेहरिस्त में मुकदमा और जुड़ जाता है, जो पौने सात लाख मुकदमों तक पहुंची हुई है। उन्होंने कहा कि एक वर्ष में 6 हजार 337 दुष्कर्म की घटनाओं में एक कडी और जुड जाती है, ऐसा लगता है कि प्रदेश में कानून का राज खत्म हो गया।

# एमएसएमई क्षेत्र के लिए पुनर्गठन एवं प्रौद्योगिकी उन्नयन समय की मांग

अमृतसर। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के पंजाब स्टेट चैप्टर ने चुनौतीपूर्ण समय में एमएसएमई की चिंताओं को दूर करने के लिए 25 मार्च को एमएसएमई के लिए बैंकिंग और इनोवेटिव फाइनेंशियल सॉल्यूशंस पर एमएसएमई कार्निवल इंटरएक्टिव सत्र के तहत श्रृंखला में पांचवें सत्र का आयोजन किया। मुकुल बंसल, संयोजक, बैंकिंग और वित्तीय सेवा उप-समिति, पंजाब स्टेट चैप्टर, पीएचडीसीसीआई और अध्यक्ष, एम्बी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ने शनिवार को कहा कि भारत में एमएसएमई क्षेत्र देश के सभी पंजीकृत व्यवसायों का 99 प्रतिशत हिस्सा है। उन्होंने कहा कि महामारी और सुलभ धन की कमी ने एमएसएमई क्षेत्र पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है। नतीजतन, एमएसएमई के लिए विलंबित भुगतान और कार्यशील पूंजी में आसानी को संबोधित करने की तत्काल आवश्यकता है। एस बी सिंह, संयोजक, एमएसएमई उप-समिति, पंजाब स्टेट चैप्टर और सीईओ, तारन इंडस्ट्रीज लुधियाना ने अपनी उद्घाटन टिप्पणी देते हुए कहा कि कच्चे माल की लागत में वृद्धि के कारण एमएसएमई क्षेत्र कम मांग और वित्त तक पहुँचने की उच्च लागत जैसे बहुत सारे मुद्दों का सामना कर रहा है। उन्होंने उल्लेख किया कि एमएसएमई क्षेत्र के लिए प्रमुख बाधाएं अपर्याप्त बाजार संपर्क, बुनियादी ढांचे की कमी, अपर्याप्त वित्त, प्रौद्योगिकी की कमी है जो उनके व्यवसाय के विकास को प्रभावित करती है। डॉ. एच पी कुमार, पूर्व सीएमडी, एनएसआईसी और सलाहकार, पीएचडी चैंबर ने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र के सामने प्राथमिक कठिनाइयों में से एक बैंकों से वित्तीय सहायता की कमी थी।

# बीरभूम हिंसाः आग लगने के 10 घंटे बाद घर में दाखिल हुई थी पुलिस, प्रत्यक्षदर्शी का दावा

एजेंसी



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में हुए नरसंहार की जांच सीबीआई के अपने हाथों ले ली है। दिल झकझोर कर देने वाली इस घटना के एक प्रत्यक्षदर्शी ने शनिवार को कहा कि दमकल कर्मियों ने जले हुए घरों में प्रवेश करने के लिए दस घंटे तक इंतजार किया था। बताते चलें कि बोगटुई गांव में एक घर के आठ लोगों को जिंदा जलाकर मारने का आरोप है। इस घटना को लेकर रामपुरहाट थाने में तैनात एक उप निरीक्षक जो शिकायतकर्ता भी है, के अनुसार आग लगने के बाद घर में इतनी गर्मी थी कि जले हुए घर के अंदर जाना संभव नहीं था। शिकायतकर्ता ने अपनी प्राथमिकी में कहा है कि वह सूचना मिलने के बाद बोगटुई गांव पहुंचे। पुलिस अधिकारी ने कहा कि टीम को आठ घर मिले और कुछ भूसे के ढेर के कारण आग की चपेट में आ चुके थे। ड्यूटी ऑफिसर सब इंस्पेक्टर रमेश साहा को बुलाया गया और दमकल कर्मियों को सूचित करने के लिए कहा गया। प्राथमिकी में शिकायतकर्ता के बयान के अनुसार, भीषण गर्मी के कारण, उस समय उन जले हुए घरों में जाना संभव नहीं था। हालांकि, 22 मार्च (अगले दिन) सुबह लगभग 07.10 बजे घायल और प्रभावित व्यक्तियों की तलाशी प्रक्रिया जारी थी, दमकल कर्मी फिर से पहुंचे। गांव में और हमारे तलाशी अभियान में शामिल हो गए। प्राथमिकी में कहा गया है कि चार लोग झुलस गए थे और उन्हें तुरंत रामपुरहाट मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया गया। पहली सूचना रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि अधिकांश घर पूरी तरह से जल गए थे और तोड़फोड़ की गई थी।

गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल के बीरभूम के रामपुरहाट इलाके में मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता भादू शेख की हत्या के बाद भीड़ द्वारा घरों में आग लगाने के बाद कुल आठ लोगों की मौत हो गई। सीबीआई ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा मामला सौंपे जाने के बाद जांच शुरू कर दी है।

# महंगाई को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलेगी कांग्रेस

## 31 मार्च से शुरू होगा महंगाई मुक्त भारत अभियान

नई दिल्ली। एक के बाद एक चुनावों में हार का सामना कर रही कांग्रेस पार्टी महंगाई के मुद्दे पर सरकार को घेरकर जनाधार वापस पाने की कोशिश कर रही है। इसी कड़ी में कांग्रेस 31 मार्च से 7 अप्रैल के बीच देशभर में केंद्र सरकार के खिलाफ महंगाई मुक्त भारत अभियान चलाएगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि मोदी सरकार लोगों को कंगाल कर अपना खजाना भरने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि देश में लगातार बढ़ती महंगाई और तेल की कीमतों के खिलाफ राहुल और प्रियंका गांधी देशव्यापी प्रदर्शन में शामिल होंगे।

सुरजेवाला ने कहा कि सरकार लगातार तेल के दाम बढ़ाकर लोगों की जेब में छेद कर रही है? क्या सरकार को गरीबों की जरा सी भी चिंता है? पिछले पांच दिन में लगातार चौथे दिन बढ़ी तेल की कीमतों को लेकर सुरजेवाला ने बीजेपी पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि बीजेपी पूरी बेशर्मी के साथ जनता को लूट रही है। दूसरी तरफ राहुल गांधी ने भी लगातार बढ़ रही तेल की कीमतों को लेकर सरकार पर हमला बोला। राहुल गांधी ने कहा- राजा महल में जाने की तैयारी कर रहा है जबकि जनता महंगाई के बोझ तले दबी जा रही है। गौरतलब है कि पिछले पांच दिनों में से चार दिन तेल की कीमतों में इजाफा हुआ है। शनिवार को भी पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 80 पैसे की बढ़ोतरी की गई. पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों पर सरकार का कहना है कि रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से तेल के दाम बढ़ रहे हैं. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बाद केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गड़करी ने भी तेल की बढ़ती कीमतों के लिए रूस-यूक्रेन युद्ध को जिम्मेदार ठहराया है।

# अजमेर में नवसंवत्सर पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे

अजमेर। राजस्थान के अजमेर में दो अप्रैल नवसंवत्सर के मौके पर नवसंवत्सर समारोह समिति अजयमेरू के तत्वावधान में अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

आयोजन का आगाज नववर्ष की पूर्वसंध्या से होगा।

समिति के अध्यक्ष निरंजन शर्मा के अनुसार 2 अप्रैल को नवसंवत्सर का पहला दिन होगा लेकिन पूर्व संध्या यानि एकअप्रैल की सायं आनासागर चौपाटी पर विक्रम मेले का आयोजन किया जायेगा।

इस बैण्ड वादकों की प्रतियोगिता के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ रंगोली व मांडना प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी , जिसमें महिलाओं व बालिकाओं को भागेदारी का अवसर मिलेगा।

अगले चार दिन भारत की सनातन संस्कृति को समझाने के लिये विभिन्न संगोष्ठियों का आयोजन होगा।

# देह व्यापार के आरोप में स्पा सेंटर मालिक, संचालिका गिरफ्तार

नैनीताल। उत्तराखंड के उधमसिंह नगर जनपद के रूद्रपुर में स्पा सेंटर के नाम पर अनैतिक देह व्यापार का मामला प्रकाश में आया है और पुलिस ने स्पा सेंटर के मालिक और संचालिका को गिरफ्तार कर लिया है तथा मौके से कई आपत्तिजनक चीजें भी बरामद हुई हैं। उधमसिंह नगर पुलिस के अनुसार जनपद की मानव तस्करी रोधी इकाइयों (एएचटीयू) को रूद्रपुर स्थित गैलेक्सी स्पा सेंटर में मसाज के नाम पर अनैतिक कार्य कराये जाने की सूचना मिली। यह भी जानकारी मिली कि मौके पर भीड़ लगी रहती है। इससे आसपास का माहौल खराब होता जा रहा है। पुलिस की ओर से इस शिकायत की पुष्टि की गयी। मामला सही पाये जाने पर एएचटीयू की प्रभारी बसंती आर्य की अगुवाई में पुलिस की एक टीम की ओर से शुक्रवार रात को स्पा सेंटर में छापा मारा गया। श्रीमती आर्य ने बताया कि स्पा सेंटर में मसाज के नाम पर अनैतिक देह व्यापार को अंजाम दिया रहा था। मौके से इसकी पुष्टि हुई है। अनैतिक धंधे के लिये हरियाणाा, दिल्ली और अन्य राज्यों से लड़कियां यहां लायी जाती थीं। मौके पर कई लड़कियां मिलीं और जांच करने पर उनके पास थेरेपी या मसाज पार्लर का कोई प्रमाण पत्र भी नहीं पाया गया। उन लड़कियों ने बताया कि मसाज के नाम पर स्पा सेंटर के मालिक द्वारा उनसे अनैतिक कार्य करवाया जाता है। मना करने पर सेंटर से निकाल देने की धमकी दी जाती है। वह गरीबी और मजबूरीवश इस धंधे को कर रही हैं। मौके से कई प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद हुई। पुलिस ने स्पा सेंटर के मालिक संदीप वर्मा उर्फ वीर पुत्र विजयपाल वर्मा निवासी 1192 गली नं0 3, आदर्शनगर, वल्लभगढ़, फरीदाबाद, हाल निवासी बनखंडी रोड, ट्रांजिट कैम्प, रूद्रपुर और संचालिका निकिता उर्फ नीतू पुत्र रामवीर सिंह निवासी जीए-49, प्रहलादपुर, बदरपुर, दक्षिणी दिल्ली को तत्काल गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के खिलाफ अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर आगे की कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। श्रीमती वर्मा ने कहा कि अनैतिक धंधा करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई अमल में लायी जायेगी।

# पूजा-अर्चना के बाद विस अध्यक्ष ने सम्भाला कार्यभार



**देहरादून।** उत्तराखंड विधानसभा की नवनिर्वाचित अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने शनिवार को विधानसभा भवन स्थित अपने कार्यालय में विधिवत पूजा अनुष्ठान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कार्यभार संभाल लिया तथा प्रदेशवासियों की सुख- समृद्धि तथा खुशहाली की कामना की।

इस मौके पर श्रीमती भूषण ने अपने पिता एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद खंडूड़ी और माँ के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। नव निर्वाचित विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि वह अपने पिता द्वारा दिए गए संस्कारों तथा उनके पद चिह्नों पर चलकर राज्य के विकास में अपना अहम योगदान देंगी। उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख- समृद्धि तथा खुशहाली की कामना की।

इस मौके पर विधानसभा के अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने श्रीमती भूषण को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। श्रीमती भूषण ने 29 मार्च से आहूत होने वाले राज्य के पंचम विधानसभा के प्रथम सत्र की तैयारियों को लेकर भी अधिकारियों से चर्चा की।

भूषण ने कहा कि यह गौरवपूर्ण क्षण उत्तराखंड की सभी महिलाओं के लिए है।

उन्होंने कहा कि राज्य में महिला को दिया गया। यह सम्मान पूरे देश के लिए प्रेरणा स्त्रोत का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि सत्र के दौरान सदन में वह पक्ष तथा विपक्ष को साथ लेकर उत्तराखंड की जन भावनाओं के अनुरूप प्रदेश से जुड़े हुए विषय पर प्रमुखता से चर्चा के लिए सभी सदस्यों को समान मौका देगी। उन्होनें आशा व्यक्त कि सरकार और सभी दलों के सहयोग से सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलेगी।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष की माता अरुणा खंडूडी, सौरभ थपलियाल, पृथ्वीधर काला, कंचन ठाकुर, चंद्रमोहन लखेडा, बबीता सहोत्रा, मिनी अठल, विधानसभा सचिव मुकेश सिंघल, वंदना बिष्ट, वीरेंद्र रावत, राकेश डोभाल, पंडित राजेंद्र सेमवाल, धर्मेंद्र बिष्ट सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# हड़ताल के मद्देनजर निषेद्याज्ञा लागू, कर्मचारियों ने कसी कमर

एजेंसी

सिरसा। आगामी 28-29 मार्च को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर प्रशासनिक स्तर पर निषेद्याज्ञा लागू कर दी गई है वहीं दूसरी ओर विभिन्न कर्मचरी संगठनों ने हड़ताल की कामयाबी को लेकर कमर कसते हुए तैयारियों को अंतिम रूप दिया है।

कर्मचारियों की दो दिवसीय हड़ताल के मद्देनजर सिरसा के उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने जिला की सभी संबंधित एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्र में धारा 144 लगाने के निर्देश दिए हैं। सिरसा रोडवेज के महाप्रबंधक के अनुरोध पर एसडीएम सिरसा, एसडीएम ऐलनाबाद, एसडीएम कालांवाली, एसडीएम डबवाली द्वारा हड़ताल के मद्देनजर अपने-अपने क्षेत्र के बस स्टैंड के 500 मीटर के दायरे में धारा 144 लगा दी गई है।

आदेशों के अनुसार हड़ताल के दौरान कर्मचारी शांतिपूर्वक तरीके से अपना विरोध जाहिर करें और परिवहन सेवा में किसी प्रकार का अवरोध न करें। कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना, हम सबकी जिम्मेवारी है, इसलिए यह ध्यान रखें कि सार्वजनिक संपत्ति को किसी प्रकार का नुकसान न हो।

हड़ताल को लेकर सर्व कर्मचारी संघ एवं सीटू से जुड़े कर्मचारी संगठनों ने बैठक की।

हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन रजिस्टर्ड नंबर एक संबंधित सर्व कर्मचारी संघ सिरसा डिपो वरिष्ठ उपप्रधान और डबवाली सब डिपो प्रधान तथा कर्मचारी नेता पृथ्वी सिंह चाहर ने बताया कि निजीकरण व जनविरोधी नीतियों के खिलाफ होने वाली 28 व 29 मार्च को राष्ट्रव्यापी हड़ताल में सर्व कर्मचारी संघ व सीटू से संबंधित सभी विभागों के पदाधिकारियों द्वारा सभी ब्लॉकों में बैठक का आयोजन किया जा रहा है और राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए जन जन व गांव-गांव जाकर इसका प्रचार किया जा रहा है, ताकि सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ सरकार की आंखें खोली जा सके।

कर्मचारी नेताओं ने बताया कि न्यू पेंशन रद्द कर पुरानी पेंशन बहाल करने, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, सभी विभागों में खाली पड़े पदों को पक्की भर्ती करने आदि मांगों को लेकर 28 एवं 29 मार्च को राष्ट्रव्यापी हड़ताल में सर्व कर्मचारी संघ व सीटू से संबंधित सभी विभागों के कर्मचारी भाग लेंगे।

बैठक में केंद्रीय कमेटी के सदस्य एवं डबवाली ब्लॉक प्रधान सुभाष ढाल, अध्यापक संघ से जिला प्रधान गुरमीत सिंह, जिला प्रेस सचिव कृष्ण कुमार कायत, हरियाणा रोडवेज कर्मचारी नेता पृथ्वी सिंह चाहर, ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन से ब्लॉक प्रधान सोहन लाल भारूखेड़ा, सीटू से मिड डे मील जिला सचिव राजरानी, भवन निर्माण कामगार यूनियन से हेमराज सुथार, राजविंदर सिंह व पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट से देवानंद ने भाग लिया।

राष्ट्रव्यापी हड़ताल में मिड डे मिल वर्कर ने भी शिरकत करने का फैसला लिया है। मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन की जिला सचिव राजरानी ने बताया कि ब्लॉक चोपटा की वर्कर ने नाथूसरी चोपटा में देशव्यापी हड़ताल की तैयारी के लिए बैठक

की। राजरानी ने कहा है कि जब से भाजपा सरकार आई है, तब से किसान, मजदूर, कर्मचारी और आम जनता सभी को सड़कों पर लाकर खड़ा कर दिया।

# लाहुल स्पीति जिले में हिमपात से आवाजाही प्रभावित

एजेंसी

शिमला। हिमाचल प्रदेश के जनजातीय जिलों में बर्फबारी के कारण आवाजाही पर असर पड़ा।

लाहौल स्पीति में मनाली लेह मार्ग को खोलने का कार्य तीव्र गति से चलाया जा रहा है। जिला प्रशासन लाहुल स्पीति ने आम जनता और पर्यटकों से अपील की है कि अभी मनाली लेह मार्ग यातायात के लिए बहाल नहीं हुआ है। तब तक कोई भी इस मार्ग पर जाने का प्रयास न करें।

लाहौल स्पीति के जिलाधीश नीरज कुमार ने बताया कि बीआरओ के आला अधिकारियों के साथ बैठक की गई। बीआरओ तीव्र गति से मार्ग खोलने में लगा हुआ है, लेकिन अभी तक मार्ग बहाल नहीं हो पाया है। सरचू, बारालाचा में अभी कार्य चला है। जब भी मनाली लेह मार्ग खुल जाएगा तो स्वयं और एसपी इस मार्ग का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद ही आम जनता और वाहनों को जाने की अनुमति प्रदान की जाएगी। सभी पर्यटकों से आग्रह है कि फिलहाल उक्त मार्ग पर सफर न करें। टैक्सी चालकों से अभी आग्रह किया है कि पर्यटकों को इस मार्ग पर न जाने दें। पिछले 24 घंटों में लाहौल स्पीति के मुख्यालय केलांग में न्यूनतम तापमान शून्य से कम 0.8 डिग्री सेल्सियस रहा जबकि किन्नौर के कल्पा में 4.0 डिग्री दर्ज किया गया। इसके साथ ही शिमला में 11.8, सुंदरनगर में 10.1, भुंतर 7.6, धर्मशाला 16.4, उना में 13.4, नाहन 20.3, पालमपुर 12.0, मनाली 5.6, सोलन 10.0, कांगडा में 12.8, बिलासुपर 13.5, मंडी 11.1, हमीपुर 13.0, चंबा 10.7, डलहौजी 11.9, कुफरी 8.9, जुब्बड हट्टी 15.0 और पांवटा साहिब में 12.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है।

## शार्ट न्यूज

### यह दुखद है की महिला आयोग अध्यक्षा डयूसिब के आश्रय में 2 महिलाओं से बलात्कार की घटना को दबाता दिख रहा है : भाजपा प्रवक्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है की दिल्ली सरकार के डयूसिब विभाग के आश्रय केन्द्र में दो महिलाओं से बलात्कार के समाचार से दिल्ली स्तब्ध है। डयूसिब आश्रय केन्द्रों की दुर्दशा, वहाँ सी.सी.टी.वी. के अभाव आदि सभी चिंताजनक है पर उस सब से ज्यादा दुखद यह है की दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्षा सुश्री स्वाती मालीवाल इस शर्मनाक बलात्कार की घटना को दबाने मे दिल्ली सरकार का साथ दे रही हैं। सुश्री मालीवाल इस बलात्कार की घटना के प्रति कितनी गम्भीर हैं यह उनके पत्र से साफ है, आश्रय केन्द्रों को लेकर लिखे दो पन्ने के पत्र के लगभग अंत मे उन्होने बलात्कार की घटना का जिक्र किया है जो इसे दबाने के समान है। आश्रय के बुरे हाल के लिये सुश्री मालीवाल ने पत्र में डयूसिब अधिकारियों पर कार्रवाई की बात की है जो तर्कहीन है, लापरवाही के लियें कार्रवाई अगर हो तो डयूसिब से जुड़े दिल्ली सरकार के मंत्री पर हो।

### बिधूड़ी ने मुख्यमंत्री केजरीवाल के खिलाफ विशेषाधिकार उल्लंघन का नोटिस दिया

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर विधानसभा में असत्य बोलने का आरोप लगाते हुए विशेषाधिकार उल्लंघन का नोटिस दिया है। विधानसभा अध्यक्ष ने आश्वासन दिया है कि वह मामले की जांच करके अपनी व्यवस्था देंगे। बिधूड़ी ने अपने नोटिस में कहा है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 24 मार्च को सदन में उपराज्यपाल के अभिभाषण के जवाब में सदन को जानबूझ कर गुमराह किया। उन्होंने दावा किया कि दिल्ली की जीडीपी में 5 सालों में 50 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है और आज तक भारत में किसी राज्य में कभी इतनी बढ़ोतरी नहीं हुई। बिधूड़ी ने इस संबंध में रिजर्व बैंक की रिपोर्ट पेश की है जिसमें कहा गया है कि दिल्ली में सबसे कम जीडीपी ग्रोथ, आम आदमी पार्टी के कार्यकाल में हुई है। दिल्ली में 2007-08 से सात वर्षों तक (2013-14) जीडीपी में 147.6 फीसदी की बढ़ोतरी हुई, आम आदमी पार्टी के सात वर्ष, 2014-15 से 2021-22 तक, यह घटकर 67.7 प्रतिशत ही रह गई है। जहां तक पांच वर्षों में 50 प्रतिशत बढ़ने की बात कही गई है, 2014 से पहले तो दिल्ली में 3 वर्षों में हर वर्ष 50 फीसदी जीडीपी बढ़ जाती थी, जिसकी रफ्तार घटकर 5 वर्ष हो गई है। इसलिए मुख्यमंत्री पर विशेषाधिकार उल्लंघन की कार्यवाही की जाए।

### दलालों का जेब कतरों के मसले को लेकर फेस्टा मिलेगी उच्च अधिकारियों से



नई दिल्ली। सदर बाज़ार की न्यू कुतुब रोड चौधरी जय नारायण मार्केट में दीपक निम्भल द्वारा फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन की नव नियुक्त सदर बाजार की समस्याओं के लिए एक बैठक रखी गई जिसमें फेडरेशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा, अध्यक्ष राकेश यादव, कार्यवाहक अध्यक्ष चौधरी विजेंदर सिंह महासचिव, रजिंदर शर्मा व कमल कुमार सहित अनेक व्यापारियों ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर परमजीत सिंह पम्मा व राकेश यादव ने कहा हम जल्द ही दलालों व जेबकतरों के मसले को लेकर उच्च अधिकारियों से मुलाकात करेंगे क्योंकि इनके कारण सदर बाजार के दिन प्रतिदिन हालात खराब होते जा रहे हैं और साथ ही सदर बाजार की बदनामी भी हो रही है जिसको फेस्टा कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। रजिंदर शर्मा व कमल कुमार ने कहा बड़े दुख की बात है जो व्यापारी सदर बाजार दलालों के जरिए माल खरीदता है उसके बाद 10त्न माल भी नहीं पहुंचता और जो पूछता भी है वह भी कूड़ा करकट ही पहुंचता है। वहीं दूसरी ओर मार्केट के व्यापारियों महेश चंद गुप्ता, मुकेश गोयल, राजीव अजमेरा, संजय गोयल ने बताया कि मिठाई पुल से लेकर कुतुब रोड तक आए दिन जाम लगा रहता है जिसके कारण आने जाने में काफी मुश्किल का सामना करना पड़ता है।

### दिल्ली सरकार का 'रोजगार बजट' सिर्फ झूठ का पुलिंदा है : आदेश गुप्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल सरकार का बजट एक झूठ का पुलिंदा है। नए बजट में रोजगार देने का बड़े-बड़े दावें करने वाली केजरीवाल सरकार ने साल 2015 में 8 लाख रोजगार देने की बात कही थी, फिर 10 लाख रोजगार देने की बात कही गई और अब रोजगार देने की संख्या 20 लाख हो गई है लेकिन सच्चाई यह है कि अभी तक सिर्फ 440 रोजगार ही केजरीवाल सरकार दे पाई है जिसका जवाब केजरीवाल सरकार द्वारा ही एक आरटीआई के जवाब में दिया गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने बजट में आगामी वित्त वर्ष में 3062 करोड़ रुपये सामाजिक पेंशनों के लिए अवंटित करने की बात की गई है जबकि गत 2 वर्ष से दिल्ली वालों को सामाजिक पेंशन नहीं मिल रही और अवंटित राशि से लगभग दुगुनी राशि तो बकाया पेंशन बन गई है। उप मुख्य मंत्री मनीष सिसोदिया ने बजट मे इंफ्रास्ट्रक्चर के नाम पर फ्री बिजली वितरण का दायरा बढ़ाने एवं 20 प्रतिशत जल उत्पादन बढ़ाने का दावा किया है। वास्तविकता यह है की सरकार लोगों को यमुना पेयजल नही बोरिंग के कच्चे पानी की सप्लाई बढ़ा कर अपनी पीठ थपथपा रही है। श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि जहाँ तक फ्री बिजली वितरण बढाने की बात है यह केजरीवाल सरकार की वोट बैंक स्कीम है जिसका लाभ लगभग 20 प्रतिशत कनेक्शन धारियों को हो रहा है और इसकी कीमत महंगी बिजली दर एवं भारी शुल्क देने वाले दुकानदार, उधोग एवं मध्यम वर्ग के घरेलू उपभोक्ता चुका रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल शिक्षा के बड़े दावे करने वाली सरकार ने साईंस म्यूजियम एवं नये बोर्डिंग बनाने की बजट में बात की है जब कि वर्तमान में 75 प्रतिशत से अधिक स्कूलों में साईंस पढाने का प्रावधान ही नही। 745 स्कूलों में प्राध्यापक नहीं तो 415 में उपप्रधानाध्यापक नहीं हैं। दिल्ली सरकार के स्कूलों में लगभग 24000 स्कूल शिक्षकों के पद खाली हैं तो 22000 गेस्ट टीचर्स नियमितीकरण की बाट जोह रहे हैं। श्री गुप्ता ने कहा कि अगले वर्ष दिल्ली को 20 लाख रोजगार का वादा बजट मे है जबकि गत 7 साल में 7000 रोजगार देने मे भी केजरीवाल सरकार विफल रही है। केजरीवाल सरकार बजट मे कर्मचारी ऑडिट की बात कर रही है पर दिल्ली जल बोर्ड के लापता 60000 करोड़ रुपये का ऑडिट कराने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि डी.टी.सी. का बस बेड़ा खत्म कर चुकी दिल्ली सरकार बस टर्मिनलों को फूड हब बना कर जमीनों का पिछले दरवाज़े से निजीकरण करना चाह रही है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि दिल्ली सरकार का यह बजट आम लोगों एवं दिल्ली के संसाधनों से छलावा है।

### पुलिस पर उगाही का आरोप लगाया

ग्रेटर नोएडा। ट्रांसपोर्ट का काम करने वाले वाले कुछ व्यापारियों ने बीटा-2 थाना पुलिस पर निजी ठेकेदार रखकर उगाही का आरोप लगाया है। आरोप है कि गुरुवार को मिट्टी-रोड़ी से लदा एक वाहन पकड़कर 50 हजार रुपये लेकर छोड़ा गया। अब उन पर मंथली बांधने का दबाव बनाया जा रहा है। ट्रांसपोर्टर ने मामले की शिकायत डीसीपी से की है। डीसीपी ने मामले की जांच एसीपी-1 को सौंपी है। ट्रांसपोर्ट का काम करने वाले लोगों ने डीसीपी ग्रेटर नोएडा अमित कुमार से शिकायत की है। बताया कि वह सभी नियमों का पालन कर वाहन चलाते हैं। आरोप है कि कुछ निजी लोगों ने खुद को बीटा-2 थाना पुलिस का ठेकेदार बताकर उनका रोड़ी-मिट्टी से लदा एक वाहन पकड़ लिया। काफी प्रयास के बाद 50 हजार रुपये लेकर उनका वाहन छोड़ा गया।

# कौशल पुनरुत्थान डिजिटल विश्वविद्यालय की संकल्पना ही अपने आप मे एक अद्भुत विचार है : प्रो. बलदेव भाई शर्मा

## कौशल पुनरुत्थान डिजिटल विश्वविद्यालय युवाओं को स्वावलंबी बनाएगा : प्रो. पातंजलि

नई दिल्ली। कौशल पुनरुत्थान डिजिटल विश्वविद्यालय (DUSR) द्वारा Student Sevelopment Program Skill Development through Digital Education विषय पर ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया गया, इस व्याख्यान में देश के 4 राज्यों के छात्र एवं छात्राएँ सम्मिलित थे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुशाभाऊ ठाकरे राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय रायपुर के माननीय कुलपति प्रो. बलदेव भाई शर्मा जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में छ्रस्क्र से जुड़ा एक वीडियो प्रदर्शित किया गया जिसमें विश्वविद्यालय के भावी उद्देश्यों को दिखाया गया। कौशल पुनरुत्थान डिजिटल विश्वविद्यालय की संकल्पना और अवधारणा प्रस्तुत करते हुए विषय प्रवर्तन में महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग के वरिष्ठ आचार्य प्रो.अनिल कुमार राय ने कहा कि-कौशल पुनरुत्थान डिजिटल विश्वविद्यालय युवाओं एवं विद्यार्थियों में कौशल विकसित करने के लिए संकल्पित है। युवा अपने कौशल के माध्यम से राष्ट्र के निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित कर पाएं इसके लिए यह विश्वविद्यालय समर्पित है। प्रो.राय ने कहा कि आज का कार्यक्रम विद्यार्थियों का



उन्मुखीकरण करने के लिए आयोजित किया गया है उन्होंने छ्रस्क्र की उपयोगिता और महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में BG, भुवनेश्वर से जुड़ी वक्ता प्रियदर्शिनी पटनायक (डिजिटल मार्केटिंग विशेषज्ञ) ने बताया कि डिजिटल मार्केटिंग हम युवाओं के लिए कैसे लाभदायक है? इस विषय पर उन्होंने पी.पी.टी. के माध्यम से डिजिटल मार्केटिंग के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। तत्पश्चात कार्यक्रम की दूसरी वक्ता हरियाणा विश्वविद्यालय की सहायक प्रोफेसर डॉ.सुनीता भार्थवाल ने डिजिटल शिक्षा के माध्यम से कौशल विकास विषय पर अपनी बात रखी उन्होंने कहा कि हम इस शिक्षा के माध्यम से अपने अंदर कार्यबल तैयार करने के साथ-साथ समय की मांग के अनुरूप व्यावहारिक कौशल विकसित कर सकते हैं तथा वर्तमान जरूरत के हिसाब से अपनी प्रतिभा को तलाशने, निखारने एवं उसका विकास करने में सक्षम हो सकते हैं। वक्ता के रूप में केन्द्रीय विश्वविद्यालय मोतीहारी, बिहार के प्रोफेसर डॉ. पवनेश कुमार ने कहा कि अब तक विश्विद्यालय ज्ञान के लिए काम करते थे लेकिन यह विश्वविद्यालय कौशल आधारित कार्य कर रहा है। अगर हमें देश को आत्मनिर्भर बनाना है तो हमें नौकरी देने वाले युवा तैयार करने होंगे। अगले वक्ता के रूप में मोबाइल पत्रकारिता के विशेषज्ञ दिल्ली विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर सुधीर कुमार रिनटन जी ने डिजिटल विश्विद्यालय की जरूरत पर अपनी बात रखते हुए मोबाइल पत्रकारिता के बारे में विस्तार से अपनी बात रखी।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता पधारे आदरणीय कुलपति प्रो.बलदेव भाई शर्मा ने कहा कि आज की शिक्षा में वैल्यू एडिशन की आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं से आव्हान किया कि वे नौकरी पाने वाले की चाह न रखें बल्कि नौकरी देने वाले बनें। प्रो.शर्मा ने कहा कि शिक्षा रोजगार भी नहीं दे सकती तो फिर किस काम की। छ्रस्क्रभविष्य में रोजगार की नई संभावनाओं को सुगम बनाएगा।

इस ऑनलाइन कार्यक्रम के अध्यक्ष औरकौशल पुनरुत्थान डिजिटल विश्वविद्यालय के यशस्वी कुलपति आदरणीय प्रो. पी.सी पातंजलि ने कार्यक्रम में अपनी बात रखते हुए कहा कि कौशल पुनरुत्थान डिजिटल विश्वविद्यालय के माध्यम से उच्च शिक्षा व्यक्ति के घर तक पहुँच चुकी है इसलिए मैं कहूँगा कि यह विश्वविद्यालय व्यक्ति व समाज की स्थायी संपत्ति है प्रो.पातंजलि ने कहा कि युवा भारत, सक्षम भारत और स्वालंबी भारत बनाना जिसका अर्थ है वह स्वयं के लिए ही नहीं बल्कि दूसरों के लिए भी है। आज का युवा कौशल पुनरुत्थान डिजिटल विश्वविद्यालय के माध्यम से शिक्षा ग्रहण कर अपने आप को स्वालंबी बना सकते हैं और समाज में अपनी भूमिका सुनिश्चित कर सकते हैं। प्रो. पातंजालि ने कहा कि छ्रस्क्रके माध्यम से आज का युवा सार्थक शिक्षा ग्रहण करते हुए स्वयं के साथ-साथ समाज व राष्ट्र के निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करेगा उन्होंने कहा कि छ्रस्क्रभारत को विश्वगुरु बनाने का एक नया प्लेटफॉर्म है। कार्यक्रम के अंत में डॉ.भोलानाथ मिश्र ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़े सभी विद्वानों एवं आभासी पटल से जुड़े सभी लोगो का आभार व्यक्त किया। बता दें कि कार्यक्रम का संचालन श्री रवि प्रकाश जी ने किया।

क्या है कौशल पुनरुत्थान डिजिटल विश्वविद्यालय

कौशल पुनरुत्थान डिजिटल विश्वविद्यालय (एक आभासी मेटा विश्वविद्यालय) गैर सरकारी संगठन-सामाजिक विकास एवं शोध संस्था की एक इकाई है जो वर्ष 2002-03 में संस्था पंजीकरण अधिनियम 1860 के अंतर्गत पंजीकृत है। कौशल पुनरुत्थान डिजिटल विश्वविद्यालय (Digital University of Skill Resurgence) ऑनलाइन माध्यम से संचालित एक आभासी मेटा विश्वविद्यालय है जो युवाओं में व्यावसायिक कौशल विकसित करने, व्यावसायिक उद्यमी नागरिकों में व्याप्त कौशल को अद्यतन करने तथा भारतीय ज्ञान पद्धति, जीवन मूल्य और कौशल विकास को केंद्रीभूत करके कार्य करने के लिए संकल्पित है। कौशल पुनरुत्थान डिजिटल विश्वविद्यालय शैक्षिक तकनीक को आत्मसात करके मानव जीवन व्यवहार के सभी प्रमुख आयामों पर केंद्रित व्यावहारिक- व्यावसायिक शिक्षण प्रशिक्षण को प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# लगातार बढ़ रही महंगाई के पीछे कोई और कारण नहीं, बल्कि सरकार का लालच ही है : श्रीनिवास बी वी

## बढ़ती महंगाई, पेट्रोल डीजल और गैस सिलेंडर की कीमतों के खिलाफ भारतीय युवा कांग्रेस का पेट्रोलियम मंत्री के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन






नई दिल्ली। भारतीय युवा कांग्रेस ने आज राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्रीनिवास बी वी जी के नेतृत्व में बढ़ती मंहगाई, पेट्रोल डीजल और गैस सिलेंडर की कीमतों के खिलाफ पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पूरी के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्रीनिवास बी वी जी ने कहा कि पेट्रोल, डीजल, गैस सिलेंडर की कीमतों में कमर तोड़ वृद्धि हुई है। भाजपाई जीत के साथ मोदी जी द्वारा लाए 'महंगे दिन' वापस आ गए। चुनावों तक अल्पविराम था, भाजपा को जीत का आराम मिलते ही फ़िर महंगाई ने जनता का जीना हराम कर दिया है।

भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्रीनिवास बी वी जी ने कहा कि पेट्रोल, डीज़ल और गैस सिलेंडर के नाम पर होने वाली सरकारी लूट हर हाल में बंद होनी चाहिए। देशवासी पहले से ही हजारों समस्याओं से जूझ रहे हैं। ऐसे में राहत देने की जगह सरकार जनता को महंगाई की चक्की में फंसा कर पीस रही है। %चुनावजीवी सरकार% को शर्म आनी चाहिए। एक दौर था जब मोदी जी को जनता की बड़ी फिक्र लगी रहती थी, तेल के दामों में हुई थोड़ी सी भी वृद्धि से वह पूरी तरह तिलमिला जाते थे। प्रधानमंत्री बनने के बाद उनकी सोच पूरी तरह से बदल गई है। अब तेल के दामों में बेतहाशा वृद्धि भी उन्हें परेशान नहीं करती है। आम आदमी की जिंदगी महंगाई के दलदल में फंसकर लगातार मुश्किल होती जा रही है। जनता को तो फर्क पड़ रहा है, लेकिन भाजपा को नहीं। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्रीनिवास बी वी जी ने यह भी कहा कि चुनावजीवी सरकार का खेल जनता अच्छे से समझ रही है। देश में महंगाई बेकाबू है, क्योंकि सरकार की मंशा और नीयत साफ नहीं है। सिर्फ चुनाव ही वह वक्त होता है, जब सरकार कुछ समय के लिए शांत रहती है।

बाकी समय में महंगाई का झटका चालू हो जाता है। झूठ, फरेब और धोखे की बुनियाद पर खड़ी भाजपा सरकार अपने आखिरी दिन गिन रही है। भाजपाइयों का फरेब जनता के सामने खुलकर आ गया है। देश की जनता चीख चीख के कह रही है लौटा दो वो सच्चे-सस्ते दिन नहीं चाहिए जुमलों वाले अच्छे दिन।

भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी राहुल राव ने कहा कि पिछले कुछ सालों के दौरान जनता की कमाई में भारी कमी आई है जबकि महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। यह सब कुछ नहीं हो रहा है, क्योंकि सरकार अपना खजाना भरने में लगी हुई है। तेल की कीमतों के नाम पर हो रही सरकारी वसूली हर हाल में बंद होनी चाहिए।

प्रदर्शन में भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी राहुल राव, राष्ट्रीय सचिव और दिल्ली सह प्रभारी खुशबू शर्मा, राष्ट्रीय सचिव मुकेश कुमार, अजय चिकारा, एकता ठाकुर, मंजू भरत तोंगड़, दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष रणविजय सिंह लोचव, हरियाणा युवा कांग्रेस अध्यक्ष दिव्यांशु बुधिराजा समेत अनेकों युवा कांग्रेस कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

### राहुल गांधी जी की सोच के अनुरूप 'यंग इंडिया के बोल' एक ऐसा मंच है जिसमें कोई भी युवा अपनी राजनीतिक हिस्सेदारी सुनिश्चित कर सकता है : श्रीनिवास बी वी

नई दिल्ली। भारतीय युवा कांग्रेस की भाषण प्रतियोगिता यंग इंडिया के बोल कार्यक्रम की पुन: शुरुवात आज भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यालय में हुई। इस कार्यक्रम के बारे में विस्तार रूप से भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्रीनिवास बी वी जी ने पत्रकारों के समक्ष अपनी बात रखी। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी जी ने कहा, हमारे नेता राहुल गांधी जी की सोच के अनुरूप 'यंग इंडिया के बोल' भाषण प्रतियोगिता एक ऐसा मंच है जिसमें भाग लेकर कोई भी युवा अपनी राजनीतिक हिस्सेदारी सुनिश्चित कर सकता है। देश भर में मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों को लेकर युवा गुस्से में है और युवा कांग्रेस ऐसे बेबाक़ और निडर युवाओं को मंच प्रदान करती है। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्रीनिवास बी वी जी ने यह भी कहा कि किसी भी संगठन के विचारों, नीतियों एवं कार्यक्रमों को जनता के समक्ष रखने में प्रवक्ताओं की अहम भूमिका होती है और यंग इंडिया के बोल एक माध्यम है देशभर में जन सरोकार के मुद्दों को उठाने का। युवा देश का भविष्य भी है और वर्तमान भी। युवाओं की आवाज देश की आवाज है। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी राहुल राव ने यंग इंडिया के बोल प्रतियोगिता कार्यक्रम के बारे में बताते हुए कहा कि यंग इंडिया के बोल के दूसरे अध्याय की शुरुवात आज भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्रीनिवास बी वी जी द्वारा की गई, यंग इंडिया के बोल के पिछले सत्र में देश भर से लगभग 8000 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसका ग्रेंड फाइनल 21, 22 व 23 नवम्बर को युवा कांग्रेस मुख्यालय पर सम्पन्न हुआ। जिसमें 27 फाइनलिस्ट प्रतिभागियों को राष्ट्रीय प्रवक्ता के तौर पर जिम्मेदारी दी गई और 150 से अधिक प्रतिभागियों को विभिन्न प्रदेशों में जिम्मेदारी दी गयी। इस सत्र में एंट्री के लिए ।झ्स्रुद्धश्हद्ध का लिंक (जो कि पोस्टर पर भी दिया गया है) से एंट्री फॉर्म भरा जा सकता है। फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 31 मई 2022 है। विधानसभा व जिला मुख्यालयों पर 1 जून से 31 जुलाई 2022 के मध्य प्रतियोगिता सम्पन्न होगी। इसके पश्चात1अगस्त से 20 सितंबर 2022 के मध्य में प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता सभी प्रदेशो के राजधानी मुख्यालयों पर सम्पन्न होगी। ततपश्चात 30 सितंबर, 1 अक्टूबर व 2 अक्टूबर 2022 को नई दिल्ली स्थित भारतिय युवा कांग्रेस मुख्यालय को राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता सम्पन्न होगी। इस दौरान भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी राहुल राव, दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष रणविजय सिंह लोचव, राष्ट्रीय प्रवक्ता विवेक मेहता, शक्ति सिंह, इफ्तिकार अहमद, पराग शर्मा और नेहा चौहान उपस्थित रहे।

### किशोरी की मौत के मामले में हंगामा

नोएडा। लोटस बुलेवर्ड सोसाइटी में बीते 19 मार्च को एक किशोरी की आठवीं मंजिल से गिरकर संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। इस मामले में किशोरी के परिजनों ने अधिवक्ता के परिवार पर किशोरी के साथ दुष्कर्म कर हत्या करने का आरोप लगाया था। शनिवार को मृतका किशोरी के परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सेक्टर 108 पुलिस कमिश्नर कार्यालय के पास सड़क पर धरना दिया और हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दो घंटे की मशक्कत के बाद परिजनों को समझाकर शांत किया। बता दें कि मूल रूप से बुलंदशहर निवासी एक किशोरी नोएडा के सेक्टर-107 स्थित लोटस बुलवर्ड सोसायटी में रहने एक अधिवक्ता के घर पर घरेलू सहायिका थी। 19 मार्च को किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में आठवी मंजिल से गिरकर मौत हो गई थी। इस मामले में 23 मार्च को परिजनों की तहरीर पर सेक्टर-39 थाना पुलिस ने अधिवक्ता सहित चार लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज की थी। इस मामले में आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग को लेकर शनिवार को परिजन कंटर में सवार होकर पहले सेक्टर- 107 स्थित सोसायटी के बाहर पहुंचे और हंगामा किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उनको समझाया और वापस बुलंदशहर जाने के लिए कहा। इसके बाद भी परिजन और उनके साथ आए लोग सेक्टर-108 स्थित कमिश्नर कार्यालय पर धरने-प्रदर्शन के लिए जाने लगे।

# प्रवासी देशों में राम विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का होगा आयोजन

## केरल के राज्यपाल आरिफ़ मोहम्मद ख़ान होंगे मुख्य अतिथि

नई दिल्ली। अयोध्या शोध संस्थान, भारतीय जन संचार संस्थान एवं भोजपुरी संगम के संयुक्त तत्वावधान में 27-28 मार्च, 2022 को प्रवासी देशों में राम विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केरल के राज्यपाल श्री आरिफ़ मोहम्मद ख़ान होंगे। समारोह की अध्यक्षता आईआईएमसी के महानिदेशक प्रो. संजय द्विवेदी करेंगे। संगोष्ठी का आयोजन भारतीय जन संचार संस्थान में किया जाएगा।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भोजपुरी संगम के संपादक श्री अजीत सिंह ने बताया कि संगोष्ठी का शुभारंभ 27 मार्च को प्रात 11 बजे होगा। इस सत्र में प्रसिद्ध लाइफ कोच एवं उत्कर्ष अकादमी, कानपुर के निदेशक डॉ. प्रदीप दीक्षित एवं भोजपुरी स्पीकिंग यूनियन, मॉरीशस गणराज्य की चेयरमैन डॉ. सरिता बुद्धू मुख्य वक्ता के तौर पर शामिल होंगे। संगोष्ठी का प्रथम सत्र दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस सत्र के मुख्य अतिथि केंद्रीय संसदीय कार्य एवं संस्कृति राज्य मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल होंगे। सत्र की अध्यक्षता एन.सी.ई.आर.टी. के महानिदेशक प्रो. प्रमोद दुबे करेंगे। उत्तर प्रदेश के अपर श्रमायुक्त (सेवानिवृत्त) श्री बी. के. राय एवं वरिष्ठ पत्रकार श्री विनोद अग्निहोत्री इस सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे।

श्री सिंह के अनुसार संगोष्ठी के दूसरे दिन प्रात: 11 बजे से आयोजित होने वाले सत्र में भारतीय लोक प्रशासन संस्थान के महानिदेशक श्री सुरेन्द्र नाथ त्रिपाठी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस सत्र की अध्यक्षता भारतीय विकास परिषद के संगठन मंत्री श्री सुरेश जैन करेंगे। अंतरराष्ट्रीय कथावाचक श्री कृष्णकांत द्विवेदी एवं श्री श्री रुकमणि द्वारकाधीश मंदिर, दिल्ली के अध्यक्ष अमोघ लीला दास मुख्य वक्ता के तौर पर शामिल होंगे। संगोष्ठी के समापन सत्र में दोपहर 2 बजे से राम रस कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस कवि सम्मेलन के मुख्य अतिथि एन. जी. टी., नई दिल्ली के चैयरमैन जस्टिस आदर्श गोयल होंगे एवं ओ. एन. जी. सी., नई दिल्ली के मुख्य महाप्रबंधक श्री शिवेंद्र दत्त शुक्ला विशिष्ट अतिथि के रूप में हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम में देश के प्रसिद्ध कवि श्री शंभू शिखर, श्री अमन अक्षर, डॉ. श्लेष गौतम, डॉ. रुचि चतुर्वेदी, श्री मनोज भावुक, डॉ. पूजा कौशिक एवं श्री अनूप पांडेय हिस्सा लेंगे।

# 'आप' और कांग्रेस के कई नेता अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में हुए शामिल

### 'आप' के नेताओं के झूठ एवं नीतियों से तंग आ चुके हैं पार्टी कार्यकर्ता : हर्ष मल्होत्रा

### निगम एकीकरण के बाद केजरीवाल की दिल्ली को स्लम बनाने की साजिश नाकाम हो चुकी है : दिनेश प्रताप सिंह



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री श्री हर्ष मल्होत्रा एवं श्री दिनेश प्रताप सिंह की उपस्थिति में आज आम आदमी पार्टी, कांग्रेस एवं एआईएमआईएम के नेता अपने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा में शामिल हुए। इस मौके पर श्री हर्ष मल्होत्रा ने सभी का भाजपा परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि आज आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता अपने नेताओं के झूठ एवं गलत नीतियों से तंग आ चुके हैं और उसी का नतीजा है कि सभी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। इस मौके पर प्रदेश भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष श्री कारी मोहम्मद हारुन एवं मोर्चा महामंत्री श्री बिलाल जैदी मौजूद थे।

मल्होत्रा ने कहा कि आज आम आदमी पार्टी एक 'खास आदमी पार्टी' बन गई है और इसी कारण केजरीवाल के अपने लोग भी आज उनका साथ छोड़कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। झूठ बोलना जैसे आम आदमी पार्टी के नेताओं की रोजमर्रा की आदत हो गई है। बजट सत्र के दौरान जिस तरह से उन्होंने झूठ का पुलिंदा बांधा है और रोजगार पर झूठ बोला है, उसकी सच्चाई पूरी दिल्ली जानती है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल दिल्ली को बेवकूफ बनाने का काम कर रहे हैं। दिल्लीवासियों को तो इस बात का एहसास हो गया है लेकिन अब आम आदमी पार्टी के नेताओं को भी इस बात की अनुभूति हो रही है।

दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि केजरीवाल सरकार नई स्कूल बस लाने एवं स्कूलों में स्वीमिंग पूल बनाने का करोड़ों रुपये का विज्ञापन देने का काम कर रही है जबकि जमीनी स्तर पर कुछ दिखाई नहीं दे रहा है। विज्ञापन के माध्यम से वे जनता को बताना चाहते हैं कि दिल्ली में विकास हुआ है, लेकिन हकीकत यह है कि आज दिल्ली पूरी तरह से स्लम बनती जा रही है। उन्होंने कहा कि निगम एकीकरण के बाद केजरीवाल की दिल्ली को स्लम बनाने की साजिश नाकाम हो चुकी है। एक बार फिर से विधानसभा में केजरीवाल सरकार द्वारा यमुना सफाई को लेकर झूठ बोला गया कि यमुना अगले दो सालों से साफ कर दी जाएगी। आज आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं को ही अपनी पार्टी से भरोसा नहीं है।

आज भाजपा में की सदस्यता लेने वालों में कांग्रेस के जिला महामंत्री मो हारुन, आप नेता आसिफ सिकंदर, आप के वार्ड अध्यक्ष शफिक भाई, एआईएमआईएम से आमिर मियां, आमान वारसी एवं इन्तेजार सहित अन्य लोग शामिल थे।

## संपादकीय

### कुमाऊं, जाट, राजपूत तो फिर अहीर रेजीमेंट पर आपत्ति क्यों?

कबीर दास जी ने कहा था कि जाती न पूछो साधू की, पूछ लीजिये ज्ञान, मोल करो तलवार का, पड़ा रहने दो म्यान। साधु से उसकी जाति मत पूछो बल्कि उनसे ज्ञान की बातें करिये, उनसे ज्ञान लीजिए। मोल करना है तो तलवार का करो म्यान को पड़ी रहने दो। इसलिए साधू से कभी उसकी जाति नहीं पूछी जाती। लेकिन कबीर दास जी का कहा अगर हमारे देश के सभी लोग आत्मसाध करने जैसी चीजें बेमानी है। अहीर समुदाय के सदस्यों के आंदोलन ने बीते दिनों दिल्ली-गुड़गांव राजमार्ग के छह किलोमीटर लंबे मार्ग पर यातायात बाधित कर दिया। भारतीय सेना में अहीर रेजिमेंट की मांग को लेकर प्रदर्शनकारी 4 फरवरी से गुड़गांव में खेरकी दौला टोल प्लाजा के पास डेरा डाले हुए हैं। लेकिन ये नजारा बस हरियाणा का ही नहीं है मध्य प्रदेश से भी अहीर रेजीमेंट के गठन की मांग उठने लगी है। भारतीय सेना में अहीर रेजीमेंट बनाने की मांग ने अचानक जोड़ पकड़ लिया है। ऐसे में आइए जानते हैं कि आखिर ऐसा हुआ क्या कि इंडियन आर्मी में रेजीमेंट को लेकर बहस शुरू हो गई।

अहिरवाल क्षेत्र, जिसमें रेवाड़ी, महेंद्रगढ़ और गुड़गांव के दक्षिणी हरियाणा जिले शामिल हैं। 1857 की क्रांति में राव तुला राम, राव गोपाल देव व राव किशन सिंह के नेतृत्व में नसीबपुर नारनौल के मैदान में अंग्रेजों से दो-दो हाथ करते हुए 5000 वीर अहीरों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। पारंपरिक रूप से बड़ी संख्या में भारतीय सेना में सैनिकों का योगदान दिया है। इस क्षेत्र में अहीर रेजीमेंट के निर्माण के लिए सबसे अधिक शोर-शराबा देखा गया है, हालांकि अहीर की बड़ी आबादी वाले अन्य राज्यों में भी इसकी मांग उठाई गई है। 1962 में रेजांग ला की लड़ाई में हरियाणा के अहीर सैनिकों की बहादुरी की कहानी के बाद समुदाय को राष्ट्रीय सुर्खियों में ला दिया था। कुमाऊं रेजीमेंट की 13वीं बटालियन के सी कंपनी के अधिकांश सैनिक चीनी हमले से लड़ते हुए मारे गए, लेकिन चुशुल के लिए दुश्मन की बढ़त को खत्म कर दिया था। समुदाय के सदस्यों ने लंबे समय से तर्क दिया है कि अहीर उनके नाम पर एक पूर्ण इन्फेंट्री रेजिमेंट के लायक हैं, न कि कुमाऊं रेजिमेंट में केवल दो बटालियन।

भारतीय सेना में विभिन्न रेजिमेंटों में अहीरों की भर्ती की जाती है, जिसमें निश्चित वर्ग रेजिमेंट (निश्चित संख्या में एक या अधिक जातियां) जैसे कुमाऊं, जाट, राजपूत, और मिश्रित वर्ग रेजिमेंट (सभी जातियों की) जैसे ब्रिगेड ऑफ द गार्ड्स या पैराशूट रेजिमेंट शामिल हैं। अहीरों को शुरू में 19 हैदराबाद रेजिमेंट में बड़ी संख्या में भर्ती किया गया था। इस रेजिमेंट ने पहले मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश के राजपूतों और अन्य जातियों के बीच दक्कन के पठार से मुसलमानों की भर्ती की थी।

## कश्मीर फाइल्स ने सच उजागर किया तो सेकुलर गैंग में मच गयी दहशत




मृत्युंजय दीक्षित

कोरोना महामारी का दौर हल्का हो जाने के बाद भारतीय फिल्म उद्योग जगत में भी हलचल दिखायी पड़ने लगी है। विगत दो वर्षों से कोई भी फिल्म थिएटर में रिलीज नहीं हो पा रही थी, अब सिनेमा जगत की रौनक लौट रही है और फ़िल्में बड़े पर्दे पर रिलीज़ हो रही हैं, दर्शक भी सिनेमा घरों में वापस आ गये हैं। 11 मार्च को देशभर के कुछ ही सिनेमाघरों में रिलीज हुई द कश्मीर फाईल्स अब बहुत बड़ी फिल्म बन चुकी है। विश्वव्यापी प्रशंसा के साथ-साथ फिल्म ने कमाई का नया रिकॉर्ड भी बना लिया है। यह फिल्म कश्मीर में हिंदुओं पर पर हुए भीषणतम अत्याचारों की मार्मिक कहानी है। फिल्म ने एक ऐसा सच उजागर कर दिया है जिसे आज तक पूरी ताकत के साथ छुपाया जाता रहा है लेकिन कहा जाता है कि सत्य को बहुत दिनों तक छुपाया नहीं जा सकता और वह एक न दिन बाहर आ ही जाता है। द कश्मीर फाईल्स ने वही काम कर दिखाया है।

विवेक अग्निहोत्री की यह फिल्म देखने के लिये पूरा देश सिनेमाघरों की ओर उमड़ पड़ा है। फिल्म ने अपनी लागत से 20 गुना कमाई करने वाली फिल्म जय संतोषी मां का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। यह फिल्म अब बहुत तेजी से लोकप्रियता का शिखर छू रही है और दूसरी आने वाली फिल्मों पर भी दबाव बन गया है। द कश्मीर फाईल्स ने सिनेमा जगत के लिये एक लकीर खींच दी है। जो सेकुलर मीडिया जमात इन हृदय विदारक घटनाओं पर मौन हो थी अब उसी को फिल्म और कश्मीर की घटनाओं पर घंटों चर्चा करनी पड़ रही है।

अब मीडिया कश्मीर में पंडितों के साथ घटी घटनाओं का सच खोज रहा है और उसे दिखाने का साहस भी जुटा पाया है नहीं तो अभी तक यही धारणा थी कि कश्मीर में कुछ हुआ ही नहीं और सभी कश्मीरी पंडित तो अपनी स्वेच्छा से पलायन कर गये। लेकिन अब सच उजागर हो चुका है। फिल्म के दृश्यों को देखकर आँखों में आंसू भी आ रहे हैं और सवाल भी कि आखिर उस समय जो अत्याचार हो रहे थे उस समय की सरकारों ने कार्यवाही क्यों नहीं की?

आज कश्मीर फाईल्स का विरोध वही लोग विरोध कर रहे हैं जो लोग अब तक यह छुपाते रहे हैं और अपनी राजनैतिक रोटियां सेकते रहे हैं। आज इस फिल्म को देशव्यापी भारी जनसमर्थन मिल रहा है और फिल्म के माध्यम से राष्ट्रवाद की एक नयी बयार चल पड़ी है।

बहुत से लोग पूरा का पूरा सिनेमाघर ही बुक कराकर लोगों को दिखाने के लिए ले जा रहे हैं। सिनेमाघरों में शो के दौरान भारतमाता की जय, वंदेमातरम और जयश्रीराम के नारे लग रहे हैं। लोग अपने पूरे परिवार के साथ यह फिल्म देख रहे हैं और पंडितों के कश्मीर से पलायन के कारण समझ रहे हैं। युवा, महिलाएं, बुजुर्ग समाज के हर वर्ग के लोग यह फिल्म देखने के लिए समय निकाल रहे हैं और दूसरे लोगों को प्रेरित भी कर रहे हैं। एक प्रकार से यह फिल्म जनमानस की फिल्म बन गयी है जिसे फिल्म इतिहास के पन्नों में याद रखा जायेगा। फिल्म की लोकप्रियता ने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिये हैं। कई राज्यों ने जनता को सच दिखाने के लिए फिल्म को को टैक्स फ्री कर दिया है।

कुछ लोग इस सच से बौखला गए हैं और विरोध के लिए हिंसा का सहारा ले रहे हैं। कई जगहों पर फिल्म देखकर लौट रहे लोगों पर जानलेवा हमले किये गये हैं। बंगाल में भाजपा सांसद जगन्नाथ सरकार पर कातिलाना हमला किया गया।

ऐसी रिपोर्टें देखने को मिली हैं कि कई जगहों पर मुस्लिम समुदाय के लोग फिल्म देखकर लौट रहे लोगों पर बमों से हमला कर रहे हैं।

# रोजगार के अवसर बढ़ाने और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए संघ का आर्थिक मॉडल अपनाना होगा



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक मोहन भागवत ने कर्णावती के अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की 11-13 मार्च 2022 की बैठक में देश में एक ऐसा आर्थिक मॉडल विकसित करने हेतु आग्रह किया है जिसके अंतर्गत मजबूत ग्रामीण अर्थव्यवस्था के साथ-साथ रोजगार के अधिक अवसर निर्मित हो सके। जिससे कुटीर एवं लघु उद्योगों का ग्रामीण इलाकों में विस्तार किया जा सके। संघ के ये स्वावलम्बी एवं आत्मनिर्भर अर्थतंत्र के ये विचार, दर्शन, कार्यक्रम एवं इतिहास प्रारंभ से ही सशक्त एवं सुदृढ़ राष्ट्र-निर्माण का आधार रहे हैं। संघ का भारत की आजादी एवं इसके नवनिर्माण में अभूतपूर्व योगदान रहा है और अब भारत को समग्र दृष्टि से विकसित करने के लिये संघ प्रयासरत है, जो एक सुखद आश्चर्य का विषय है, जिस पर समग्र राष्ट्र को बिना किसी आग्रह, पूर्वाग्रह एवं दुराग्रह के आगे बढ़ना चाहिए।

संघ का स्पष्ट मतव्य है कि मानव केंद्रित, पर्यावरण के अनुकूल, श्रम प्रधान तथा विकेंद्रीकरण एवं लाभांश का न्यायसंगत वितरण करने वाले भारतीय आर्थिक मॉडल को विकसित किया जाना चाहिए, ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था, सूक्ष्म उद्योग, लघु उद्योग और कृषि आधारित उद्योगों को विकसित करते हुए भारत की अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर एवं स्वावलम्बी बनाया जा सके। ग्रामीण रोजगार, असंगठित क्षेत्र एवं महिलाओं के रोजगार और अर्थव्यवस्था में उनकी समग्र भागीदारी जैसे क्षेत्रों को बढ़ावा देना संघ के इस आर्थिक सोच का उद्देश्य है। संघ चाहता है कि देश की सामाजिक परिस्थितियों के अनुरूप नई तकनीकी तथा कौशल विकास को अंगीकार करके आर्थिक क्षेत्र में नये उजाले किये जाए।

संघ का नया आर्थिक मॉडल माध्यम है एक सशक्त भारत के निर्माण को प्रभावी प्रस्तुति देने का। यह एक दस्तक है, एक आह्वान है जिससे न केवल सशक्त भारत का निर्माण होगा, बल्कि इस अनूठे काम में लगे संघ और उसके आर्थिक मॉडल से भारत के असंख्य युवाओं की आर्थिक समस्याओं एवं बेरोजगारी की समस्या से मुक्ति मिल सकेगी। बदलती आर्थिक तथा तकनीकी परिदृश्य की वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए भी हम सभी को मिलकर सामाजिक स्तर पर नवोन्मेषी पद्धतियां ढूंढ़ने की आवश्यकता है। उभरती डिजिटल अर्थव्यवस्था एवं निर्यात की संभावनाओं से उत्पन्न रोजगार और उद्यमिता के अवसरों का गहन अन्वेषण भी किया जाना चाहिए। इन्हीं सब जरूरतों को ध्यान में रखते हुए संघ ने नये आर्थिक मॉडल पर गहन चिन्तन-मंथन किया है।

भारत को सशक्त राष्ट्र बनाने, भारतीय संस्कृति को समृद्ध एवं शक्तिशाली बनाने के लक्ष्य के साथ 27 सितंबर 1925 को विजयदशमी के दिन संघ की स्थापना की गई थी। 2025 में यह संगठन 100 साल का हो जाएगा। नागपुर के अखाड़ों से तैयार हुआ संघ मौजूदा समय में विराट रूप ले चुका है। इसके इसी विराट स्वरूप का एक चरण है उसका स्वतंत्र आर्थिक चिन्तन एवं मॉडल। इसमें राष्ट्रीयता एवं भारतीयता की शुभता की आहट सुनाई देती है। संघ के प्रति लोगों की सोच बदलनी चाहिए क्योंकि इसकी सच्चाइयों एवं वास्तविकताओं को अब तक बिना जाने-समझे एवं तथाकथित पूर्वाग्रहों-दुराग्रहों के चलते एक खास खांचे में फिट करके देखते रहे हैं। एक सामाजिक-सांस्कृतिक-राष्ट्रीय संगठन के रूप में संघ देश और शायद दुनिया का सबसे विशाल संगठन है। जिसने हमेशा नई लकीरें खींची हैं, एक नई सुबह का अहसास कराया है। संघ शोषण और स्वार्थ रहित समाज चाहता है। संघ ऐसा समाज चाहता है जिसमें सभी लोग समान हों। समाज में कोई भेदभाव न हो। दूसरों के अस्तित्व के प्रति संवेदनशीलता आदर्श जीवनशैली का आधार तत्व है और संघ इसे प्रश्रय देता है।

इसके बिना अखण्ड राष्ट्रीयता एवं समतामूलक समाज की स्थापना संभव ही नहीं है। जब तक व्यक्ति अपने अस्तित्व की तरह दूसरे के अस्तित्व को अपनी सहमति नहीं देगा, तब तक वह उसके प्रति संवेदनशील नहीं बन पाएगा। जिस देश और संस्कृति में संवेदनशीलता का स्रोत सूख जाता है, वहाँ मानवीय रिश्तों में लिजलिजापन आने लगता है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एक विचारधारा है, एक संस्कृति है, एक आन्दोलन है, एक मिशन है, इसलिये उसके बेरोजगारी दूर करने एवं स्वावलम्बन के नवीन उद्घोष का राष्ट्र निर्माण में अपूर्व योगदान हो सकता है। बात केवल आजादी में योगदान की ही नहीं है, बल्कि भारत को सशक्त एवं स्वावलम्बन बनाने की भी है। 1925 से 1940 तक स्वतंत्रता आंदोलन का सहयोग करते हुए डॉ. हेडगेवार ने स्वयंसेवक बनाने पर ध्यान दिया, उनका मानना था कि स्वयंसेवक आजादी के सिपाही के रूप में खड़े होंगे और वे हुए भी। 1940 तक संघ का सांगठनिक आधार देश भर में काफी व्यापक हो चुका था, जिसे उनके बाद गुरुजी गोलवलकर ने वैचारिक सुदृढ़ता प्रदान की। अब संघ को विस्तार देते हुए एवं उसकी ताकत को लगातार बढ़ाते हुए मोहन भागवत आर्थिक मजबूती एवं स्वावलम्बन पर सार्थक चिन्तन कर रहे हैं।

संघ को राष्ट्र की चिंता है, उसके अनुरूप उसकी मानसिकता को दर्शाने वाले इस नवीन स्वावलम्बन उद्घोष से निश्चित ही भारत के भविष्य की दिशाएं तय होंगी। संघ की दिलचस्पी राजनीति में कम और राष्ट्रनीति में अधिक है। उन्होंने समाज निर्माण को अपना एक मात्र लक्ष्य बताया। संघ का हिंदुत्व सब को जोड़ता है, स्वावलम्बी एवं आत्मनिर्भर बनाता है। संघ एक पद्धति है जो व्यक्ति एवं समाज में आर्थिक संतुलन का निर्माण करती है। प्रत्येक गांव और गली में ऐसे स्वयंसेवक खड़े करना संघ का काम है, जो सबको समान नजर से देखता हो, जो स्वयं आत्मनिर्भर एवं स्वावलम्बी होकर दूसरों को स्वावलम्बी बनाये।

संघ ने अपने प्रस्ताव में भारतीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए समग्र विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु नागरिकों से रोजगार सृजन के भारत केंद्रित मॉडल पर काम करने का आह्वान भी किया है।

साथ ही समाज के सभी घटकों का भी आह्वान किया है कि विविध प्रकार के कार्य के अवसरों को बढ़ाते हुए हमारे शाश्वत मूल्यों पर आधारित एक स्वस्थ कार्य-संस्कृति को प्रस्थापित करें, जिससे भारत वैश्विक आर्थिक परिदृश्य पर पुन: अपना उचित स्थान अंकित कर सके। कोरोना महामारी में संघ सहित विभिन्न स्वयंसेवी, समाजसेवी, धार्मिक, औद्योगिक एवं आर्थिक संगठनों ने समाज के गरीब एवं जरूरतमंद वर्ग की मदद करने में आपस में मिलकर कार्य किया था उसी प्रकार अब भारत को स्वावलंबी बनाने के लिए भी इन सभी संगठनों को आगे आकर रोजगार के नये-नये अवसर उपलब्ध कराने की अपेक्षा संघ द्वारा की जा रही है। देश में रोजगार सृजन के अनेक सफल उदाहरण उपलब्ध हैं।

इन प्रयासों में स्थानीय विशेषताओं, व्यवसायियों, सूक्ष्म वित्त संस्थानों, स्वयं सहायता समूहों और स्वैच्छिक संगठनों ने मूल्यवर्धित उत्पादों, सहकारिता, स्थानीय उत्पादों के प्रत्यक्ष विपणन और कौशल विकास आदि के क्षेत्रों में प्रयास प्रारंभ किये हैं। इन प्रयासों ने हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्करण, घरेलू उत्पादों तथा पारिवारिक उद्यमों जैसे व्यवसायों को बढ़ावा दिया है। उन सभी अनुभवों को परस्पर साझा करते हुए जहां आवश्यकता है, वहां उन्हें दोहराने के बारे में विचार किया जा सकता है। इससे समाज में 'स्वदेशी और स्वावलम्बन' की भावना उत्पन्न करने के प्रयासों से उपर्युक्त पहलों को प्रोत्साहन मिलेगा।

देखने के लिए आंखें, सुनने के लिए कान, सोचने के लिए मन और काम करने के लिए हाथ-पैर भगवान ने सोच-समझकर बनाए हैं। साथ में भूख, प्यास और भोग-लालसा भी है। इन साधनों का सही और सार्थक प्रयोग करने से प्राणी अपने प्राणों का पालन-पोषण आराम से कर सकता है और दूसरों की सहायता भी कर सकता है, इसी दृष्टि से संघ ने नवीन आर्थिक परिदृश्यों को विकसित करने की आवश्यकता व्यक्त की है।

जहां तक हो सके अपने आप अपना काम करने और अपनी मौलिक आवश्यकताओं की पूर्ति करने का प्रयास करने से शरीर को सुख मिलता है, मन को प्रसन्नता होती है और आत्मा को स्वावलम्ब का अमृत रसास्वादन के लिए मिलता है। स्वावलम्ब के बल पर जीने वाला सबसे सुखी होता है। उसके लिए दूसरों पर निर्भर रहना नहीं पड़ता है। इसी बात को राष्ट्र कवि मैथिलीशरण गुप्त ने बड़े सरल शब्दों में कहा था-स्वावलंब की एक झलक पर, न्यौछावर कुबेर का कोष।

## ये भगत सिंह की निशानी....ये तिरंगे का वतन है.....

### डीटीयू में कविताओं के माध्यम से दी शहीदों को श्रद्धांजली




देश के शहीदों की याद में दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा शुक्रवार देर सांय एक विशेष कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। शहीदों को काव्यांजलि नाम से आयोजित इस कार्यक्रम में कवियों ने अपनी भावपूर्ण और औजपूर्ण कविताओं से युवाओं में देश भक्ति का संचार किया। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ डीटीयू कुलसचिव प्रो. मधुसूदन सिंह सहित सभी कवियों ने दीप जलाकर किया। समारोह के दौरान पदमश्री कवि सुनील जोगी ने अपने काव्य गीत में शहीदों कुछ इस प्रकार याद किया...

**'ये भगत सिंह की निशानी, इसमें शेखर की कहानी,**
**बोस का जय हिन्द इसमें, इसमें है झाँसी की रानी,**
**ये तिरंगे का वतन है, ...बोस का जय हिन्द इसमें...'**

मंच संचालन करते हुए कार्यक्रम के संयोजक कवि अनिल अग्रवंशी ने जहां अपने व्यंग्य बाणों से माहौल को संजीदा बनाए रखा वहीं उन्होने भी अपनी वीर रस की कविता के माध्यम से कुछ इस प्रकार पड़ौसी मुल्क पर तंज़ कसे....

**'फैसला कर देंगे इस बार आर पार में,**
**लाहौर और कराची को मिला देंगे दिल्ली-एनसीआर में.... '**

कवित्री गौरी मिश्रा ने अपनी श्रृंगार रस की कविताओं के साथ गीत शैली में वीर रस का खूब प्रसार किया। उन्होने सैनिकों की प्रेरणा के लिए उनकी पत्नियों, बहनों व माताओं के त्याग की चर्चा की। उन्होने अपने गीत में सरहद पर तैनात एक सैनिक की पत्नी के फोन का जिक्र कुछ यूं किया....

**'अभी ही तो पिया हमसे गए तुम दूर सरहद पर,**
**ना करना शर्त दुश्मन की कोई मंजूर शरहद पर,**
**मुहब्बत देश से जो है तुम्हारी तुम निभा देना,**
**निछावर कर हमारी मांग का सिंदूर सहरद पर...'**

औज के युवा कवि मनवीर मधुर ने भी अपनी कविता से हाल में मौजूद लोगों को रोमांचित कर दिया। उन्होने राष्ट्र भक्ति व देश पर जान देने वाले शहीदों को नमन करते हुए आजादी की लड़ाई के दौर में इंकलाब को कुछ इस प्रकार याद किया....

**'बरबादी से जंग लड़ी है तब आबाद हुए हैं हम,**
**रोम-रोम में इंकलाब भर जिंदाबाद हुए हैं हम,**
**....मिटे कई आजाद यहाँ पर तब आजाद हुए हैं हम...'**

जाने माने औज के राष्ट्रीय कवि योगेन्द्र शर्मा ने अपनी वीर रस की काव्य प्रस्तुति से युवाओं को खूब प्रभावित किया। उन्होने भ्रष्टाचार से लेकर कई बुराइयों पर प्रहार करते हुए राष्ट्रवाद की भावना का खूब प्रसार किया। उन्होने सीमाओं पर प्रतिवर्ष जान गंवाने वाले वीरों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए तंत्र एवं व्यवस्था पर कुछ इस प्रकार प्रहार किए....

**अगर सियासी रंग ना होता संविधान की वर्दी पर,**
**आतंकी घटनाओं को कोई नादना नहीं करता,**
**सही वक्त पर सरेआम अफजल को फांसी दी होती,**
**तो मुंबई में घनघोर धमाके वो शैतान नहीं करता...**

कवि अनुपम गौतम ने अपनी श्रृंगार रस की कविताओं से युवाओं को खूब गुदगुदाया। इसके साथ ही उन्होने वीर रस का भी संचार किया। उन्होने व्यंगात्मक लहजे में भारत के दुश्मनों पर कुछ यूं निशाना साधा...

**दुनिया के नक्शे से तेरी हस्ती भी खो सकती है,**
**जरा होश में रहना गलती दुबारा हो सकती है...**

विनीत पांडे ने कार्यक्रम के शुरुआत में कवि सम्मेलन का आगाज करते हुए सबसे पहले शहीदों को प्रणाम किया। उन्होने कहा कि हमारे अमर शहीदों ने जिस ज़िंदादिली से अपना जीवन जिया वो हमारे लिए मिशाल है।

अपने हास्य-व्यंग्य की शैली को वीरता से जोड़ते हुए अपनी रचना को उन्होने कुछ यूं पेश किया...

**'हंसी ये भी भुला देती कि है सीने में क्या रखा,**
**घुटन के साथ रहकर गम को है पीने में क्या रखा,**
**मिली है ज़िंदगी हर हाल में कट जाएगी लेकिन,**
**बिना ज़िंदादिली के ज़िंदगी जीने में क्या रखा...'**

कार्यक्रम के अंत में सभी कवियों को डीटीयू की ओर कुलसचिव प्रो. मधुसूदन सिंह ने सम्मानित किया। इस अवसर पर कवि पदमश्री सुनील जोगी, योगेंद्र शर्मा, अनिल अग्रवंशी, विनीत पाण्डे, मनवीर मधुर, अनुपम गौतम एवं श्रीमति गौरी मिश्रा ने अपनी-अपनी काव्य प्रस्तुतियों से खूब तालियाँ बटोरी।

कार्यक्रम में डीटीयू कुलपति कुलसचिव प्रो. मधुसूदन सिंह सहित शिक्षक, गैर शिक्षक अधिकारी एवं कर्मचारी और अनेकों विद्यार्थी उपस्थित थे।

## नए नियमों के तहत खेला जाएगा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट



योगेश कुमार गोयल

क्रिकेट को और ज्यादा रोमांचक बनाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अब कई नियमों में बदलाव होने जा रहा है, जिनमें अक्तूबर 2017 में बनाए गए कुछ नियम भी शामिल हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के लिए नियम बनाने वाली संस्था 'मेरिलबोन क्रिकेट क्लब' (एमसीसी) के कानून प्रबंधक फ्रेजर स्टीवर्ट का कहना है कि 2017 कोड के आने से खेल के कई नियम बदल गए हैं। उनके मुताबिक 2019 में आए उस कोड का दूसरा संस्करण ज्यादातर स्पष्टीकरण और थोड़ा बहुत संसोधन था किन्तु 2022 कोड बड़ा बदलाव करता है। दरअसल एमसीसी ने अब क्रिकेट के कई नियमों में बदलाव किए हैं, जो ऑस्ट्रेलिया में इसी साल होने वाले टी20 विश्व कप से पहले लागू किए जाएंगे और 1 अक्तूबर 2022 से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में प्रभावी होंगे। इनमें से कुछ नियम इंग्लैंड के द हंड्रेड लीग में लागू किए गए थे। उल्लेखनीय है कि एमसीसी के सुझाव पर ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) नियमों को लागू करती है। एमसीसी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में लागू किए जा रहे नए नियमों को आधुनिक क्रिकेट में नवीनता लाने वाला कदम माना जा रहा है। एमसीसी ने जिन नियमों में बदलाव किया है, उसमें सबसे महत्वपूर्ण बदलाव कैच आउट होने वाले खिलाड़ी को लेकर है। नए नियम के तहत अब कैच आउट होने पर उस खिलाड़ी की जगह आने वाला नया बल्लेबाज ही स्ट्राइक लेगा, बशर्ते वह ओवर की अंतिम गेंद न हो। इससे पहले जब स्ट्राइक पर मौजूद बल्लेबाज का कैच लिया जाता था तो उस दौरान क्रीज पर मौजूद बल्लेबाज रन लेने के लिए दौड़ते थे। अगर कैच लेने से पहले नॉन स्ट्राइक बल्लेबाज हॉफ पिच क्रॉस कर जाता था तो वह अगली गेंद पर स्ट्राइक लेता था। नियम 18.11 में बदलाव के बाद यदि कोई बल्लेबाज कैच आउट हो जाता है तो नया बल्लेबाज अगली गेंद का सामना करने के लिए स्ट्राइक पर आएगा, जब तक कि वह ओवर खत्म नहीं हो, भले ही बल्लेबाजों ने खिलाड़ी के आउट होने से पहले अपने छोर बदल लिए हों। एमसीसी के सुझाव पर इस नियम को पिछले साल इंग्लैंड तथा वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने द हंड्रेड टूर्नामेंट में ट्रायल किया था। एमसीसी द्वारा नियमों में बदलाव के तहत नियम 41.3 में परिवर्तन करते हुए गेंद पर थूक लगाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, साथ ही फील्डरों के भी मीठी चीजें खाकर लार को गेंद पर लगाने पर रोक लगा दी गई है। गेंदबाज अब गेंद की चमक को बरकरार रखने के लिए लार का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे और गेंद पर लार का इस्तेमाल अब गेंद की स्थिति में बदलाव के अन्य अनुचित तरीकों की तरह ही माना जाएगा। दरअसल कोरोना काल में दोबारा से क्रिकेट का नया दौर शुरू होने के बाद क्रिकेट में कई चीजें बदली थी, जिनमें से एक गेंदबाज द्वारा गेंद पर थूक लगाने पर पाबंदी भी शामिल थी। एमसीसी द्वारा इस पर की गई रिसर्च में पाया गया कि गेंद पर थूक नहीं लगाने से गेंदबाजों को मिलने वाली स्विंग पर प्रभाव नहीं पड़ा। हालांकि कोरोना काल में गेंदबाज गेंद की चमक बनाए रखने के लिए पसीने का इस्तेमाल करते रहे हैं, जो समान रूप से प्रभावी है लेकिन एमसीसी द्वारा गेंद पर लार लगाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। नियमों में तीसरा बड़ा बदलाव डेड बॉल को लेकर नियम 27.4 और 28.6 में बदलाव है। दरअसल डेड बॉल कभी-कभी मैच में काफी अहम भूमिका निभाती है। नए नियम के तहत मैदान पर अचानक किसी प्रशंसक, जानवर या अन्य किसी वस्तु के आ जाने पर अब अम्पायर को यह अधिकार होगा कि वह खेल में व्यवधान उत्पन्न होने की स्थिति में यदि किसी टीम को उस वजह से नुकसान होता है तो उस गेंद को 'डेड बॉल' करार दे सके। अभी तक क्रिकेट के किसी भी प्रारूप में फील्डिंग करने वाली टीम के किसी सदस्य की अनुचित मूवमेंट को डेड बॉल से दंडित किया जाता था लेकिन अब ऐसा होने पर बल्लेबाजी करने वाली टीम को पांच पेनल्टी रन मिलेंगे, जिससे गेंदबाजी करने वाली टीम के सदस्य ज्यादा सतर्क रहेंगे। एमसीसी के नए नियमों में वाइड गेंद तय करते समय भी नियम अलग निर्धारित किया गया है। नए नियम के तहत यह ध्यान रखा जाएगा कि गेंदबाज के रनअप लेने के समय बल्लेबाज कहां खड़ा था। इसे लेकर एमसीसी का कहना है कि उस गेंद को वाइड कहना अनुचित होगा, जो उस जगह पर पड़ी है, जहां गेंदबाज के एक्शन में आने के समय बल्लेबाज खड़ा था। इसी प्रकार नियम 25.8 में बदलाव के बाद अब पिच छोड़ने को मजबूर करने वाली गेंद नो बॉल मानी जाएगी। दरअसल अब अगर गेंद पिच के बाहर गिरती है तो नए नियम के तहत बल्लेबाज के बल्ले का कुछ हिस्सा या उसके पिच के भीतर रहने पर उसे गेंद खेलने का अधिकार होगा और उसके बाहर जाने पर अंपायर डेड बॉल का इशारा करेंगे। मांकडिंग आउट को लेकर भी एमसीसी ने अपने नियम 38.3 में संशोधन किया है। गेंदबाजी छोर पर खड़े बल्लेबाज को गेंद फेंकने से पहले आउट किए जाने वाले रन आउट को मांकडिंग कहा जाता है और 74 साल बाद मांकडिंग को अनुचित खेल की श्रेणी से हटाया गया है। 1974 में पहला ऐसा वाकया हुआ था, जब भारत के वीनू मांकड़ ने आस्ट्रेलिया के बिल ब्राउन को दूसरे छोर पर आउट किया था। तब मांकड़ के नाम पर ही क्रिकेट जगत में इसे नकारात्मक तौर पर 'मांकडिंग' नाम दिया गया था। हालांकि सुनील गावस्कर इत्यादि भारतीय खिलाड़ियों ने इसे वीनू मांकड़ के प्रति अपमानजनक बताते हुए इसका कड़ा विरोध किया था। अब इसी मांकडिंग को एमसीसी द्वारा वैध आउट के रूप में स्वीकार किया जाना भारत के लिए बड़ी राहत का विषय है। एमसीसी द्वारा अब दूसरे छोर पर खड़े बल्लेबाज को रन आउट करने संबंधी नियम 41.16 को नियम 41 (अनुचित खेल) से हटाकर नियम 38 (रन आउट) में डाल दिया गया है, जिसमें नॉ स्ट्राइक छोर के बल्लेबाज को रन आउट करने का प्रावधान है। नए नियम में अब मांकडिंग को अनुचित की श्रेणी से हटा दिया गया है और अब यदि नॉन स्ट्राइक पर खड़ा बल्लेबाज गेंद फैंकने से पहले क्रीज से बाहर निकल जाता है तो गेंदबाज गिल्लियां बिखेरकर उसे रन आउट कर सकता है। अभी तक इसे खेल भावना के विपरीत माना जाता था और ऐसा किए जाने पर काफी हो-हल्ला होता था। मांकडिंग को लेकर बने नए नियम के बाद अब बल्लेबाज क्रीज नहीं छोड़ेंगे और इससे रनों और रन आउट होने की संख्या पर भी असर पड़ेगा। बहरहाल, मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर सहित क्रिकेट जगत के अधिकांश दिग्गज एमसीसी के इन नए नियमों को स्वागत योग्य कदम बता रहे हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि नए नियमों के बाद खेल प्रेमियों का आकर्षण क्रिकेट के प्रति और ज्यादा बढ़ेगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

## तेल के अब दाम !



धीरे-धीरे बढ़ रहे।
तेल के अब दाम ।।
डीजल और पेट्रोल।
पहुंच रहे मुकाम ।।
थोड़ा-थोड़ा करके।
शुरू हो गया खेल ।।
पर मुश्किल है शायद।
कोई लगे नकेल ।।
जेब होगी ढ़ीली।
है करना स्वीकार ।।
हो गये हम आदी।
रहने को तैयार ।।
खींचतान अब आगे।
नहीं है रुकने वाली ।।
बात है गंभीर।
रहे बजती ताली ।।

कृष्णेन्द्र राय

## शार्ट न्यूज

### जौनपुर में सिपाही की सड़क हादसे में मौत

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में शनिवार को सुबह मोटर बाइक से ड्यूटी पर जा रहे सिपाही को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल सिपाही ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार चंदौली जिले के लक्ष्मणगढ़ थाना अंतगर्त बलुआ निवासी अमित सिंह (38) मोटर बाइक से त्रिलोचन महादेव की तरफ जा रहे थे, वह रेहटी गांव के पास पहुंचे ही थे, तभी किसी वाहन ने उनकी मोटर बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बिजली के खंभे से जा टकराई। घटना में सिपाही के सिर में गंभीर चोट आई। इधर टक्कर मारने वाला वाहन चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर इंस्पेक्टर विजय शंकर सिंह मौके पर पहुंचे और आननफानन में घायल सिपाही को रेहटी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद पीड़ित की गंभीर हालत को देखते हुए उसे वाराणसी स्थित बीएचयू ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। इसके बाद घायल सिपाही को वाराणसी के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। कांस्टेबल अमित सिंह 6 माह पूर्व सरपतहा थाने से ट्रांसफर होकर जलालपुर थाना पर तैनात हुए थे।

### अखिलेश और मायावती ने दी योगी सरकार को बधाई

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती और समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बधाई दी है। दोनो पूर्व मुख्यमंत्रियों ने योगी सरकार को लोकतांत्रिक मूल्यों का पालन और जनता की सेवा करने की सलाह भी दी है। योगी सरकार के शुक्रवार को संपन्न शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किये जाने के बावजूद सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, बसपा अध्यक्ष मायावती नहीं पहुंचे थे। हालांकि अखिलेश और मायावती ने ट्विटर के जरिये नई सरकार को बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित की हैं। मायावती ने शनिवार को ट्वीट किया यूपी में नई भाजपा सरकार के गठन की बधाई तथा यह सरकार संवैधानिक व लोकतांत्रिक मूल्यों एवं आदर्शों के साथ कार्य करे। इससे पहले श्री अखिलेश यादव ने ट्वीट किया था नई सरकार को कि वो सपा के बनाए स्टेडियम में शपथ ले रही है। शपथ सिर्फ़ सरकार बनाने की नहीं, जनता की सच्ची सेवा की भी लेनी चाहिए। लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम में योगी सरकार के 52 मंत्रियों ने शपथ ली थी। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के अलावा 12 राज्यों के मुख्यमंत्री एवं पांच राज्यों के उपमुख्यमंत्री शामिल हुये थे।

### 27 को जौनपुर आयेंगें हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश

जौनपुर। इलाहाबाद हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेश बिंदल, जौनपुर के प्रशासनिक न्यायाधीश न्यायमूर्ति राहुल चतुर्वेदी और अवस्थापना समिति हाईकोर्ट के अध्यक्ष मनोज मिश्रा 27 मार्च को सिविल कोर्ट जौनपुर आएंगे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्णकालिक सचिव शिवानी रावत ने शनिवार को बताया कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेश बिंदल, प्रशासनिक न्यायमूर्ति जौनपुर राहुल चतुर्वेदी, अवस्थापना समिति उच्च न्यायालय इलाहाबाद के अध्यक्ष मनोज मिश्रा 27 मार्च को दीवानी न्यायालय जौनपुर आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुख्य न्यायमूर्ति श्री बिंदल 27 मार्च को 09.30 बजे इलाहाबाद से चलकर 11.30 बजे पीडब्ल्यूडी के निरीक्षण भवन में आएंगे। 11.30 से 11.45 बजे निरीक्षण भवन में आरक्षित है। 11.45 बजे निरीक्षण भवन से जिला न्यायालय के लिए प्रस्थान करेंगे, 11.50 बजे से 12.30 बजे तक जनपद न्यायालय में निर्माणाधीन पूजा स्थल पर जिला जज एवं सभी न्यायिक अधिकारियों के द्वारा स्वागत सम्मान किया जाएगा। 12.30 से 1.00 तक न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक, 1.00 बजे से 1.30 बजे तक बार के पदाधिकारियों के साथ बैठक, 1.30 बजे से 2.15 बजे तक लंच करेंगे।

### एटा में दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प, कई घायल

एटा। उत्तर प्रदेश में एटा जिले के मारहरा क्षेत्र में शनिवार को दो पक्षों के बीच हुयी हिंसक झड़प में एक व्यक्ति गोली लगने से और कई अन्य पथराव से घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि भुरगमा गांव में शुक्रवार शाम वार्षिक मेले की शुरूआत हुयी थी कि दो पक्ष के लोगों के बीच गाली गलौच मारपीट में तब्दील हो गयी। मारपीट का यह सिलसिला आज भी जारी रहा और दो पक्षो के बीच पथराव और गोलीबारी हुयी। गोली लगने से राम कुमार नाम का युवक घायल हो गया जिसे अस्पताल भेजा गया है। उन्होने बताया कि एक लोधी पक्ष का आरोप है कि मेले के दौरान गांव के ही दूसरे धोबी पक्ष ने गांव की लाइट काटकर पथराव किया था। पथराव में कई लोग घायल हुए थे। आज सुबह धोबी पक्ष ने लोधी पक्ष के एक घर को घेर लिया और एक ही गली होने के कारण निकलने नही दिया। इस बीच दोनो तरफ से मारपीट और जमकर पथराव भी हुआ। सूत्रों ने बताया कि गांव में व्याप्त तनाव के मद्देनजर कई थानों का फ़ोर्स मौके पर मौजूद है।

### राज्यपाल ने रमापति शास्त्री को दिलायी प्रोटेम स्पीकर पद की शपथ

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में 18वीं विधानसभा के गठन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ विधायक रमापति शास्त्री को प्रोटेम स्पीकर पद की शपथ दिलायी। राजभवन से प्राप्त जानकारी के मुताबिक राज्यपाल ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक दिन में 11 बजे शास्त्री को राजभवन में पद की शपथ दिलायी। इस दौरान नवनियुक्त मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगी सुरेश खन्ना भी मौजूद थे। गौरतलब है कि हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में सबसे बड़े दल के रूप में उभरी भाजपा के वरिष्ठ विधायक शास्त्री को राज्यपाल द्वारा प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया गया है। वह स्वयं शपथ ग्रहण करने के बाद अब विधानसभा की बैठक आहूत किये जाने पर नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलायेंगे। इसके बाद उनके द्वारा नये विधानसभा अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया को भी संपन्न कराया जायेगा।

### कूड़ा डालने से मना किया तो दबंगों ने होमगार्ड के पूरे परिवार को लाठी-डंडे से बुरी तरह से पीटा



सीतापुर। यूपी के सीतापुर में कूड़ा डालने से मना करने पर दबंगों ने होमगार्ड सहित पूरे परिवार की जमकर लाठी डंडे से पिटाई कर दी। इसमें होमगार्ड सहित छह लोग घायल हो गए। होमगार्ड की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। कोतवाली बिसवां इलाके के ग्राम जफराबाद निवासी होमगार्ड रामनाथ बिसवां तहसीलदार के साथ हमराही के पद तैनात है। शनिवार को रामनाथ घर से कूड़ा डालने के लिए जा रहे थे कि इसी बीच गांव के दबंगों ने उन्हें फावड़ों व लाठी डंडों से पीट पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुँची होमगार्ड की पत्नी मोहिनी, पुत्र गोपीनाथ, पुत्री बबली, रुची और बहु लीलावती को भी जमकर लाठी-डंडों से पीट पीटकर घायल कर दिया। आनन-फानन में गांव के ग्रामीणों द्वारा किसी तरह घायल हो होमगार्ड रामनाथ को बिसवां सीएचसी में भर्ती करवाया गया। जहां रामनाथ की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सीतापुर रेफर कर दिया। वहीं पत्नी, बहू और दोनों पुत्रियों का सीएचसी में प्राथमिक उपचार किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आगे की विधिक कार्रवाई शुरू की है।

# उप्र में तीन महीने के लिए बढ़ाई गई मुफ्त राशन योजना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने शनिवार को अपने मंत्रिमंडल की पहली बैठक में गरीब कल्याण योजना के तहत मुफ्त राशन वितरित करने की योजना की अवधि को तीन महीने के लिये बढ़ा दिया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में यहां लोकभवन में हुयी मंत्रिमंडल की पहली बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी। बैठक के बाद योगी ने संवाददाताओं को बताया कि कोरोना कालखंड में महामारी के दौरान भुखमरी से गरीब जनता को बचाने के लिये केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री अन्न योजना के तहत उत्तर प्रदेश की पिछली सरकार ने मुफ्त राशन देने की योजना शुरु की थी। इसकी अवधि 31 मार्च को पूरी हो रही थी।

उन्होंने बताया कि सरकार ने अब इस योजना को जारी रखते हुए इसकी अवधि को जून तक के लिये बढ़ाने का निर्णय किया है। योगी ने कहा कि लाभार्थी परिवार को दाल, रिफांइड तेल और नमक देने की इस योजना से 15 करोड़ लोगों को लाभ मिलेगा।

बैठक के बाद उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने संवाददाताओं को बताया कि यह सरकार का पहला और सबसे महत्वपूर्ण फैसला है। इसमें उप्र की 15 करोड़ जनता के लिये जिसमें 3270 करोड़ रुपये खर्च करके



प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से निशुल्क राशन वितरण किया जा रहा था, उसे आगे भी जारी रखा जायेगा।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा, उत्तर प्रदेश में नवगठित सरकार का पहला निर्णय 15 करोड़ गरीब जनता-जनार्दन को समर्पित है। कोरोना काल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर नागरिक को संबल प्रदान करने के उद्देश्य से अन्न योजना प्रारम्भ की थी। अप्रैल 2020 से आज मार्च 2022 तक देश की 80 करोड़ जनता को इसका सीधा लाभ मिल रहा है। वहीं राज्य सरकार ने केंद्र सरकार के अतिरिक्त मुफ्त राशन वितरण की योजना संचालित की है।

उन्होंने कहा कि मुफ्त टेस्ट, ट्रीटमेंट और टीका के प्रयास से कोरोना पर काबू पाया गया तो महामारी से उपजने वाली भुखमरी की समस्या के निदान में मुफ्त राशन की योजना बहुत उपयोगी रही है। योगी ने बताया कि अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्ड धारक 15 करोड़ प्रदेशवासी डबल इंजन की सरकार में मुफ्त राशन की डबल डोज प्राप्त कर रहे हैं। इस योजना की अवधि मार्च 2022 में समाप्त हो रही थी, जिस पर विचार करते हुए नई सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में इसे अगले तीन माह तक बढ़ाये जाने का फैसला किया गया है।

राशन वितरण की पारदर्शी व्यवस्था पर जोर देते हुए उन्होंने बताया कि संपूर्ण प्रदेश में राशन की 80 हजार दुकानों पर ई-पॉश मशीनें लगी हैं, इससे सही लाभार्थी तक राशन वितरण का काम संभव हो रहा है। गौरतलब है कि अप्रैल 2020 से केंद्र सरकार के अलावा राज्य सरकार अपने संसाधनों से 15 करोड़ गरीब जनता को मुफ्त राशन उपलब्ध करा रही है। इसके तहत अंत्योदय कार्ड धारकों को राज्य सरकार द्वारा 35 किलोग्राम खाद्यान्न दिया जाता है, जबकि पात्र गृहस्थी को प्रति यूनिट 05 किलोग्राम खाद्यान्न मिल रहा है।

इसके अलावा दिसंबर 2021 से राज्य सरकार खाद्यान्न के साथ-साथ 01 लीटर रिफाइंड तेल, 01 किलो दाल और 01 किलो नमक भी दे रही है। जबकि अंत्योदय श्रेणी के परिवारों को 01 किलो चीनी भी मुहैया कराई जा रही है।

कैबिनेट के निर्णय के बाद अब यह योजना जून 2022 तक के लिए बढ़ा दी गई है।

## अखिलेश को सपा विधायक दल का नेता चुना गया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में दूसरे सबसे बड़े दल के रूप में उभरी समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव को विधानसभा में पार्टी के विधायक दल और विधानमंडल दल का नेता चुना गया है। यहां स्थित सपा मुख्यालय में शनिवार को हुयी पार्टी विधायक दल की बैठक में अखिलेश को सभी विधायकों ने सर्वसम्मति से नेता चुन लिया। सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम ने विधायक दल की बैठक के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैठक में



अखिलेश को सर्वसम्मति से पार्टी के विधानमंडल दल का नेता भी चुना गया।

गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव में सपा के 111 विधायक जीते हैं। इस प्रकार विधानसभा में दूसरा सबसे बड़ा दल होने के नाते सपा मुख्य विपक्षी पार्टी होगी। ऐसे में अखिलेश का नेता प्रतिपक्ष बनना लगभग तय है। विधानसभा चुनाव के बाद अखिलेश ने आजमगढ़ से लोकसभा सदस्य के पद से इस्तीफा दे दिया था।

उत्तम ने बताया कि सपा के वरिष्ठ विधायक अवधेश प्रसाद ने अखिलेश को विधायक दल का नेता चुने जाने का प्रस्ताव रखा और विधायक आलम बदी ने उसका समर्थन किया। इसके अलावा विधायक लालजी वर्मा ने अखिलेश को विधानमंडल दल का नेता चुने जाने का प्रस्ताव रखा।

सपा के चुनाव चिन्ह पर विधायक बने प्रसपा नेता शिवपाल सिंह यादव को बैठक में नहीं बुलाये जाने के बारे में उत्तम ने कहा कि आज केवल सपा के विधायकों को बुलाया गया था। बैठक में सहयोगी दलों के किसी विधायक को नहीं बुलाया गया था। उन्होंने स्पष्ट किया, सहयोगी दलों के जो विधायक सपा के चुनाव चिन्ह पर चुनाव जीते उन्हें और सहयोगी दलों के विधायकों की बैठक 28 मार्च को बुलायी गयी है, चाहे वे शिवपाल यादव हों, पल्लवी पटेल या ओपी राजभर हों, सब को 28 मार्च को बुलाया जाएगा।

## डिप्टी सीएम केशव प्रसाद के बेटे का रोड एक्सिडेंट, जालौन में हुआ हादसा

जौलान। यूपी सरकार में दूसरी बार डिप्टी सीएम बने केशव प्रसाद मौर्य के बेटे की कार का जालौन में एक्सिडेंट हो गया। केशव के बेटे एमपी में मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे। हालांकि हादसे में केशव के बेटे बाल-बाल बच गए हैं। उन्हें दूसरी कार से रवाना किया गया है जबकि ड्राइवर और अन्य को चोटें आई हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा जालौन जिले के कालपी कोतवाली क्षेत्र के आलमपुर बाईपास के पास हुआ है। बताते हैं कि शनिवार को मध्यप्रदेश के मां पीतांबरा मंदिर में दर्शन करने जा रहे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के बेटे योगेश कुमार मौर्य की कार एक ट्रैक्टर से टकरा गई। हादसे में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है जबकि जिस ट्रैक्टर से हादसा हुआ है वह भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुआ है।

हादसा होते ही आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े। हालांकि केशव के बेटे योगेश हादसे में बाल-बाल बच गए। इसके बाद उन्हें दूसरी कार से रवाना किया गया है।

## मायावती ने यूपी में नई भाजपा सरकार को दी बधाई

लखनऊ। बसपा सुप्रीमो मायावती ने शनिवार सुबह ट्वीट कर यूपी में नई भाजपा सरकार के गठन की बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सरकार संवैधानिक व लोकतांत्रिक मूल्यों एवं आदर्शों के साथ कार्य करे। दरअसल, योगी ने खुद फोन कर मायावती को शपथ ग्रहण समारोह में आने का विधिवत निमंत्रण दिया था।

मायावती हालांकि इस तरह के कार्यक्रमों से हमेशा दूरी बनाए रखती हैं। आपको बता दें कि योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को दूसरी बार सीएम पद की शपथ ले ली है। योगी आदित्यनाथ यूपी के 38वें मुख्यमंत्री बन गए हैं।

योगी के बाद केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक को डिप्टी सीएम पद की शपथ दिलाई गई।

केशव प्रसाद मौर्य पिछली सरकार में भी डिप्टी सीएम रहे हैं, जबकि ब्रजेश पाठक कानून मंत्री। इसके अलावा अन्य 50 लोगों को योगी के नए मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है।

## प्रतापगढ़ में विधान परिषद चुनाव में त्रिकोणीय संघर्ष हुआ

प्रतापगढ़। उत्तरप्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में विधान परिषद के चुनाव में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक की भी सक्रिय भागीदारी ने मुकाबले को अब त्रिकोणीय बना दिया है।

इसकी वजह जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के प्रत्याशी अक्षय प्रताप सिंह उर्फ गोपालजी का जमानत पर जेल से बाहर आना है जिसके कारण चुनाव की सरगर्मी बढ़ गयी है। इस सीट पर समाजवादी पार्टी (सपा) ने विजय यादव और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने हरिप्रताप सिंह को चुनाव मैदान में उतारा है। हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में जिले की दोनों सीटों प्रतापगढ़ और कुंडा पर जनसत्ता दल के खाते में ही गयी हैं।

पूर्व विधायक हरि प्रताप सिंह लगातार चार बार नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रहे। वर्तमान में सिंह की पत्नी प्रेमलता सिंह नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष हैं। बाहुबली विधायक रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया की अगुवाई वाली जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के प्रत्याशी अक्षय प्रताप सिंह को चुनाव में नामांकन भरने के बाद स्थानीय एमपी एमएलए कोर्ट ने फर्जी पते पर शस्त्र लाइसेंस लेने के आरोप में उन्हें 07 साल की सजा सुना कर जेल भेज दिया था।

उन्होंने प्रभारी जिला जज की अदालत में जमानतत की अपील दायर की थी। जिला जज ने गत 24 मार्च को, उनकी जमानत को मंजूर करके सजा को स्थगित कर दिया। इसके बाद वह जमानत पर जेल से बाहर आ गये हैं और उन्हें चुनाव लड़ने का भी अधिकार मिल गया।

सिंह द्वारा अपना प्रचार शुरू कर देने के कारण इस सीट पर अब मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। इस बी सपा और भाजपा के प्रत्याशियों को अपने प्रचार में अधिक जोर आजमाइश करनी पड़ रही है।

गौरतलब है कि गोपाल जी चार बार (1998, 2003, 20010 और 20016) विधान परिषद के सदस्य रह चुके हैं। इस बीच 2004 में वह सांसद भी निर्वाचित हुये थे। राजा भैया की जिले में मजबूत पकड़ और राजनैतिक अनुभव का लाभ गोपाल जी को मिलता आ रहा है। गोपाल जी राजा भैया के नजदीकी है और उनकी मदद से गोपाल जी 20016 में निर्विरोध विधान परिषद के सदस्य निर्वाचित हुये थे।

## योगी सरकार की सख्ती : सीतापुर एनकाउंटर में तीन दुर्दांत अपराधी अरेस्ट

**सीतापुर।** योगी सरकार के शपथ के साथ यूपी में अपराधियों पर नकेल कसना शुरू हो गया है। सीतापुर में क्राइम ब्रांच और थाना रामपुर कला पुलिस ने तीन शातिर बदमाशों को दबोच लिया है। पकड़े गए तीनों आरोपी शातिर किस्म के दुर्दांत अपराधी है। पुलिस मुठभेड़ में तीनों आरोपी घायल हो गए हैं।

बताते हैं कि पकड़ते समय पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर भागने की कोशिश की लेकिन नाकाम रहे। ऐसे में पुलिस की ओर से हुई जवाबी कार्रवाई में तीनों बदमाशों के गोली लगी है। जिन्हें जिला अस्पताल भेजा गया है। इनके चार अन्य साथियों को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। ग्राहक सेवा केंद्र संचालक के साथ में लूट कर गोली मारने वाले गैंग के चार बदमाशों को पुलिस पहले ही सलाखों के पीछे पहुंचा चुकी है। शेष फरार चल रहे तीन आरोपियों की पुलिस सरगर्मी से



तलाश में जुटी थी। शनिवार को पुलिस को सूचना मिली कि यह लोग किसी वारदात को अंजाम देने के लिए क्षेत्र में आ गए है। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए क्राइम ब्रांच टीम और थाना रामपुर कला पुलिस ने संयुक्त रूप से चौधरी स्टेडियम बहद गांव कदुनी में घेराबंदी करके पकड़ने का प्रयास किया। पुलिस को देखते ही लुटेरों ने फायरिंग करना शुरू कर दिया। जिसके चलते पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को दबोचने में सफलता हासिल की। पुलिस द्वारा की ओर से। हुई फायरिंग में तीनों घायल हो गए जिन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया है।

तीन कट्टे और नौ कारतूस नगदी बरामद-बदमाशों की जामा तलाशी के दौरान अभियुक्तों के पास से तीन देशी कट्टे 315 बोर व 9 अदत जिंदा कारतूस 28000 रुपए नगद वादी के आधार कार्ड, परिचय पत्र व एक बैग और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद हुई हैं। एसपी द्वारा सभी अपराधियों पर पच्चीस, पच्चीस हजार रुपए का इनाम घोषित था।

### कई वारदातों से उठेगा पर्दा

अपर पुलिस अधीक्षक एन पी सिंह ने बताया दबोचे गए अंतर्जनपदीय बदमाश दुर्दांत ? किस्म के अपराधी है। इन लोगों ने सीतापुर, लखनऊ समेत अन्य जगहों पर घटनाओं को अंजाम दिया है। आज यह लोग फिर सीतापुर में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के फिराक में थे। पुलिस को जैसे ही भनक लगी इन्हें दबोच लिया गया। पूछताछ की जा रही है। कई घटनाओं का पर्दाफाश हो सकता है। जिसमें बबलू कुमार, गोपाल उर्फ ओबिन्दर पुत्र गण प्रेम पाल सिंह निवासी गांव सपहा भापुर मजरा धर्म पुर पिढरिया थाना अल्हागज, शाहजहांपुर और रवि मिश्रा पुत्र धर्मपाल निवासी गांव हडहा थाना पाली जनपद हरदोई बैंक मित्र के साथ हुई घटना के मास्टरमाइंड थे।

## लखनऊ विश्वविद्यालय : सवा लाख छात्रों को नहीं मिला एडमिट कार्ड



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 29 मार्च से शुरू हो रही हैं। जिसमें लखनऊ के साथ ही सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर और रायबरेली के सम्बद्ध कॉलेजों के तकरीबन सवा लाख छात्र परीक्षा देने वाले हैं। ये सभी छात्र लगातार अपने कॉलेजों में प्रवेश पत्र के लिए चक्कर लगा रहे हैं लेकिन अभी तक विश्वविद्यालय प्रबंधन ने प्रवेश पत्र जारी नहीं किए हैं। जबकि परीक्षाओं में सिर्फ तीन दिन का समय ही शेष रह गया है।

प्रवेश पत्र के साथ ही अभी तक परीक्षा केन्द्रों की प्रस्तावित सूची भी लखनऊ विश्वविद्यालय जारी नहीं कर सका है। प्रस्तावित परीक्षा सूची जारी की गई थी। जिसमें आपत्तियां मांगी गईं। आपत्तियां आने के बाद नयी सूची लगभग तैयार हो चुकी है लेकिन अभी तक समिति की फाइनल मुहर नहीं लग गई है। परीक्षा केन्द्रों की फाइनल सूची जारी होने के बाद ही प्रवेश पत्र जारी किए जा सकेंगे।

लखनऊ विश्वविद्यालय पहले सेमेस्टर की परीक्षाओं को लेकर तैयारियां आखिरी चरण में हैं।

लेकिन सबसे बड़ी समस्याओं छात्र-छात्राओं को अभी तक प्रवेश पत्र नही मिलने की है। सिर्फ तीन दिन ही परीक्षा में बचे होने के कारण बीए, बीएससी, बीएचएससी और बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं की बेचैनी बढ़ती जा रही है।

## गोरखपुर : पूरे सैनिक सम्मान के साथ हुआ जवान का अंतिम संस्कार

### शहीद का दर्जा दिलाने के लिए जमकर हुआ था बवाल

गोरखपुर। सेना के जवान धनंजय यादव को गोरखपुर में गोर्रा नदी के तट पर आज पूरे सैनिक सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। इस दौरान घाट पर डीएम विजय किरण आनंद सहित तमाम वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। धनंजय को शहीद का दर्जा दिलाने के लिए कल गोरखपुर के चौरीचौरा में ग्रामीणों ने जमकर बवाल किया था। परिवारीजनों ने शिक्षक हवलदार के पद पर तैनात धनंजय यादव की मौत पर सेना की तरफ से यथोचित सम्मान न मिलने का आरोप लगाया था।

ग्रामीणों ने चौरीचौरा के भोपा बाजार में जवान का शव रखकर अपनी मांगें अधिकारियों के सामने रखी थीं। इस दौरान उन्होंने सड़क से लेकर रेल मार्ग तक जाम किया। सड़क जाम के दौरान कई मांगे मानने का आश्वासन मिलने के



बाद भी जब बात नहीं बनी और पुलिस-प्रशासन ने बल पूर्वक उन्हें हटाने की कोशिश की तो मामला और बिगड़ गया। पांच घंटे से जारी सड़क जाम उपद्रव में बदल गया और जाम लगाने वालों ने पुलिस और प्रशासन पर पथराव शुरू कर दिया।

जाम में फंसी दर्जनों गाड़ियों को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस की कई गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की। साथ ही बाइक भी फूंकी। पुलिस ने आंसू गैसे के गोले भी दागे पर एक समय तो ऐसा आया कि पुलिस और प्रशासन के कई अधिकारियों को भाग कर अपनी जान बचानी पड़ी। जाम में अपनी गाड़ियों के साथ फंसे कई राहगीरों को भी चोटें आईं। जाम में फंसे शहर के डॉ. यूएस तिवारी की गाड़ी भी भीड़ ने तोड़ दी। डॉक्टर ने इस मामले में चौरीचौरा थाने में तहरीर भी दी है। उधर, पथराव के बाद और संख्या में फोर्स मंगाई जाने लगी इस बीच बवाली भाग गए वहीं परिवारीजन भी जवान का शव लेकर चले गए।

### ये था मामला

झंगहा थाना क्षेत्र के राघोपट्टी पडरी टोला फैलहा निवासी धनंजय यादव (30) शिक्षक हवलदार के पद पर आर्मी एजुकेशन कोर हेड क्वार्टर 112 माउंटेन ब्रिग्रेड यूनिट 4/ 5 जीआर सिक्किम एचआरडीसी छातन में तैनात थे। मंगलवार को उनकी संदिग्ध हाल में मौत हो गई थी। परिवारीजन शव लेकर शुक्रवार को जीआरडी मुख्यालय गए। आरोप था कि धनंजय को वह सम्मान नहीं मिला जो सेना के जवान को दिया जाता है।

### सैनिक सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

जवान धनंजय यादव को शनिवार को सैनिक समान के साथ गोर्रा नदी के इटौवा घाट पर अन्तिम विदाई दी गई। इस दौरान घाट पर पहुंचे डीएम विजय किरण आनंद, एडीएम प्रशासन पुरुषोत्तम दास गुप्ता, एसडीएम अनुपम मिश्र, एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी, सीओ आखिलानंद उपाध्याय, तहसीलदार विकास सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारियों ने पुष्प चक्र चढ़ाकर नमन किया।

### गांव में भारी पुलिस फोर्स तैनात

शुक्रवार को हुए बवाल को देखते हुए गांव में भारी पुलिस फ़ोर्स तैनात किया गया था। शनिवार की सुबह 6 बजे ही डीएम व अन्य अधिकारी झंगहा क्षेत्र के नई बाजार पुलिस चौकी पर पहुंच गए थे। गांव में शवयात्रा की तैयारी की गई और सुबह 7 बजे शवयात्रा निकली। नौ बजे शवयात्रा इटौवा घाट पर पहुंची। वहा पर सिक्किम से आये सेना के जवानों ने सलामी दी।

### सैनिक को अंतिम विदाई देने उमड़ी भीड़

पिता रामनाथ यादव के अस्वस्थ होने के कारण जवान को उसके चचेरे भाई सोनू यादव ने मुखाग्नि दी है। इकलौते बेटे की चिता को आग लगाई गई तो हज़ारों लोगों की आंखे नम हो गई। पिता फफक कर रो पड़े। इकलौते बेटे की मौत पर पूरे परिवार ही नही गांव में मातम छाया हुआ है।

अंतिम संस्कार के दौरान सीओ गोला, बांसगांव, कैम्पियरगंज, कैंट सहित एक दर्जन थानों की पुलिस फ़ोर्स मौजूद रही।

## शार्ट न्यूज

### इंश्योरेंस देखो ने फरहान अख्तर को बनाया ब्रांड एंबेसेडर

**नयी दिल्ली।** इंश्योरटेक कंपनी इंश्योरेंस देखो ने अभिनेता फरहान अख्तर को अपना ब्रांड एंबेसेडर बनाया है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि फरहान इंश्योरेंस देखो के नए विज्ञापन अभियान, सुकून, में नजर आयेंगे जिसमें परिवार की सुरक्षा और सेहत सुनिश्चित करने की भावना को दर्शाया गया है। भरोसा कर के देखो की टैगलाइन के साथ यह कैंपेन आज से से आईपीएल सीजन 2022 के शुभारंभ के साथ लाइव हो गया है। कंपनी ने कहा कि फरहान अख्तर की फुर्तीली शख्सियत के लिए फैंस उनकी तारीफ करते हैं, उनकी चपलता को निर्देशक, अभिनेता, गायक और लेखक के रूप में उनकी परफॉर्मेंस में देखा जा सकता है। उनकी शख्सियत इंश्योरेंस देखो ब्रांड के समान हरफनमौला ही है, उन्हीं की तरह हमारा महज एक प्लेटफॉर्म किसी भी व्यक्ति की बीमा संबंधी सभी जरूरतों को पूरा करता है, इस तरह फरहान इंश्योंरस देखों के लिए एकदम उपयुक्त हैं।

### विदेशी मुद्रा भंडार 2.6 अरब डॉलर गिरा

मुंबई। देश के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार दूसरे सप्ताह गिरावट दर्ज की गयी है और 18 मार्च को समाप्त सप्ताह में यह 2.6 अरब डॉलर गिर कर 619.6 अरब डॉलर पर आ गया। यह जानकारी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के साप्ताहिक आंकड़ों में दी गयी है। गत वर्ष मार्च की तुलना में विदेशी मुद्रा भंडार में 42.7 अरब डालर की बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। यूक्रेन संकट के बीच विदेशी विनिमय बाजार में उथल-पुथल के बीच आरबीआई के भारतीय रुपये को संभालने के लिए डालर की बिकवाली बढ़ानी पड़ी है। इससे पहले 11 मार्च के सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में 9.6 अरब डॉलर की गिरावट आयी थी। रूस और यूक्रेन के बीच जारी जंग के कारण मुद्रा बाजार में अस्थिरता काफी ज्यादा है। रुपए को संभालने के लिए आरबीआई ने विदेशी मुद्रा की बिकवाली बढ़ानी पड़ी है। आलोच्य माह में विदेशी मुद्रा परिसम्पत्तियां 70.3 करोड़ डालर घट कर 553.66 अरब डालर पर आ गयी। आरबीआई के विदेशी मुद्रा भंडर में विदेशी मुद्रा आस्तियों का हिस्सा सबसे बड़ा है। इसमें यूरो, येन और अन्य प्रमुख मुद्राओं की डालर के साथ विनिमय दर में गिरावट का भी असर होता है। इस दौरान स्वर्ण भंडार में 18.31 करोड़ डालर की गिरावट आयी और यह 42.01 अरब डालर पर आ गया। अंतराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत घटने से आरबीआई के स्वर्ण भंडार में यह गिरावट दिखी है । भारत के विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में भी इस दौरान 1.87 अरब डालर की कमी आयी । इसी तरह अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित देश का विदेशी मुद्रा कोष सप्ताह के दौरान करीब 28 करोड़ डालर घट कर 5.15 अरब डालर रह गया।

### महाराष्ट्र सरकार ने सीएनजी पर वैट घटाकर तीन फीसदी किया

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने सीएनजी पर मूल्यवर्धित कर (वैट) को 13.5 प्रतिशत से घटाकर तीन प्रतिशत करने की घोषणा की। जिसे एक अप्रैल से लागू किया जाएगा और इससे टैक्सी, ऑटो, यात्री वाहनों सहित आम जनता को फायदा होगा। आधिकारिक राजपत्र के अनुसार महाराष्ट्र के उपसचिव मंदार केलकर ने कहा कि शुक्रवार को विधानसभा सत्र के आखिरी दिन वित्तमंत्री अजीत पंवार ने सीएनजी पर वैट को 13.5 प्रतिशत से घटाकार तीन प्रतिशत करने की घोषणा की। जारी अधिसूचना के मुताबिक राज्य में सीएनजी ईंधन एक अप्रैल से सस्ता हो जाएगा।

### श्रीलंका में कमर तोड़ महंगाई से लोग परेशान, एक किलो चीनी का रेट 300 रुपये के करीब

नई दिल्ली। श्रीलंका इस आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। जिसकी वजह से देश में जरूरी सामानों की कीमतों तेजी से उछाल देखने को मिल रहा है। श्रीलंका में यह संकट कितना गहरा है इस बात से इसका अंदाजा लगाया जा सकता है देश के अलग-अलग हिस्सों में बिजली की सप्लाई प्रभावित हो रही हैं। वहीं, देश में पेपर्स की सप्लाई प्रभावित होने की वजह से विद्यालय परीक्षाओं का आयोजन नहीं कर पा रहे हैं। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक देश में एक किलोग्राम चावल की कीमत 290 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है। वहीं, एक किलो चीनी के लिए भी लोगों को इतना ही पैसा खर्चा करना पड़ रहा है। समाचार एजेंसी रायटर्स के अनुसार जिसकी वजह रैस्टोरेंट में चाय की कीमतों में तगड़ी उछाल देखने को मिली। मौजूदा समय में एक चाय के लिए लोगों के 100 रुपये तक खर्च करने पड़ रहे हैं। वहीं, देश के पास इतना पैसा नहीं है कि वह बाहर खाने-पीने का सामान मंगा सके। सरकारी आंकड़ों के अनुसार फरवरी में महंगाई दर 15.1त्न थी। जोकि एशिया में सबसे अधिक थी। वहीं, खाद्द मंहगाई दर की बात करें तो वह 25.7त्न फरवरी में थी। देश में विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 2.31 अरब डॉलर ही रह गया है। इस कठिन समय में भारत की तरफ से श्रीलंका की मदद की जा रही है।

### राशन कार्ड धारकों के लिए बड़ी अपडेट, जल्दी से निपटा लें ये जरूरी काम

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार ने शपथ के अगले दिन बड़ा फैसला लिया। सरकार की तरफ फ्री राशनकी योजना को अगले तीन महीने के लिए जारी रखने का ऐलान किया गया। उत्तर प्रदेश के करोड़ों लाभार्थियों को इसका सीधा फायदा होगा। अगर आप भी राशन कार्ड धारक हैं तो आपके लिए बड़ी अपडेट है। राशन कार्ड को आधार कार्ड से लिंक करना अनिवार्य हो गया है। आइए जानते हैं कि यह प्रक्रिया आप ऑनलाइन कैसे कर सकते हैं पहले आधार कार्ड से राशन कार्ड को लिंक करने की आखिरी तारीख 31 मार्च 2022 थी। लेकिन इसे अब आगे बढ़ा दिया गया है। राशन कार्ड को आधार कार्ड से लिंक करने की आखिरी तारीख अब 30 जून 2022 है। लेकिन आखिरी तारीख का इंतजार मत करिए।

# एयरटेल ने 5जी पर इमर्सिव वीडियो एंटरटेनमेंट का किया प्रदर्शन

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। दूरसंचार सेवायें प्रदान करने वाली प्रमुख कंपनी भारती एयरटेल ने अपने हाई स्पीड 5जी टेस्ट नेटवर्क पर अत्याधुनिक इमर्सिव वीडियो तकनीकों का प्रदर्शन किया है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इसके माध्यम से वीडियो मनोरंजन के भविष्य को बदलने और उपयोगकर्ता अनुभव को अगले स्तर तक ले जाने का काम किया है। पलक झपकते ही मिलने वाली 5जी की उच्च गति क्षमताओं का प्रदर्शन किया।

एयरटेल ने अपने हाई स्पीड 5जी टेस्ट नेटवर्क पर अत्याधुनिक इमर्सिव वीडियो तकनीकों का उपयोग करते हुए 1983 क्रिकेट विश्व कप के दौरान जिम्बाब्वे के खिलाफ कपिल देव की प्रसिद्ध 175 नॉट आउट पारी को स्टेडियम के अनुभव के साथ रिक्रिएट किया। 4 के मोड में विशेष रूप से तैयार किए गए 175 रिप्लेड वीडियो के माध्यम से मैच के महत्वपूर्ण क्षणों को जीवंत किया गया। अब तक 1983 क्रिकेट वर्ल्ड के दौरान इस दिन टीवी टेकनीशियनों की हड़ताल की वजह से कपिल देव की इस महान पारी का कोई वीडियो फुटेज उपलब्ध नहीं था।

उसने कहा कि एक जीबीपीएस से अधिक की गति और 20 मिली सेकेंड (एमएस) से कम की विलंबता के साथ, 50 से अधिक उपयोगकर्ताओं ने एक ही समय मे 5जी स्मार्टफ़ोन पर कई कैमरा कोणों के रियल-टाइम एक्सेस, स्टेडियम के अंदर के 360-




डिग्री व्यू, शॉट्स के विश्लेषण और आंकड़ों के साथ निर्मित मैच के पूरी तरह से पर्सनलाइज्ड 4के वीडियो का आनंद लिया।

उसने कहा कि भारत की पहली 5जी संचालित होलोग्राम बातचीत में कपिल देव के साथ संवाद ने इस सत्र को और भी रोमांचक बना दिया। इस दौरान क्रिकेटर कपिल देव एयरटेल 5जी पावर्ड वर्चुअल अवतार के माध्यम से वास्तविक समय में प्रशंसकों के साथ बातचीत करने और उन्हें अपनी पारी के महत्वपूर्ण क्षणों के बारे में बताने के लिए भी मंच पर दिखाई दिए।

कंपनी के सीटीओ रणदीप सेखों ने कहा, 5जी की गीगाबिट स्पीड और मिली सेकेंड लेटेंसी हमारे मनोरंजन का उपभोग करने के तरीके को बदल देगी। आज के प्रदर्शन के साथ, हमने केवल 5जी की अनंत संभावनाओं और डिजिटल दुनिया में अत्यधिक व्यक्तिगत इमर्सिव अनुभवों की सतह को उजागर किया है। 5जी आधारित होलोग्राम के साथ, हम वर्चुअल अवतारों को किसी भी स्थान पर ले जाने में सक्षम होंगे।

यह बैठकों और सम्मेलनों, लाइव समाचारों और अन्य कई मामलों के लिए गेम चेंजर साबित होगा। एयरटेल इस उभरती डिजिटल दुनिया में 5जी के लिए पूरी तरह से तैयार है और भारत के लिए नए और अभिनव प्रयोग तैयार कर रहा है जो प्रक्रिया में है। हम इस अवसर पर दूरसंचार विभाग को धन्यवाद देते हैं कि उसने हमें ट्रायल स्पेक्ट्रम दिया, ताकि ऐसे प्रयोगों के माध्यम से हमारी तकनीक का मूल्यांकन किया जा सके।

एयरटेल ने भारत सरकार के दूरसंचार विभाग द्वारा आवंटित 3500 मेगाहर्ट्ज बैंड परीक्षण स्पेक्ट्रम पर आधारित एनएसए और एसए मोड में एरिक्सन 5 जी रेडियो का उपयोग करते हुए मानेसर (गुरुग्राम) में अपने नेटवर्क एक्सपीरियंस केंद्र में यह प्रदर्शन किया।

एयरटेल भारत में 5जी की अगुवाई कर रही है। इस वर्ष की शुरुआत में एयरटेल ने लाइव 4जी नेटवर्क पर भारत के पहले 5जी अनुभव का प्रदर्शन किया।

# पेट्रोल-डीजल की कीमतों में उछाल



**देश के चार बड़े महानगरों में पेट्रोल और डीजल के दाम**

| महानगर | पेट्रोल | डीजल (रुपए प्रति लीटर) |
|---|---|---|
| दिल्ली | 98.61 | 89.87 |
| कोलकाता | 108.01 | 93.01 |
| मुंबई | 113.35 | 97.55 |
| चेन्नई | 104.43 | 94.47 |

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** देश में तेल विपणन करने वाली कंपनियों ने शनिवार को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 80 पैसे प्रति लीटर का इजाफा कर दिया। बीते पांच दिनों में चौथी बार पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़े हैं।

राजधानी दिल्ली में पेट्रोल-डीजल के दामों में बढ़ोत्तरी के साथ यहां पेट्रोल 98.61 रुपये और डीजल 89.87 रुपये प्रति लीटर हो गया है। जबकि शुक्रवार को पेट्रोल 97.81 और डीजल 89.07 की कीमत पर था।

तेल कंपनियों ने 137 दिनों की स्थिरता के बाद पेट्रोल-डीजल कीमतों में बढ़ोतरी शुरू कर दी है। जिससे अब तक पेट्रोल-डीजल की कीमत 3.20 पैसे तक बढ़ गए हैं।

मुंबई में पेट्रोल और डीजल के दाम इस बढोतरी से 113.35 और 97.55 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं।

रूस के यूक्रेन पर हमला करने के कारण वैश्विक स्तर पर तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बाधित होने की आशंका में इनकी कीमतों में उछाल आया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चा तेल इसके कारण 13 वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंच चुका है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। लंदन ब्रेंट क्रूड 120.65 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 0.23 प्रतिशत की बढोतरी के साथ 112.60 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की नित्य प्रतिदिन समीक्षा होती है और उसके आधार पर प्रतिदिन सुबह छह बजे से नयी कीमतें लागू की जाती हैं।

# दिल्ली में 15 अस्पतालों के उन्नयन और चार नए अस्पताल बनाने का प्रस्ताव

**नयी दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने शनिवार को वित्त वर्ष 2022-23 के बजट में ऐलान किया कि राष्ट्रीय राजधानी में 15 अस्पतालों को उन्नत बनाने का काम शुरू हो चुका है जबकि चार नए अस्पतालों के निर्माण की योजना बनाई जा रही है।

दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने विधानसभा में वर्ष 2022-23 का बजट पेश करते हुए स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 9,769 करोड़ रुपये आवंटित करने की घोषणा की। पिछले साल में किए गए बजटीय आवंटन की तुलना में यह राशि कम है। वर्ष 2021-22 के लिए बजट में 9,934 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे। उन्होंने कहा कि दिल्ली में 20 आम आदमी स्कूल क्लिनिक भी काम करना शुरू कर चुके हैं। इसके स्टाफ में एक मनोचिकित्सक भी होता है जो हर महीने पर बच्चों की मानसिक सेहत का परीक्षण करता है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार की शुरू की गई मोहल्ला क्लिनिक की संकल्पना को अब दूसरे राज्यों में भी अपनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के मोहल्ला क्लिनिक में 5.49 करोड लोगों का इलाज किया जा चुका है। उन्होंने मोहल्ला क्लिनिक की संख्या बढ़ाकर 1,000 किए जाने की भी घोषणा की।

सिसोदिया ने बजट भाषण में कहा कि दिल्ली सरकार ने अपने 15 मौजूदा अस्पतालों को उन्नत करने का काम शुरू कर दिया है जबकि चार नए अस्पतालों के निर्माण की योजना बनाई जा रही है।

# बिड़ला एस्टेट्स का बेंगलुरु में टाउनशिप विकसित करने के लिए संयुक्त उद्यम

नयी दिल्ली। बिड़ला एस्टेट्स ने बेंगलुरु के उत्तरी इलाके में 52 एकड़ भूभाग में एक टाउनशिप के विकास के लिए एक संयुक्त उद्यम स्थापित किया है। उसे इस परियोजना से 3,000 करोड़ रुपये का राजस्व जुटाने की संभावना है।

सेंचुरी टेक्सटाइल्स एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड की रियल एस्टेट फर्म बिड़ला एस्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड ने एक बयान में कहा कि नॉर्थ बेंगलुरु में 52 एकड़ भूभाग में एक टाउनशिप बनाने के लिए उसने एम एस रमैया रियल्टी एलएलपी के साथ करार कर एक संयुक्त उद्यम स्थापित किया है। बिड़ला एस्टेट्स ने कहा कि संयुक्त उद्यम के तहत विकसित की जाने वाली इस परियोजना से करीब 3,000 करोड़ रुपये का राजस्व जुटाने की संभावना है। इसके तहत करीब 40 लाख वर्ग फुट क्षेत्र का विकास किया जाएगा।

इस परियोजना में आवासीय इकाइयों के साथ ही खुदरा एवं वाणिज्यिक इकाइयां भी बनाई जाएंगी। यह एक एकीकृत मिनी टाउनशिप परियोजना होगी। बिड़ला एस्टेट्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के टी जीतेंद्रन ने कहा, ''बेंगलुरु हमारे लिए अहम बाजार है और कम समय में ही यहां पर अपनी तीसरी परियोजना का ऐलान करने की हमें खुशी है।'' कंपनी की बेंगलुरु में पहले से ही दो परियोजनाएं चल रही हैं।

# फर्जी पैकर्स-मूवर्स से लोगों को बचने की अपील : एमएफआई

**नयी दिल्ली।** एक स्थान से दूसरे स्थान पर सामानों को पहुंचाने की सेवायें प्रदान करने वाली पैकर्स मूवर्स कंपनियों के शीर्ष संगठन मूवर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एमएफआई) ने इस क्षेत्र में तेजी से आ रही फर्जी कंपनियों से लोगों को बचने की सलाह देते हुये आज कहा कि अपने घर की कीमती सामान को लुटने से बचायें।

लोगों में इस तरह की फर्जी कंपनियों के प्रति जागरूकता लाने और इस तरह के फ्रॉड रोकने एवं उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य श्री अजित शर्मा के साथ इंडस्ट्री के ही कुछ लोगों ने इस संगठन का गठन किया। संगठन द्वारा देश भर की पैकर्स मूवर्स कंपनियों को सदस्य बनाया गया और इंडस्ट्री को संगठित करने के प्रयास किए गए। यह संगठन अपनी सदस्य कंपनियों को नई तकनीक का इस्तेमाल कर बेहतर काम करने का प्रशिक्षण देता है । एमएफआई फ्रॉड कंपनियों से बचने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाता है।

एमएफआई के सचिव एवं प्रवक्ता अनूप मिश्रा ने आज यहां संपन्न दो दिवसीय 5वीं राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन के अवसर पर संवाददाताओं से कहा कि संगठन इंडस्ट्री में गुणवत्ता के उच्च मानकों के लिए कटिबद्ध है और अपने सदस्यों के कामकाज पर कड़ी नजर रखता है। किसी भी सदस्य के किसी भी तरह की गलत व्यापारिक गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर संगठन की सदस्यता से हटा दिया जाता है। कॉन्फ्रेंस में उपस्थित संगठन के सभी सदस्यों ने शपथ भी ली कि वह अपना काम पूरी इमानदारी और सच्चाई के साथ करेंगे और ग्राहकों को बेहतरीन सेवा प्रदान करेंगें।

उन्होंने कहा कि पिछले दो साल में कोरोना महामारी के दौरान बदले परिदृश्य में एमएफआई ने इंडस्ट्री को भी तेजी से बदलने की हिदायत दी है, ऑनलाइन ट्रैकिंग, ई बिलिंग, वीडियो सर्वे और मानव संपर्क रहित डिलीवरी जैसे नए तरीके अपनाने पर जोर दिया गया है।

संगठन के अनुसार कोरोना काल में फर्जी पैकर्स मूवर्स कंपनियों द्वारा देश के अनेक शहरों में पीड़ित लोगों की मदद करने और उनका लूटा गया सामान बरामद करवाने में संगठन सफल रहा है। नामी गिरामी कंपनियों से मिलते जुलते नामों वाली कंपनियों से उपभोक्ता गुमराह होते हैं और ऐसी कंपनियों को संगठन का सदस्य नहीं बनाया जायेगा। संगठन द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत सामान की पैकेजिंग के लिए प्लास्टिक के इस्तेमाल को पूरी तरह से बंद करने की मुहिम भी पिछले कई वर्षों से चलाई जा रही है ।

रियूजेबल कपड़े के कंबलों को पैकेजिंग के लिए प्रयोग करने पर जोर दिया जा रहा है ।

एमएफआई का कहना है कि अनुमानित 5 अरब डॉलर वाली भारतीय पैकर्स एंड मूवर्स इंडस्ट्री करोड़ों लोगों को रोजगार उपलब्ध कराती है और कोरोना के चलते इस इंडस्ट्री को बहुत नुकसान पहुंचा है।

# देश से रिकार्ड 50 अरब डॉलर का कृषि निर्यात : रमेश चांद

**नयी दिल्ली।** नीति आयोग के सदस्य रमेश चांद ने आज कहा कि कोरोना संकट के बावजूद चालू वित्त वर्ष में देश में पहली बार 50 अरब डॉलर के कृषि निर्यात हुआ है, जो एक रिकॉर्ड है।

श्री चांद ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) की 93वीं आम बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि देश में पहली बार चार सौ अरब डॉलर के निर्यात लक्ष्य को हासिल कर लिया है जो एक नई उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि आश्चर्यजनक रूप से एक बार में कृषि निर्यात 22 प्रतिशत बढ़ा है जो इस क्षेत्र में हुई प्रगति को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि देश से खाद्यान्न के साथ ही पशुधन उत्पाद निर्यात किया गया है।

उन्होंने कहा कि आईसीएआर का अतीत और वर्तमान गौरव में रहा है और भविष्य भी गौरवपूर्ण होगा। समाज को आईसीएआर से बहुत अपेक्षाएं हैं और आधुनिक समाज की अपेक्षाएं बदल रही हैं।

उन्होंने हरित क्रांति की सफलता की चर्चा करते हुए कहा कि देश में प्रति व्यक्ति खाद्यान उत्पादन दो गुना से ज्यादा हो गया है।

कृषि विशेषज्ञ ने कहा कि 1980 - 83 के दौरान प्रति व्यक्ति प्रतिदिन एक किलो खाद्यान उत्पादन का यानि एक साल में एक व्यक्ति के लिए 365 किलो खाद्यान उत्पादन होता था जो अब बढ़कर प्रतिदिन प्रति व्यक्ति दो किलो ग्राम यानि सालाना 720 किलो ग्राम खाद्यान पैदावर हो गया है। उन्होंने कहा कि अगले 10 - 12 साल में तीन से साढ़े तीन प्रतिशत के बीच खाद्यान उत्पादन बढ़ने का अनुमान है जबकि जनसंख्या में वृद्धि 1.3 प्रतिशत से 1.4 प्रतिशत के बीच हो सकती है। इस दौरान खाद्यान की मांग दो प्रतिशत तक बढ़ सकती है।

श्री चांद ने कहा कि इन आंकड़ों के विश्लेषण से स्पष्ट है कि देश से कृषि उत्पादों का निर्यात करना ही होगा जो वर्तमान से बहुत अधिक हो सकता है। उन्होंने कहा कि इस स्थिति में यदि प्राकृतिक और जैविक खेती का प्रयोग किया जाता है तो इससे खाद्य सुरक्षा को कोई खतरा नहीं हो सकता है। इससे गुणवत्ता पूर्ण और पोषण युक्त खाद्यानों का उत्पादन हो सकेगा और प्राकृतिक संसाधनों का दोहन कम हो सकेगा।

कृषि विशेषज्ञ ने कहा कि श्रीलंका का अचानक जैविक खेती के क्षेत्र में उतरने से उसकी कृषि प्रणाली बर्बाद हो गयी है जबकि भारत के सिक्किम में जैविक खेती का प्रयोग सफल रहा है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक और जैविक खेती को लेकर अनेक प्रयोग हुए हैं जिनमें कुछ फसलों का उत्पादन बढ़ गया है जबकि कुछ फसलों की पैदावर में भारी गिरावट आई है।

# एनएसई की पूर्व मुखिया की जमानत अर्जी पर अदालत ने सीबीआई से मांगा जवाब

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की पूर्व प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी चित्रा रामकृष्ण की जमानत अर्जी पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से दो हफ्तों के भीतर पक्ष रखने को कहा है। विशेष न्यायाधीश संजीव अग्रवाल ने एनएसई को-लोकेशन में गिरफ्तार की गईं चित्रा की तरफ से लगाई गई जमानत अर्जी पर सीबीआई को नोटिस जारी करते हुए कहा कि वह आठ अप्रैल तक इस पर अपना पक्ष रखे। शुक्रवार को दायर की गई इस अर्जी में दावा किया गया है कि अब मामले की पूछताछ के लिए चित्रा की जरूरत नहीं रह गई है लिहाजा उन्हें हिरासत में रखने से कोई मकसद पूरा नहीं होगा। सीबीआई ने चित्रा की अग्रिम जमानत याचिका खारिज हो जाने के बाद को-लोकेशन मामले में चित्रा को गिरफ्तार किया है। इसके पहले चित्रा से सीबीआई ने कड़ी पूछताछ की थी। आयकर विभाग ने भी उनके परिसरों पर छापे मारे थे। इस मामले में चित्रा के कार्यकाल में ही एनएसई के समूह परिचालन अधिकारी रहे आनंद सुब्रमण्यन की जमानत अर्जी को बृहस्पतिवार को खारिज कर दिया था। ब्रोकरेज फर्मों को एनएसई परिसर के भीतर सर्वर रखने की छूट देने वाली को-लोकेशन व्यवस्था के दुरुपयोग की जांच की जा रही है। इस मामले में मई 2018 में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

# पीएसयू की विनिवेश प्रक्रिया में खुली बिक्री पेशकश संबंधी प्रावधानों में छूट का प्रस्ताव

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के विनिवेश के लिए खुली बिक्री पेशकश निर्धारित करने की प्रक्रिया में बदलावों का प्रस्ताव रखा है।

सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) के विनिवेश के मामले में पेशकश मूल्य तय करने की समीक्षा पर एक परामर्श पत्र जारी करते हुए बाजार नियामक ने कहा है कि इस कदम का उद्देश्य कुछ प्रावधानों से छूट देना है। इसमें पेशकश मूल्य की गणना के लिए 60 दिन के औसत बाजार मूल्य को ध्यान में रखने जैसी आवश्यकता को खत्म करना शामिल है।

खुली बिक्री पेशकश के प्रावधानों में बदलाव संबंधी यह प्रस्ताव ऐसे समय लाया गया है जब सरकार की कुछ और कंपनियों में अपनी हिस्सेदारी बेचने की योजना है।

सेबी ने कहा है कि पीएसयू का रणनीतिक विनिवेश निजी तौर पर होने वाले करारों से अलग होता है। उसने कहा कि निजी लेनदेन की घोषणा बाध्यकारी समझौतों के बाद ही होती है इसलिए इसका लक्षित कंपनियों के कारोबारी मूल्य पर ज्यादा असर नहीं पड़ता है।

वहीं सार्वजनिक उपक्रमों के रणनीतिक विनिवेश के मामले में जानकारी सार्वजनिक तौर पर उस समय उपलब्ध होती है जब मंत्रिमंडल की इस बारे में मंजूरी मिल जाती है। इसके बाद अलग-अलग चरणों में घोषणाएं की जाती हैं जिससे पीएसयू का बाजार मूल्य बहुत अधिक प्रभावित होता है।

इस तरह की हिस्सेदारी बिक्री के लिए बोलीदाताओं में से किसी को चुना जाता है और इस प्रक्रिया में कई महीनों या वर्षों का समय लग जाता है। इसके परिणामस्वरूप संभावित अधिग्रहणकर्ता के समक्ष परिवर्तनशील खुली पेशकश होती है क्योंकि विनिवेश की घोषणा के बाद बाजार मूल्य बढ़ने लगता है। ऐसे में समझौता होने तक खुली बिक्री पेशकश की देयता का भार भी बढ़ जाता है।

दूसरी ओर, सेबी ने खुली और पुनर्खरीद पेशकश को पूरा करने में लगने वाले कुल समय को कम करने के लिए प्रक्रियात्मक गतिविधियों के लिए समय-सीमा में बदलाव का सुझाव दिया है, जिसमें शेयरों की निविदा के लिए कम समयावधि भी शामिल है।

प्रस्तावित बदलावों से खुली पेशकश को पूरा करने में लगने वाला कुल समय मौजूदा 62 कार्य दिवसों से घटकर 42 कार्य दिवस हो जाएगा, जबकि पुनर्खरीद के मामले में, समयावधि वर्तमान 43 कार्य दिवसों से घटकर 36 कार्य दिवस हो जाएगी।

सेबी ने कहा कि ये परिवर्तन निवेशकों के हितैषी होने के साथ प्रक्रिया को प्रभावी बनाएंगे।

# दो से तीन साल में दलहन पैदावार में आत्मनिर्भर होगा भारतः महापात्रा

नयी दिल्ली। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के महानिदेशक त्रिलोचन महापात्रा ने आज कहा कि सभी संबंधित पक्षों के सहयोग से देश दो से तीन वर्षों में दलहन के उत्पादन में आत्मनिर्भर हो जाएगा।

डॉ महापात्रा आईसीएआर की 93वीं आम बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि किसान, वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र और राज्य सरकारें दलहन उत्पादन की दिशा में मिलकर काम करें तो इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने देश में लगातार फसलों के उत्पादन में हो रही वृद्धि की चर्चा करते हुए कहा कि वर्ष 2016-17 के दौरान देश में कुल खाद्यान उत्पादन 27.5 करोड़ टन था जो वर्ष 2021-22 में बढ़कर 31.6 करोड़ टन पहुंचने वाला है। उन्होंने कहा कि दलहन के उत्पादन के क्षेत्र में क्रांति आयी है। वर्ष 2015-16 के दौरान दलहनों का उत्पादन 1.6 करोड़ से 1.7 करोड़ टन था जिसमें अब तक साठ लाख से अस्सी लाख टन से अधिक की वृद्धि हुई है। इसके कारण दलहनों के आयात में पचास प्रतिशत की कमी आयी है ऐसा सभी पक्षों के योगदान से हुआ है।

डॉ महापात्रा ने कहा कि सरकार ने दलहनों के लिए 20 लाख टन का बफर स्टॉक बनाया है, दलहनों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में प्रर्याप्त वृद्धि की गई जिसके कारण किसानों ने बडे पैमाने पर इसकी खेती शुरू की। अब देश में दलहनी फसलों की खेती के लिए सालाना 70 प्रतिशत तक नए बीज का उपयोग हो रहा है। वर्ष 2017-18 तक देश में दलहनों के करीब 50 प्रतिशत तक ही बीज बदले जाते थे। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि दलहनों के 80 प्रतिशत बीज बदलने की जरूरत है।

डॉ महापात्रा ने कहा कि वर्ष 2020-21 के दौरान घरेलू खाद्य तेल की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 41 अरब डॉलर के खाद्य तेल का आयात किया गया। इस आयात में कमी लाने के लिए अनेक कदम उठाए जा रहे हैं जिनके परिणाम कुछ वर्षों में सामने आएंगे।

उन्होंने कृषि निर्यातों में बासमती चावल की अहम भूमिका की चर्चा करते हुए कहा कि वर्ष 2020-21 के दौरान देश से तीस हजार करोड़ रुपये मूल्य के बासमती चावल का निर्यात किया गया। देश से बासमती की चार किस्मों का निर्यात किया जाता है इनमें पूसा 1121, पूसा 1509, पूसा 1718 और पूसा 6 बासमती प्रमुख है। बासमती की इन किस्मों की बेहतरीन गुणवत्ता है जिसके कारण विदेशों में इसकी भारी मांग है।

महानिदेशक ने देश में कृषि तकनीक के विस्तार में कृषि विज्ञान केन्द्रों की अहम भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसमें देश के किसानों का सशक्तिकरण किया है और इससे उनकी आय बढ़ी है। कोविड संक्रमण के बावजूद कृषि विज्ञान केन्द्रों में 16 लाख किसानों को उन्नति कृषि का प्रशिक्षण दिया।

इसके साथ ही इन केन्द्रों में बीज उत्पादन किया गया और किसानों के रोपण सामग्री का भी वितरण किया गया। इन केन्द्रों में फ्रंटलाइन प्रदर्शनी का भी आयोजन किया।

उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने के लिए कृषि विज्ञान केन्द्रों ने दो गांव को गोद लिया है देश के करीब 75 हजार किसानों की आय दो से तीन गुनी बढ़ी है जिनकी सफलता की कहानी को लिपिबद्ध किया जा रहा है। यह सफलता आधुनिक तकनीकों को अपनाए जाने से मिली है।

डॉ महापात्रा ने कहा कि बागवानी फसलों का उत्पादन भी रिकॉर्ड स्तर पर हुआ है और यह करीब 33 करोड़ टन पहुंच गया है। उन्नति बागवानी के लिए 58 नए किस्मों की पहचान की गई है।

ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं और बच्चों में कुपोषण की समस्या को दूर करने के लिए 13 राज्यों में 75 न्यूट्री स्मार्ट विलेज का चयन किया गया है। इसी प्रकार से जलवायु में हो रहे परिवर्तन के मद्देनजर 45 नए गांव का चयन किया गया है। प्राकृतिक खेती पर भी कार्यक्रम शुरू किए गए है।

## शार्ट न्यूज

### विश्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी बनने पर बोलीं स्वितेक, 'काल्पनिक लगता है'

**मियामी।** ऑस्ट्रेलिया की एश्ले बार्टी के टेनिस से संन्यास लेने और डब्ल्यूटीए रैंकिंग से हटने के बाद पोलैंड की इगा स्वितेक दुनिया की नंबर एक टेनिस खिलाड़ी बन गई हैं, जो पहले दूसरे स्थान पर थीं। बार्टी ने कुछ दिनों पहले टेनिस से सन्यास लेने के साथ-साथ नंबर एक रैंकिंग से हटने की घोषणा की थी। स्वितेक ने ट्वीट में अपनी खुशी जाहिर करते हुए लिखा, मुझे पूरा यकीन है कि कल सूरज ठीक उसी तरह चमकेगा जैसे आज, लेकिन अभी के लिए यह काल्पनिक लगता है कि मैं नंबर एक पर हूं। उल्लेखनीय है कि स्वितेक ने मियामी ओपन के दूसरे दौर में शुक्रवार को यहां रात स्विट्ज़रलैंड की विक्टोरिजा गोलूबिक को 6-2, 6-0 से हराकर यह कीर्तिमान हासिल किया। टूर्नामेंट के समापन पर चार अप्रैल को रैंकिंग अपडेट की जाएगी और तब बार्टी का नाम आधिकारिक तौर पर हटा दिया जाएगा और स्वितेक इस स्थान पर काबिज होंगी। 20 वर्षीय स्वितेक महिला एकल रैंकिंग में नंबर एक स्थान हासिल करने वाली 28वीं महिला बनी हैं। स्वितेक ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने वाली पोलैंड की पहली खिलाड़ी भी हैं। उन्होंने 2020 की रोलैंड-गैरोस ट्रॉफी जीती थी।

### रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज का चार जून से आगाज

मुंबई। टी-20 क्रिकेट लीग रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज के दूसरे संस्करण का आगाज चार जून से होगा। सीरीज तीन जुलाई तक तीन स्थानों लखनऊ, इंदौर और जोधपुर में खेली जाएगी। न्यूजीलैंड लीजेंड्स इस सीजन नई टीम है। वह देश और दुनिया भर में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए खेले जाने वाले इस 30 दिवसीय आयोजन के दौरान भारत, ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, वेस्ट इंडीज, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश और इंग्लैंड लीजेंड्स के साथ जुड़ेगी। टूर्नामेंट भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय तथा सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय और युवा मामले एवं खेल मंत्रालय द्वारा समर्थित है। अमेरिका आधारित 27वें निवेश द्वारा समर्थित 27वां स्पोर्ट्स लीग का अनन्य वाणिज्यिक अधिकार धारक है, जबकि प्रोफेशनल मैनेजमेंट ग्रुप (पीएमजी) इवेंट मैनेजमेंट पार्टनर है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इस बारे में कहा, सड़क सुरक्षा विश्व श्रृंखला क्रिकेट के माध्यम से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए एक बहुत अच्छी पहल है। हम चाहते हैं कि देश में हर व्यक्ति जागरूक हो और सड़क पर चलते वक्त हर नियम और कानून का पालन करे। ऐसा सुनिश्चित करने के लिए हमें लोगों में जागरूकता पैदा करनी होगी। मेरा दृढ़ विश्वास है कि यह श्रृंखला भारतीय सड़कों पर जीवन बचाने के लक्ष्य को हासिल करने में सक्षम होगी।

### महिला आईपीएल पर बोलीं शैफाली, युवा खिलाड़ियों को सीखने को मिलेगा

क्राइस्टचर्च। युवा भारतीय सलामी बल्लेबाज शैफाली वर्मा ने शनिवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से 2023 से छह टीमों के महिला आईपीएल शुरू करने के प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि युवा खिलाड़ियों को इस टूर्नामेंट से बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। शैफाली ने कहा, यह बहुत अच्छी बात है अगर अगले साल से छह टीमों का महिला आईपीएल शुरू होगा। युवा खिलाड़ियों को इससे बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। उल्लेखनीय है कि बीसीसीआई ने मौजूदा 10 पुरुष आईपीएल फ्रेंचाइजियों को महिला आईपीएल टीमों को खरीदने के लिए प्राथमिकता दिए जाने की बात कही है। ऐसे में यह पूछे जाने पर कि उनकी पसंदीदा टीम कौन सी है, 18 वर्षीय शैफाली ने मुंबई इंडियंस का नाम लिया। वह फिलहाल न्यूजीलैंड में 2022 आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के लिए भारतीय टीम के साथ हैं। वहीं भारत अंक तालिका में फिलहाल पांचवें स्थान पर है। उसके सामने करो या मरो की स्थिति है। 27 मार्च को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आखिरी लीग मैच में जीत या मैच बेनतीजा रहने पर उसके सेमीफाइनल में प्रवेश करने की उम्मीद बढ़ जाएगी, लेकिन अगर वह यह मैच हार जाता है तो वह टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगा।

### विश्व ब्रिज चैंपियनशिन 2022 में हिस्सा लेने के लिए छह सदस्यीय भारतीय टीम इटली रवाना

कोलकाता। कप्तान सह कोच देबाशीष रे की अध्यक्षता में छह सदस्यीय भारतीय टीम 27 मार्च से साल्सोमागोइरे में होने वाली 45वीं विश्व ब्रिज चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए इटली रवाना हो गई है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। कप्तान सह कोच रे ने इटली रवाना होने से पहले कहा कि टीम हर चार साल में एक बार होने वाले माइंड गेम की सबसे बड़ी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए कल रात यहां से रवाना हुई। टीम के अन्य सदस्यों में सुमित मुखर्जी, जग्गी शिवदासानी, संदीप ठकराल, कीजाद अंकेलसारिया और राजेश्वर तिवारी हैं। उल्लेखनीय है कि चैंपियनशिप 27 मार्च से नौ अप्रैल तक होनी है, जिसमें भारत के महिला, मिश्रित और वरिष्ठ टीमों को मैदान में उतारने की उम्मीद है।

### आरसीबी का टाइटल प्रायोजक बना रहेगा मुथूट फिनकॉर्प

नयी दिल्ली। भारत की गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों में से एक और मुथूट पप्पचन समूह की प्रमुख इकाई मुथूट फिनकॉर्प आईपीएल में लगातार तीसरे वर्ष रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की शीर्षक प्रायोजक बनी रहेगी। मुथूट फिनकॉर्प का इस साझेदारी तहत अपनी सेवाओं के उद्देश्य और फायदों को आम जन तक पहुंचाने का इरादा है, जिसका उद्देश्य लोगों के जीवन को बदलना है। मुथूट ब्लू एवं मुथूट फिनकॉर्प लिमिटेड के निदेशक थॉमस जॉर्ज मुथूट इस बारे में कहा, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ हमारी भागीदारी धैर्य, दृढ़ संकल्प और असीमित अवसर पैदा करने जैसे सामान्य मूल मूल्यों का प्रतिबिंब है। आरसीबी के पास सभी टी-20 टीमों की तुलना में अधिक प्रशंसक आधार है और हमें विश्वास है कि उनके देश भर में अत्यधिक संख्या में प्रशंसकों के साथ, कड़ी मेहनत की कमाई को बचाने और लाखों प्रशंसकों का विश्वास बनाए रखने के लिए सरल समाधान प्रदान करना इस साझेदारी का लक्ष्य होगा। साझेदारी के हिस्से के रूप में मुथूट फिनकॉर्प लोगो को आरसीबी के मैच और प्रशिक्षण जर्सी पर प्रमुखता से रखा जाएगा और प्रशिक्षण जर्सियां तथा सहयोग देश भर में लाखों प्रशंसकों के साथ सोशल मीडिया एकीकरण के साथ-साथ आरसीबी खिलाड़ियों की विशेषता वाले टीवी विज्ञापनों के साथ जुड़ने पर भी ध्यान देगा।

### न्यूजीलैंड ने आखिरी लीग मैच जीता, प्लेऑफ में क्वालिफाई करने की उम्मीद बहुत कम

क्राइस्टचर्च। अनुभवी सलामी बल्लेबाज सूजी बेट्स (126) के शानदार शतक और हना रोवे (55 रन पर पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने यहां शनिवार को 2022 आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के अपने आखिरी लीग मैच में पाकिस्तान को 71 रन से एकतरफा अंदाज में हरा दिया। उसके हालांकि प्लेऑफ में क्वालिफाई करने की संभावना बहुत कम है। न्यूजीलैंड ने आखिरी मैच में बड़ी जीत के साथ न केवल दो अंक हासिल किए, बल्कि अपने नेट रन रेट को भी बेहतर किया। इसके बावजूद उसका टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचना बहुत मुश्किल है। न्यूजीलैंड केवल एक ही स्थिति में सेमीफाइनल में पहुंच सकता है, अगर इंग्लैंड और भारत अपने-अपने आखिरी लीग मैचों में बड़े अंतर से हारते हैं। उल्लेखनीय है कि न्यूजीलैंड सात लीग मैचों में से तीन मैच जीत कर छह अंकों और +0.027 के नेट रन रेट के साथ अंक तालिका में छठे स्थान पर है। वहीं इंग्लैंड और भारत छह मैचों में तीन हार और तीन जीत के साथ छह अंक लेकर क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। इंग्लैंड का नेट रन रेट +0.778 है जो भारत से थोड़ा सा बेहतर है। भारत का नेट रन रेट +0.768 है।

# रोहित और पंत में होगा दिलचस्प मुकाबला




मुंबई। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और सीमित ओवरों के उपकप्तान ऋषभ पंत की टीमों क्रमशः मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच रविवार को होने वाले टाटा आईपीएल मुकाबले में दिलचस्प भिड़ंत होगी।

2021 में गत चैंपियन के तौर पर उतरी मुंबई इंडियंस एक स्थान से प्लेऑफ़ में जगह बनाने से रह गई थी, जहां वह पांचवें स्थान पर रही थी। टीम ने टूर्नामेंट में बहुत अंत में जाकर वापसी का प्रयास किया लेकिन तब तक बहुत देर हो गई थी। दूसरी तरफ दिल्ली कैपिटल्स ने लीग दौर में 14 मैचों में 10 में जीत दर्ज की थी, लेकिन वह दोनों क्वालीफ़ायर्स नहीं जीत पाए थे और फ़ाइनल में जगह बनाने से चूक गए थे।

हाल ही में नीलामी में ख़रीदे गए खिलाड़ियों में से केवल जोफ़्रा आर्चर ही इस सीज़न में नहीं खेल पाएंगे। वहीं चोटिल सूर्यकुमार यादव के दिल्ली कैपिटल्स के ख़िलाफ़ पहले मुक़ाबले में खेलने की उम्मीद कम है। क्विंटन डिकॉक और पांड्या भाईयों के जाने से मुंबई की बल्लेबाज़ी में कमज़ोरी आई थी, लेकिन उन्होंने नीलामी में इस कमी को अच्छे से पूरा कर लिया। उनके शुरुआती तीन क्रम के बल्लेबाज़ रोहित शर्मा, इशान किशन और सूर्यकुमार यादव मज़बूत हैं, जबकि किशन तीसरे या चौथे नंबर पर भी उतारा जा सकता है, जहां अनमोलप्रीत से ओपनिंग कराई जा सकती है। उन्होंने पिछले साल चेन्नई सुपर किंग्स के ख़िलाफ़ एक बार जरूर ओपनिंग की थी। इसी तरह नंबर पांच और नंबर छह पर फ़ीनिशर के रोल में उनके पास कीरोन पोलार्ड और टिम डेविड जैसे नाम हैं, इसके अलावा वह डेनियल सैम्स या फ़ेबियन ऐलेन में से किसी एक हरफ़नमौला को भी खिला सकते हैं। वहीं विदेशी खिलाड़ियों के विकल्पों में उनके पास बेबी एबी डेवाल्ड ब्रेविस भी हैं, जो हाल ही में समाप्त हुए अंडर 19 विश्व कप में प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट रहे थे, जहां पर उन्होंने मैदान के चारों ओर शॉट लगाते हुए 84.33 के औसत और 90.19 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए थे। उनके लिए एक ही सवाल यह है कि अगर सूर्यकुमार नंबर तीन पर बल्लेबाज़ी करेंगे तो नंबर चार पर कौन बल्लेबाज़ी करेगा। उनके पास युवा बल्लेबाज़ तिलक वर्मा का भी विकल्प है, जिन्होंने हैदराबाद के लिए घरेलू क्रिकेट में अच्छा किया है या वह अनमोलप्रीत के साथ भी जा सकते हैं। अगर कोई पहली पसंद का बल्लेबाज़ चोटिल या फ़ॉर्म से बाहर रहता है तो मुंबई के पास भारतीय बल्लेबाज़ों का भी कम विकल्प है ।जसप्रीत बुमराह मुंबई के तेज़ गेंदबाज़ी आक्रमण का नेतृत्व करना जारी रखेंगे, लेकिन अब उनके साथ टाइमल मिल्स होंगे, जिससे अब मुंबई के पास अच्छा डेथ बॉलिंग आक्रमण है। लेकिन डेथ ओवरों से पहल पावरप्ले आता है और अब मुंबई की टीम में ट्रेंट बोल्ट नहीं हैं जो पहले छह ओवरों में टोन सेट करते थे। ऐसे में मुंबई को सोचना होगा कि वह पावरप्ले में किससे गेंदबाज़ी कराए। बुमराह आम तौर पर पावरप्ले में केवल एक ही ओवर करते हैं, ऐसे में मुंबई जयदेव उनादकट और सैम्स के साथ जा सकत है जिनका 2019 आईपीएल से 7.22 और 7.10 का बेहतरीन इकॉनमी रहा है।

# पाकिस्तान में जीतना श्रीलंका और भारत दौरों के लिए बहुत अच्छी बात है : कमिंस



**लाहौर।** पाकिस्तान को टेस्ट सीरीज़ में 1-0 से पटखनी देने के बाद ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने कहा है कि इस सीरीज़ से उन्हें हौसला मिला है कि उनकी रणनीति और खेल की शैली उन्हें एशिया में भी जीत दिला सकती है। उनका यह भी मानना है कि इस जीत से उनके लिए श्रीलंका और भारत में आनेवाले दौरों के लिए आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान में 14 दिन के कठोर परिश्रम के बाद आख़िर शुक्रवार को लाहौर में 10 विकेट लिए, जिनमे से पांच नाथन लियोन के हाथ लगे और वहीं कमिंस ने ख़ुद तीन विकेट झटके। कमिंस को इस मैच में आठ विकेट लेने के लिए प्लेयर ऑफ़ द मैच भी घोषित किया गया। वहीं 165.33 की औसत से 496 रन बनाने वाले उस्मान ख़्वाजा प्लेयर ऑफ़ द सीरीज़ रहे। लेकिन कमिंस, मिचेल स्टार्क और कैमरन ग्रीन जैसे तेज़ गेंदबाज़ों ने सीरीज़ में ऑस्ट्रेलिया के लिए 41 में से 23 विकेट लेकर साबित किया कि एशिया की अपेक्षाकृत धीमी पिचों पर भी उनकी तेज़ गेंदबाज़ी रंग ला सकती है। मैच के बाद कमिंस ने कहा, शायद यहां गेंद श्रीलंका जैसी फिरकी नहीं लेती। लेकिन जब हम एशिया आए हैं तो यह बात चर्चा में रही है कि शायद हमें अपने खेल की शैली में बदलाव लाने की ज़रूरत है। इस सीरीज़ ने हमे दिखाया है कि अगर आप गेंदबाज़ी और बल्लेबाज़ी की बुनियादों पर टिके रहें तो आप सफल हो सकते हैं। इस सीरीज़ में ग्रीन और ऐलेक्स कैरी जैसे अनुभवहीन खिलाड़ियों ने भी समय समय पर बड़ा योगदान दिया और कमिंस मानते हैं कि इस साल जुलाई में श्रीलंका में होने वाले दो टेस्ट की श्रृंखला के लिए यह अच्छा संकेत है।

# पाकिस्तान के ख़िलाफ़ वनडे और टी20 सीरीज़ में नहीं खेलेंगे स्मिथ

लाहौर। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज़ स्टीव स्मिथ पाकिस्तान दौरे के सीमित ओवर के सीरीज़ से बाहर हो गए हैं। बाईं कोहनी में चोट के कारण उन्हें यह फ़ैसला लेना पड़ा है। चयनकर्ताओं ने टीम में उनकी जगह पर लेग स्पिनर मिचेल स्वेप्सन को टीम में शामिल किया है, जो कि टेस्ट सीरीज़ का भी हिस्सा थे।

स्मिथ, पैट कमिंस, जॉश हेज़लवुड, मिचेल स्टार्क और डेविड वॉर्नर के साथ अब ऑस्ट्रेलिया लौटेंगे। टेस्ट सीरीज़ में 1-0 के जीत के बाद ये सब खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया लौटेंगे। स्मिथ के बाईं कोहनी की यह समस्या काफ़ी पुरानी है और ऑस्ट्रेलियाई टीम प्रबंधन ने एहतियातन यह फ़ैसला लिया है।

स्मिथ ने कहा, पाकिस्तान के ख़िलाफ़ इन मैचों से बाहर होना निराशाजनक है, लेकिन मेडिकल स्टाफ़ से बात करने के बाद मुझे यह ब्रेक लेना पड़ा। यह कोई बड़ी समस्या नहीं है, लेकिन मैं इसे बढ़ाना भी नहीं चाहता।

उल्लेखनीय है कि स्मिथ को इस आईपीएल नीलामी में किसी भी टीम ने नहीं ख़रीदा था। इस कारण उन्हें दो महीनों का आराम मिलेगा और वह अब सीधे सात जून से श्रीलंका दौरे का हिस्सा बनेंगे।

चयनकर्ताओं के प्रमुख जॉर्ज बेली ने कहा, अगले 18 महीने में हमें काफ़ी क्रिकेट खेलना है और इसलिए उन्हें आराम देने में कोई दिक्कत नहीं है। इस साल हमें टी20 विश्व कप और अगले साल एशिया में 50 ओवर का विश्व कप खेलना है।

# कोहली ने डु प्लेसिस को बताया योग्य कप्तान



मुंबई। आईपीएल 2022 सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए बतौर खिलाड़ी पहला मैच खेलने वाले विराट कोहली ने टीम के नवनियुक्त कप्तान फाफ डु प्लेसिस को योग्य कप्तान बताया है। उन्होंने कहा कि फाफ ऐसे व्यक्ति हैं जिसकी उन्होंने एक विपक्षी कप्तान के रूप में भी प्रशंसा की है।

विराट ने शनिवार को आरसीबी की वेबसाइट पर जारी बयान में कहा, डु प्लेसिस बहुत ही योग्य कप्तान हैं, जिसके लिए मेरे मन में बहुत सम्मान है। यहां तक कि एक विपक्षी कप्तान के रूप में भी मैंने हमेशा उनकी प्रशंसा की है। उन्होंने जिस तरह से खेल को चलाया और जिस तरह से बल्लेबाजी की और अपनी टीम को अपने बलबूते पर आगे बढ़ाया। यह किसी भी कप्तान के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात है। उल्लेखनीय है कि फरवरी में आईपीएल 2022 की मेगा नीलामी में आरसीबी ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को पछाड़ते हुए डु प्लेसिस को सात करोड़ रुपए में खरीदा था और इस महीने की शुरुआत में उन्हें टीम का कप्तान बनाया गया।

दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी इससे पहले 2012 से 2015 तक सीएसके के लिए खेल चुके हैं। उन्होंने 2016 और 2017 में तत्कालीन राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स का भी प्रतिनिधित्व किया, जब सीएसके को दो साल के निलंबन का सामना करना पड़ा था। वह हालांकि 2018 से 2021 तक सीएसके में वापस आए।

विराट ने कहा, यहां तक कि आप देख सकते हैं कि वह टीम में सभी के साथ सहज हैं, जो वह सामान्य रूप से होते हैं। सभी खिलाड़ियों के अंदर उनके लिए सम्मान की भावना है। खिलाड़ी उनके द्वारा बनाई गई योजना और रणनीति के तहत आगे बढ़ने की बात कह रहे हैं।

आज मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और गत उप विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच मुकाबले से आईपीएल के 15वें संस्करण की शुरुआत होगी। आरसीबी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में 27 मार्च को पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच से अपने अभियान की शुरुआत करेगा।

# युद्ध रोकने के लिए बातचीत करने आगे आए रूस

## परमाणु हमले के खतरे के बीच जेलेंस्की की अपील



**कीव।** दोहा फोरम में यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमीर जेलेंस्की ने एक बार रूस से युद्ध रोकने की अपील करते हुए बातचीत करने का आग्रह किया है। जेलेंस्की ने यह भी आरोप लगाया कि रूस हथियारों की दौड़ लगातार बढ़ा रहा है।

शनिवार को यूक्रेन और रूसी सैनिकों के बीच जंग शुरू हुए आज 31 वां दिन है। रूसी सैनिक यूक्रेन के लगभग हर शहर में बमों की वर्षा कर रहे हैं। यूक्रेन के दूसरा सबसे बड़ा शहर मारियूपोल रूसी बमबारी का सबसे ज्यादा शिकार है। बीते रोज मारियूपोल के एक थियेटर में रूसी हवाई हमले में 300 लोगों की मौत हो गई। इस थियेटर में सैकड़ों लोगों ने शरण ले रखी थी।

अब शनिवार को दोहा फोरम में यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमीर जेलेंस्की ने रूस के समक्ष बातचीत का फिर से प्रस्ताव रखा है। अपने बयान में उन्होंने कहा कि युद्ध रोकने के लिए रूस को हमसे बातचीत करनी चाहिए। साथ रूस पर यह आरोप लगाया कि हथियारों की दौड़ में रूस लगातार आगे बढ़ रहा है।

खबर है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपने परमाणु बलों को विशेष अलर्ट पर रखने के कुछ घंटों बाद न्यूक्लियर पनडुब्बियां समंदर में उतार दी हैं। इससे न्यूक्लियर वॉर की आशंका भी बढ़ गई है।

गौरतलब है कि रूस ने 3 मार्च से अपने न्यूक्लियर हथियारों को हाई अलर्ट पर रखा है। रूस काफी समय से नाटो देशों को धमकी दे चुका है कि अगर उसके अस्तित्व पर खतरा हुआ तो वह न्यूक्लियर अटैक से भी पीछे नहीं हटेगा। हालांकि इससे पहले रूस ने हाइपरसोनिक मिसाइलों का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। यूक्रेन के दो शहरों में हाइपरसोनिक मिसाइलों का हमला भी हो चुका है। यूक्रेन ने रूस पर फास्फोरस बमों के इस्तेमाल का भी आरोप लगाया है।

### रूस लगातार घेर रहा है यूक्रेन के प्रमुख शहरों को : ब्रिटेन

**लंदन।** ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि रूस लगातार यूक्रेन के प्रमुख शहरों को घेर रहा है और वहां के शहरी क्षेत्र में भारी बमबारी कर रहा है। मंत्रालय ने ट्वीट में कहा, रूस लगातार यूक्रेन के खारकीव, चर्निहव ओर मारियुवोल सहित प्रमुख शहरों को घेर कर गोलाबारी कर रहा है। रूसी सेना बड़े पैमाने पर शहरी पैदल सेना के संचालन से बच रही है और यूक्रेन सेना का मनोबल गिरान के लिए हवाई और तोपखानों पर अंधाधुंध बमबारी कर रही है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रूसी सेना यूक्रेन की शहरी क्षेत्रों में भारी गोलाबारी कर रहा है जिससे नागरिकों को इसकी कीमत चुकानी पड़ रही है।

# तमिल नेताओं से मिलने के बाद श्रीलंकाई राष्ट्रपति बोले, मिलकर बनाएंगे नया श्रीलंका



**नई दिल्ली।** श्रीलंका के राष्ट्रपति गोताबाया राजपक्षे दो साल पहले पद संभालने के बाद पहली बार यहां मुख्य तमिल पार्टी के नेताओं के साथ मुलाकात की है और श्रीलंका के पुनर्निर्माण के लिए सहयोग मांगा है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्होंने तमिल नेशनल अलायंस के नेताओं से कहा है कि आइए देश के पुनर्निर्माण के लिए मिलकर काम करते हैं। राजपक्षे ने तमिल नेताओं को आश्वासन दिया है कि वह सभी समुदायों पर समान रूप से ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

राजपक्षे ने तमिल नेताओं से करीब दो घंटे बातचीत की है। उन्होंने कहा है कि सरकार कई मसलों पर काम कर रही है जिसमें लंबे समय तक हिरासत में रखे गए संदिग्धों की रिहाई, उन संदिग्धों के बारे में आगे की कार्रवाई और लापता व्यक्तियों से संबंधित मुद्दों का समाधान आदि शामिल है। उन्होंने कहा है कि उत्तर और पूर्व सहित देश के सभी लोगों को साथ लेकर देश विकास की ओर बढ़ सकता है।

बैठक के बाद तमिल नेता आर सम्पंथन ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यूनाइटेड श्रीलंका में राजनीतिक समाधान के साथ देश समृद्धि की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि हमें एक देश के रूप में एकजुट होना चाहिए और एक देश के रूप में मौजूदा चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम करना सभी की जिम्मेदारी है।

तमिल नेताओं ने राष्ट्रपति राजपक्षे के नवंबर 2019 में चुने जाने के बाद से कई बार उनसे मिलने के लिए कहा था। कम से कम दो मौकों पर बिना किसी कारण के अंतिम समय में बैठक रद्द कर दी गई थी।

हालंकि इस बैठक को राजनीतिक एक्सपर्ट्स से श्रीलंका की बेहतरी के लिए एक कदम बताया है।

# पुतिन की डांट सुनकर रूसी रक्षा मंत्री को आया था हार्ट अटैक

कीव। यूक्रेन के मंत्री एंटोन गेराशचेंको ने दावा किया है कि रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु की रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से तीखी नोकझोंक हुई, जिसके बाद शोइगु को हार्ट अटैक आया था। गेराशचेंको का कहना है कि पुतिन ने यूक्रेन में अपने विशेष सैन्य अभियान की %विफलता% के लिए उन्हें दोषी ठहराया था।

एंटोन गेराशचेंको का दावा है कि यही कारण है कि रक्षा मंत्री को 11 मार्च के बाद से जनता के बीच नहीं देखा गया था। 24 मार्च को रूसी रक्षा मंत्री को फिर से टेलीविजन पर देखा गया था। हालांकि यह पता नहीं चल पाया है कि फुटेज नया था या पुराना। मालूम हो कि सर्गेई शोइगु को यूक्रेन युद्ध का दूसरा मास्टरमाइंड माना जाता है।

### युद्ध के बीच अचानक 'गायब' हो गए थे रूसी रक्षा मंत्री

रूसी रक्षा मंत्री का अचानक गायब होना अफवाहों को ट्रिगर करता है कि खारकीव व या कीव जैसे प्रमुख यूक्रेनी शहरों पर अभी तक कब्जा नहीं कर पाने के लिए उन्हें दंडित किया गया। गार्जियन की एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि क्रेमलिन की ओर से आयोजित दैनिक प्रेस मीट में इस मुद्दे को उठाया गया था। इस दौरान पत्रकारों ने रक्षा मंत्री के ठिकाने के बारे में पूछा था।

### क्रेमलिन ने कहा- युद्ध की तैयारियों में हैं व्यस्त

रिपोर्ट के अनुसार, क्रेमलिन के प्रवक्ता ने कहा कि यह समझने वाली बात है कि रक्षा मंत्री विशेष सैन्य अभियान को लेकर व्यस्त हैं और यह मीडिया गतिविधियों के लिए बिल्कुल सही समय नहीं है। इसके तुरंत बाद ही रक्षा मंत्री को टेलीविजन पर पुतिन के साथ सुरक्षा परिषद के टेलीकॉन्फ्रेंस की एक क्लिप में देखा गया, जिसमें कहा गया कि मंत्री ने विशेष सैन्य अभियान में प्रगति की सूचना दी है।

### इमरान खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चार अप्रैल को मतदान संभव

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ नेशनल असेंबली में पेश किए गए अविश्वास प्रस्ताव पर तीन अथवा चार अप्रैल को मतदान हो सकता है। यह जानकारी पाकिस्तान के गृहमंत्री शेख रशीद ने शनिवार को दी। श्री रशीद ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि विपक्ष ने श्री इमरान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाकर उनकी (श्री इमरान) मदद की है। उन्होंने कहा कि इससे श्री इमरान की प्रसिद्धि में वृद्धि हुई है। विपक्ष की ओर से श्री इमरान के खिलाफ लाये गये अविश्वास प्रस्ताव के सदन की पटल पर रखे बिना ही शुक्रवार को नेशनल असेंबली की कार्यवाही स्थगित हो गयी।

### सऊदी अरब ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बुलाई बैठक

रियाद। संयुक्त राष्ट्र में सऊदी अरब के मिशन ने हाल ही में देश के क्षेत्र पर हाउती हमलों के बीच संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की बैठक बुलाई है। सऊदी अरब मिशन ने हौती हमलों को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक बुलायी है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सऊदी अरब के जेद्दाह शहर के तेल वितरण स्टेशन सहित देश के कई शहरों पर यमन के हाउती ने शुक्रवार को हमला किया। इसके बाद कल सऊदी अरब के नेतृत्व वाले गठबंधन ने कहा कि उसने यमन हाउती आंदोलन के दो बूबी-ट्रैप्ड को नष्ट कर दिया, जिन्हें हमला करने के लिए भेजा गया था। सऊदी अरब मिशन ने अंतरराष्ट्रीय शांति को अस्थिर करने वाले हाउती हमलों की निंदा करने के लिए सुरक्षा परिषद की बैठक का आह्वान किया।

### फिलीपींस ने ताल ज्वालामुखी को लेकर जारी की चेतावनी

मनीला। फिलीपींस में ज्वालामुखी और भूकंप विज्ञान केंद्र ने देश के सर्वाधिक सक्रिय ज्वालामुखियों में से एक ताल'' ज्वालामुखी क्षेत्र में बढ रही भूगर्भीय हलचल को देखते हुए लोगों से इस इलाके से दूर रहने और इस क्षेत्र के ऊपर से हवाई उड़ानों को रोकने की चेतावनी शनिवार को जारी की। केन्द्र ने देश की राजधानी मनीला के पास स्थित ताल ज्वालामुखी को लेकर आज यह चेतावनी जारी की है। इस ज्वालामुखीय क्षेत्र में बढ़ रही हलचल को देखते हुए और ज्वालामुखी के मुंहाने से उठते गैस के गुब्बार तथा स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजकर 22 मिनट पर महसूस किये गये भूकंप के झटकों के बाद बढे खतरे के मद्देनजर केंद्र ने ज्वालामुखी को लेकर चेतावनी स्तर पांच से बढ़ाकर तीन कर दिया। संस्थान ने कहा कि बटांगस प्रांत में ज्वालामुखी से फटने एक अल्पकालिक पादपचुंबकीय (फ्रीटोमैग्मैटिक) गतिविधि उत्पन्न होती है, जिसके बाद यह गतिविधि लगभग निरंतर होती रही है जो ज्वालामुखी भूकंप के साथ 1,500 मीटर की दूरी पर प्लम उत्पन्न करती है।

### बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के सामूहिक हत्यास्थल उपेक्षा का शिकार

ढाका। बंगलादेश को आजादी मिले हुए 51 वर्ष बीत गए लेकिन आज भी ऐसी कई स्थानें हैं, जहां 1971 में मुक्ति संग्राम के दौरान लोगों की सामूहिक हत्याएं की गयीं थीं लेकिन यह स्थान आज भी उपेक्षा का शिकार हैं। मुक्ति संग्राम मंत्रालय के अनुसार, देश में ऐसे कुल 281 स्थानों हैं, जिसमें से 35 को सरकार संरक्षित कर पाई है लेकिन अब भी कई स्थान नजरअंदाज रह गये हैं। ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, इनमें से एक स्थान मीरपुर-1 रैनखोला है। ऐसे कुछ स्थानों पर जबरन घर बना लिया गया या व्यवसायिक कार्य का संचालन हो रहा है और कुछ जगहों को डंपिंग ग्राउंड या रिक्शा स्टैंड में तब्दील कर दिया गया। यह वही जगह है, जहां मुक्ति संग्राम 1971 के दौरान पाकिस्तानी सेना तथा उनके सहयोगियों ने लोगों की सामूहिक हत्याएं की थी। ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक पाकिस्तानी हमलावरों और उनके सहयोगियों अल बद्र, अल शम्स और राजाकर्स ने नौ महीने तक चले मुक्ति संग्राम में विभिन्न स्थानों पर लोगों की सामूहिक हत्याएं की थी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# एस एस राजामौली की फिल्म ने बनाया रिकॉर्ड

## पहले ही दिन वर्ल्डवाइड कमा लिए इतने करोड़ कि हो जाएंगे शॉक्ड




**नई दिल्ली।** एस एस राजामौली की फिल्म आरआरआर का फैंस काफी समय से इंतजार कर रहे थे और अब जब फिल्म रिलीज हुई तो फैंस की भीड़ थिएटर के बाहर खूब दिख रही है। फिल्म को लेकर जो फैंस में क्रेज है उसका प्रूफ फिल्म के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन से मिल रहा है। फिल्म ने पहले ही दिन ताबड़तोड़ कमाई करनी शुरू कर दी है। इतना ही नहीं फिल्म ने तो पहले ही दिन अपने नाम बड़ा रिकॉर्ड कर लिया है। इसके साथ ही फिल्म ने नंबर 1 ओपनर का खिताब खुद जीतकर बाहुबली 2 को भी पीछे कर दिया है। मतलब की राजामौली ने खुद ही अपनी फिल्म को मात देकर दूसरी फिल्म को नंबर 1 बना दिया है। दरअसल, आरआरआर ने वर्ल्डवाइड पहले दिन ही 223 करोड़ की कमाई कर ली है।

ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने इसकी जानकारी खुद दी है। उन्होंने ट्वीट किया, आरआरआर ने पहले ही दिन रिकॉर्ड बना दिया है. फिल्म ने बाहुबली 2 को भी पछाड़ दिया है। आरआरआर अब इंडियन सिनेमा की नंबर 1 ओपनर फिल्म है। वर्ल्डवाइड फिल्म ने 223 करोड़ की कमाई कर ली है. एस एस राजामौली खुद से कम्पेयर कर रहे हैं। आरआरआर का ऑफिशयल पोस्टर। तरण ने दूसरा ट्वीट किया जिसमें उन्होंने हर राज्य के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की जानकारी दी है, आंध्र प्रदेश में फिल्म ने 75 करोड़, निजाम में 27.5 करोड़, कर्नाटक में 14.5 करोड़, तमिलनाडु में 10 करोड़, केरल में 4 करोड़, नॉर्थ इंडिया में 25 करोड़। तो इस हिसाब से फिल्म ने भारत में टोटल 156 करोड़ की कमाई कर ली है। वहीं भारत के बाहर फिल्म ने यूएसए में 42 करोड़, नॉन यूएस में 25 करोड़ कमाई के साथ पूरे वर्ल्ड में फिल्म ने 223 करोड़ की कमाई कर ली है।

दिलचस्प बात ये है कि फिल्म ने ना सिर्फ भारत बल्कि विदेश में भी जबरदस्त कमाई की है। बता दें कि फिल्म1920 के पूर्व-स्वतंत्र युग में स्थापित एक काल्पनिक कहानी है जिसमें 2 प्रसिद्ध क्रांतिकारी अल्लूरी सीताराम राजू (राम चरण) और कोमाराम भीम (जूनियर एनटीआर) के बारे में बताया गया है। फिल्म में जूनियर एनटीआर, राम चरण लीड रोल में हैं। इसके अलावा आलिया भट्ट और अजय देवगन का फिल्म में कैमियो है। राजामौली, जूनियर एनटीआर और राम चरण ने फिल्म को लेकर खूब प्रमोशन किया है। तीनों कई राज्य में फिल्म को प्रमोट करने गए। इतना ही नहीं ये पहली फिल्म है जिसका स्टैच्यू ऑफ यूनिटी में भी प्रमोशन हुआ है।


# अभिषेक बच्चन की फिल्म दसवीं का गाना 'मचा-मचा रे' रिलीज

एजेंसी



मुंबई। बॉलीवुड के जूनियर बी अभिषेक बच्चन की आने वाली फिल्म दसवीं का गाना मचा-मचा रे रिलीज कर दिया गया है। फिल्म दसवीं का पहला गाना मचा-मचा रे% रिलीज हो चुका है, जिसमें अभिषेक का देसी स्वैग देखने को मिल रहा है। फिल्म में अभिषेक बच्चन गंगा राम चौधरी का किरदार निभा रहे हैं। %मचा-मचा रे% को सिंगर मीका सिंह, दिव्या कुमार, सचिन-जिगर ने अपनी आवाज दी है। गाने का म्यूजिक सचिन-जिगर ने मिलकर कम्पोज किया है और इस गाने के बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं। गौरतलब है कि फिल्म दसवीं एक अनपढ़, भ्रष्ट और आडंबरपूर्ण नेता की कहानी बताती है जो जेल में फंसने के बाद एजुकेशन के महत्व के बारे में समझ पाता है। अभिषेक बच्चन के अलावा इस फिल्म में निमृत कौर और यामी गौतम अहम भूमिका में हैं। निमृत कौर जहां फिल्म में अभिषेक बच्चन की पत्नी की भूमिका में हैं, वही यामी गौतम पुलिस ऑफिसर की भूमिका में हैं।इस फिल्म को दिनेश विजन की मैडॉक फिल्म्स और जियो स्टूडियोज ने प्रोड्यूस किया है। तुषार जलोटा द्वारा निर्देशित यह फिल्म जियो सिनेमा एंड नेटफ्लिक्स पर 07 अप्रैल 2022 को रिलीज हो रही है।

# मीना कुमारी का किरदार निभायेगी कृति सैनन!



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सैनन सिल्वर स्क्रीन पर मीना कुमारी का किरदार निभाती नजर आ सकती हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि महान अभिनेत्री मीना कुमारी के जीवन पर फिल्म बनायी जाने वाली है। यह फिल्म टी-सीरीज के बैनर तले बनाई जाएगी। चर्चा है कि इस फिल्म में कृति सैनन, मीना कुमारी का किरदार निभाती नजर आ सकती है।जल्द ही फिल्म की ऑफिशियल अनाउंसमेंट की जा सकती है। यदि सब ठीक रहा तो फिल्म की शूटिंग भी जल्द ही शुरू होगी। मीना कुमारी पर एक ओटीटी प्लेटफॉर्म ने भी वेब सीरीज बनाने का ऐलान किया है। हाल के समय में कृति सैनन की मिमि और बच्चन पांडे जैसी फिल्में प्रदर्शित हुयी है। कृति, प्रभास स्टारर आदिपुरुष, टाइगर श्राफ स्टारर फिल्म गणपत ,वरुण धवन के साथ फिल्म भेड़िया और कार्तिक आर्यन की फिल्म शहजादा में नजर आयेंगी।

# हीरोपंती 2 के पहले गाने 'दफा कर' का टीजर रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ की आने वाली फिल्म 'हीरोपंती 2' के पहले गाने दफा कर का टीजर रिलीज कर दिया गया है। टाइगर श्रॉफ और तारा सुतारिया की आने वाली फिल्म हीरोपंती 2 के पहला गाने दफा कर का टीजर रिलीज कर दिया गया है। दफा कर गाने की पहली झलक को टाइगर श्रॉफ ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया। इस गाने में बड़े सेट और शानदार बैकग्राउंड के साथ-साथ टाइगर और तारा का भी जबरदस्त अंदाज देखने को मिल रहा है। दफा कर के टीजर को शेयर करते हुए टाइगर श्रॉफ ने कैप्शन में लिखा, दिल की बीट्स गाने पर अपने मूव्स करे दफा कर गाने के साथ। गौरतलब है कि हीरोपंती 2 में टाइगर श्रॉफ के साथ तारा सुतारिया और नवाजुद्दीन सिद्दीकी मुख्य किरदार में नजर आने वाले हैं। अहमद खान के निर्देशन में बनी इस फिल्म का निर्माण साजिद नाडियाडवाला फिल्म्स के बैनर तले किया गया है।

# ऋतिक रोशन की सबा आजाद के साथ बढ़ रही है नजदीकियां

नई दिल्ली। ऋतिक रोशन और सबा आजाद इन दिनों काफी छाए हुए हैं। दोनों को एक रेस्टोरेंट में स्पॉट किया गया था और इसके बाद से दोनों के रिलेशनशिप की अफवाहें छाई हुई हैं। दोनों सोशल मीडिया पर एक-दूसरे के पोस्ट पर खुलकर कमेंट करते हैं और हाल ही में फिर दोनों ने एक-दूसरे को लेकर ऐसा कमेंट किया है कि लग रहा है जैसे दोनों अब किसी से अपने रिलेशनशिप और बॉन्ड को छिपाना नहीं चाहते हैं। अब हुआ कुछ यूं कि ऋतिक ने सबा को लेकर एक पोस्ट किया जिस पर सिंगर ने उनको स्पेशल नाम दिया।

दरअसल, सबा ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया था जिसमें वह स्टेज पर अपनी परफॉर्मेंस से पहले की तैयारी कर रही हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए सबा ने लिखा, सनबर्न और तैयार।



हम यहां हैं और साउंड चेक कर रहे हैं शाम के लिए।

सबा के वीडियो को ऋतिक ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया और लिखा, अपनी परफॉर्मेंस से किल करो। तुम शानदार लड़की। इसके साथ ही ऋतिक ने दिल वाला इमोजी पोस्ट किया है। फिर सबा ने ऋतिक के पोस्ट को अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया और लिखा, काश की आप यहां होते मेरे क्यूटी। तो मतलब सबा, ऋतिक को क्यूटी कहती हैं। वैसे मानना पड़ेगा, भले ही ऋतिक सबा की परफॉर्मेंस देखने नहीं पहुंचे, लेकिन उन्होंने उनके लिए शुभकामनाएं और प्यार जरूर भेजा है। वैसे ऋतिक के अलावा उनकी मां पिंकी रोशन और एक्टर की एक्स वाइफ सुजैन खान भी उन्हें बहुत सपोर्ट करती हैं। सुजैन तो सबा की परफॉर्मेंसेस के वीडियोज सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। इससे पहले सबा, ऋतिक के परिवार के साथ लंच करती नजर आई थीं। ऋतिक के चाचा ने परिवार के साथ सबा की फोटो शेयर की थी।

# माधुरी दीक्षित ने सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ किया रोमांटिक डांस



**मुंबई।** बॉलीवुड की धक-धक गर्ल माधुरी दीक्षित ने अपनी सुपरहिट फिल्म हम आपके हैं कौन के गाना पहला पहला प्यार है पर सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ डांस किया है। माधुरी दीक्षित अभिनेत्री होने के साथ-साथ बहुत ही खूबसूरत डांसर भी हैं। माधुरी दीक्षित ने अपने इंस्टाग्राम पर डांस करते हुए एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में माधुरी दीक्षित के साथ सिद्धार्थ मल्होत्रा नजर आ रहे हैं। दोनों इस वीडियो में फिल्म हम आपके हैं कौन के गाने पहला-पहला प्यार है पर डांस करते हुए नजर आ रहे हैं। यह डांस बेहद रोमांटिक हैं। दोनों का यह रोमांटिक डांस फैन्स को खूब पसंद आ रहा है। डांस वीडियो को अपने इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए माधुरी दीक्षित ने कैप्शन में लिखा, सिद्धार्थ के साथ डांस करना जारी है। यह बहुत ही मजेदार था।

# विमान दुर्घटना के बाद संजय की जेब में क्या तलाश रही थीं इंदिरा? विमान हादसे के पीछे का रहस्य

अभिनय आकाश

**उत्तर प्रदेश के अमेठी से सांसद रहे संजय गांधी को अपने जीवनकाल के दौरान तीन हत्या के प्रयासों का सामना करना पड़ा। विकिलीक्स ने खुलासा किया था संजय गांधी पर तीन बार जानलेवा हमले किए गए थे।**

एक 23 साल का लड़का जिसने अपनी मां को एक आइडिया शेयर करते हुए कि मैं देश की पहली जनता कार का निर्माण करूंगा। मां ने अपने बेटे के कार निर्माण के लिए सरकारी कंपनी के गठन का प्रस्ताव रख दिया और मारुति मोटर्स लिमिटेड कंपनी अस्तित्व में आई। जब 28 का हुआअ तो कहा मां मैं इस देश की सारी समस्याओं को हर लूंगा। तमाम दिग्गज मंत्री से लेकर संतरी तक उसके सामने हाथ बांधे खड़े नजर आए। देखते ही देखते महज 33 साल की उम्र में वो सियासत की धुरी बन गया। इस नेता के बारे में कई किस्से हैं और कहानियां हैं और साथ ही कहा जाता है कि उसे उड़ना बहुत पसंद था। केवल सियासत में ही नहीं बल्कि हवा में भी। सियासत की तरह फ्लाइंग में भी खतरनाक हद तक जोखिम लेने ऐसा शौक की चप्पल में ही प्लेन उड़ाना हवा में कलाबाजियां खाना उसका पसंदीदा शगल बन गया। लेकिन उसका यही शौक जिंदगी का आखिरी सबब भी बन गया। 1980 में भरी एक उड़ान उसकी आखिरी उड़ान साबित होती है। हम बात कर रहे हैं इंदिरा गांधी के छोटे बेटे संजय गांधी की। 23 जून 1980 इंदिरा गांधी के छोटे बेटे संजय गांधी की जिंदगी के आखिरी सुबह। सफदरजंग एयरपोर्ट के रनवे से संजय गांधी ने ठीक 7:58 पर उड़ान भरी। संजय गांधी आसमान में सुबह की सैर करना चाहते थे। लेकिन उनकी ये उड़ान अधूरी रह गई। वो सफदरजंग के रनवे पर वापस कभी नहीं लौटे। संजय गांधी की जिंदगी से जुड़े जितने किस्से मशहूर हैं उतनी ही उनके मौत को लेकर भी कई सारी कॉन्सपिरेसी थ्योरी भी सामने आई। आज आपको संजय गांधी के जीवन और मौत से जुड़ी उन्हीं कुछ कहानियों के बारे में बताते हैं।

### विमान दुर्घटना से पहले संजय को मारने की तीन कोशिशें की गईं

उत्तर प्रदेश के अमेठी से सांसद रहे संजय गांधी को अपने जीवनकाल के दौरान तीन हत्या के प्रयासों का सामना करना पड़ा। विकिलीक्स ने खुलासा किया था संजय गांधी पर तीन बार जानलेवा हमले किए गए थे। अमेरिकी खुफिया विभाग द्वारा 6 सितंबर 1976 को विदेश विभाग को प्रदान किए गए टेलीग्राफिक संचार में लिखा गया कि तत्कालीन प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी के छोटे बेटे को एक अज्ञात हमलावर ने निशाना बनाया था। हालांकि हमला एक सुनियोजित हत्या का प्रयास था, गांधी बच गए और उन्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचा। संजय गांधी पर एक और हमला 30 से 31 अगस्त 1976 को हुआ। विकिलीक्स के मुताबिक हमलावर ने संजय गांधी पर 3 गोलियां चलाई लेकिन वह बच गए। यह साफ नहीं है कि वह जख्मी हुए थे या नहीं। विकिलीक्स के मुताबिक संजय गांधी को इमरजेंसी के दौरान ही निशाना बनाया गया। विकीलीक्स द्वारा दस्तावेज़ को सार्वजनिक करने से पहले, संजय के जीवन पर इस तरह के किसी भी प्रयास के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। अन्य अमेरिकी केबलों ने भारतीय राजनीति में संजय गांधी की भूमिका को आपातकाल के पीछे एक सत्तावादी व्यक्ति के रूप में वर्णित किया, जिन्होंने अपनी मां की शक्ति को बरकरार रखने के लिए बड़े पैमाने पर काम किया। जब 1977 में जनता पार्टी सत्ता में आई, तो कई जांच शुरू की गईं। हालांकि, उनमें से किसी ने भी संजय गांधी के ऊपर हुए हमलों के प्रयास को लेकर कोई जांच नहीं की गई। कांग्रेस के सत्ता में वापस आने के तुरंत बाद 23 जून 1980 को विमान दुर्घटना में 33 वर्षीय युवा सांसद की मौत हो गई थी।



### सियासत की तरह फ्लाइंग में भी खतरनाक हद तक जोखिम लेने की आदत

राजीव गांधी जहां विमान उड़ाने के तमाम नियमों का पालन किया करते थे। वहीं संजय गांधी प्लेन को कार की तरह उड़ाया करते थे। तेज हवा में कलाबाजियां खाना उनका शौक था। 1977 से ही गांधी परिवार के करीबी रहे धीरेंद्र ब्रह्मचारी एक ऐसा टू शिटर विमान पिट्स एस टू ए इंपोर्ट करना चाहते थे जिसे खासतौर पर हवा में कलाबाजियां खाने के लिए बनाया गया था। मई 1980 में जाकर भारत के कस्टम विभाग ने इस विमान को भारत लाने की मंजूरी दी थी। आनन-फानन में इस विमान को असेंबल करके सफदरजंग हवाई अड्डे दिल्ली फ्लाई क्लब में पहुंचा दिया गया। संजय गांधी पहले ही दिन उस विमान को उड़ाना चाह रहे थे। लेकिन पहला मौका फ्लाइंग क्लब के इंस्ट्रक्टर को मिला। संजय ने पहली बार 21 जून 1980 को इस नए पिट्स विमान पर अपना हाथ आजमाया। उस वक्त संजय गांधी अमेठी से सांसद थे और एक महीने पहले ही कांग्रेस के महासचिव बनाए गए थे। मगर संजय को अपनी सत्ता और ताकत के लिए इन पदों की कोई जरूरत नहीं थी। सब जानते थे कि पिछले पांच साल से वहीं कांग्रेस के सर्वेसर्वा थे। 23 जून 1980 सुबह के वक्त प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के घर से एक हरे रंग की मेटाडोर गाड़ी बाहर निकली। जिसमें इंदिरा गांधी के छोटे बेटे 14 दिसंबर 1946 को जन्मे संजय गांधी चला रहे थे। बताया जाता है कि संजय जल्दी में घर से निकले और मां को बाय भी नहीं बोला। 3 महीने 10 दिन का बेटा वरुण सो रहा था। पत्नी मेनका उसे संभालने में लगी हुई थी। संजय एक किलोमीटर दूर सफदरजंग एयरपोर्ट पहुंचे। यहां दिल्ली फ्लाइंग क्लब के चीफ इंस्ट्रक्टर सुभाष सक्सेना उनका इंतजार कर रहे थे। कलाबाजी खाने के लिए मुफीद लाल इंजन वाला एयरक्राफ्ट पिट्स एस टू ए तैयार खड़ा था। संजय गांधी सियासत की तरह फ्लाइंग में भी खतरनाक हद तक लापरवाह और जोखिम लेने वाले थे। वो अक्सर सुरक्षा नियमों को तोड़ दिया करते थे।

### चप्पल में ही प्लेन उड़ाने लग जाते

कुछ दावों के मुताबिक संजय गांधी ने अपने बड़े भाई की कॉकपिट में प्लेन उड़ाते समय उचित जूते पहनने की सलाह को को नजरअंदाज कर दिया। राजीव गांधी ने कई बार संजय गांधी को प्लेन उड़ाने के दौरान जूते पहनने की सलाह दी थी, लेकिन उन्होंने किसी की नहीं सुनी। संजय गांधी के बड़े भाई राजीव गांधी ने उन्हें पिट्स प्लेन उड़ाने से मना भी किया था क्योंकि संजय गांधी के पास प्लेन उड़ाने का बहुत खास अनुभव नहीं था। संजय गांधी के पास प्लेन उड़ाने का बस 300 से 350 घंटे का ही अनुभव था। राजीव गांधी पर आयोजित एक फोटो प्रदर्शनी पर बनाए गए 5 मिनट के वीडियो में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस बात जिक्र भी किया था। राहुल गांधी ने कहा- उन्हें (संजय गांधी को) वह प्लेन नहीं उड़ाना चाहिए था लेकिन उन्होंने उड़ाया। और वही हुआ जो उड़ाने का अनुभव न होने पर होता है। आसानी से खुद की जान ली जा सकती है।

### संजय का नियंत्रण खत्म हो गया और फिर घर्र घर्र की आवाज के साथ...

सुबह 7.15 बजे के करीब कैप्टन सक्सेना पिट्स के अगले हिस्से में बैठे और संजय ने पिछले हिस्से में बैठकर कंट्रोल संभाला। संजय ने सुरक्षा नियमों को दरकिनार करते हुए रिहायशी इलाके के ऊपर ही तीन लूप लगाए। उसके भी कुछ मिनटों के बाद उनका नियंत्रण खत्म हो गया और फिर घर्र घर्र की आवाज करता हुआ डिप्लोमैटिक एनक्लेव में संजय गांधी के घर से कुछ ही मिनटों की एरियल दूरी पर पिट्स क्रैश कर गया। कहा जाता है कि उस दिन यूपी के मुख्यमंत्री राजा साहब यानी विश्वनाथ प्रताप सिंह इंदिरा गांधी से मुलाकात के लिए उनके निवास स्थान पर आए हुए थे। तभी इंदिरा के सहायक आरके धवन को ये बोलते हुए सुनते हैं कि बहुत बड़ा हादसा हो गया। बस इतना सुनते ही बिखरे हुए बालों में ही इंदिरा गांधी बाहर निकलीं और घटनास्थल की ओर रवाना हो गईं। मौके पर एंबुलैंस और एयरक्राफ्ट पहुंचे और डालियां काटी गईं व विमान के मलबे के बीच से संजय और सुभाष के शरीर को निकाला गया।

### सुब्रमण्यम स्वामी ने संजय गांधी की मौत के पीछे सोवियत-सोनिया लिंक का आरोप लगाया

भाजपा के राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी ने साल 2021 में कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष और संजय की भाभी सोनिया गांधी को निशाना बनाते हुए संजय गांधी की मौत को लेकर एक नया दावा किया। द वीक की रिपोर्ट के अनुसार स्वामी ने आरोप लगाया कि तत्कालीन सोवियत संघ ने सोनिया को लाभ पहुंचाने के लिए संजय की मौत की साजिश रची थी। उन्होंने इस बारे में ट्वीट करते हुए लिखा कि आखिरकार टीडीके को फायदा पहुंचाने के लिए सोवियत संघ ने उनके विमान में एक रिसाव को ठीक कर दिया और उनकी जीवन लीला समाप्त कर दी। विमान अशोका होटल के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया, लेकिन विस्फोट नहीं हुआ। क्यों? टीडीके एक संक्षिप्त शब्द है जिसे स्वामी ट्विटर पर सोनिया को संदर्भित करने के लिए उपयोग करते हैं। स्वामी ने पहले आरोप लगाया था कि सोवियत संघ और सोनिया गांधी की मिली भगत थी। 2019 में उन्होंने दावा किया कि सोनिया गांधी ने 1984 में इंदिरा से स्वर्ण मंदिर पर हमला करने का आग्रह किया था। उन्होंने ट्वीट किया कि स्वर्ण मंदिर में ऑपरेशन पाकिस्तान के खिलाफ हमारी रक्षा के लिए हमें (भारत) यूएसएसआर पर अधिक निर्भर बनाने के लिए एक सोवियत संघ की साजिश थी।

### संजय की जेब में क्या तलाश रही थीं इंदिरा?

वरिष्ठ पत्रकार और लेखिका तवलीन सिंह ने अपनी किताब दरबार में लिखा है कि जो रिपोर्टर घचटनास्थल पर पहुंचा था उसने हादसे को लेकर तमाम कहानियां सुनाई। कहा जाता है कि मां इंदिरा गांधी दुर्घटना के चंद मिनट बाद ही वहां पहुंच गई थीं। इसके साथ ही वो संजय गांधी की जेब में कुछ तलाश रही थीं और बाद में वापस लौट गईं। ये भी कहा जाता है कि इंदिरा एक बार फिर उस जगह गईं जहां संजय का विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। कहा गया वह संजय की घड़ी और चाबियों का गुच्छा ढूढ़ने गई थीं। उस घड़ी में स्विस बैंक का अकाउंट नंबर था। इसके साथ ही अफवाहों में तो इंदिरा गांधी को रुमाल में लपेट कर कुछ दिये जाने की बात भी रही लेकिन कभी इसकी पुष्टि नहीं हुई।

# हाथ की रेखाओं से जानिए अपने शादीशुदा जीवन का हाल, इस रेखा के होने से बनते हैं तलाक के योग



प्रिया मिश्रा

**हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार हथेली में विवाह रेखा को देख कर यह पता लगाया जा सकता है कि किसी व्यक्ति की शादी कब और कहाँ होगी। विवाह रेखा हाथ में बुद्ध पवर्त के पास, कनिष्ठा यानि सबसे छोटी ऊंगली के निचले हिस्से में आड़ी रेखा होती है। बाकी छोटी-छोटी एवं अस्पष्ट रेखाएं संबंधों के बिछड़ने या टूटने का संकेत देती हैं।**

हस्तरेखाज्योतिष के अनुसार हमारी हथेली पर बनी रेखाएँ हमारे भाग्य और भविष्य में होने वाली घटनाओं के बारे में बताती हैं। हमारी हथेली में भाग्य रेखा, हृदय रेखा, जीवन रेखा और विवाह रेखा जैसी कई प्रकार की रेखाएं होती हैं। हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार हथेली में विवाह रेखा को देख कर यह पता लगाया जा सकता है कि किसी व्यक्ति की शादी कब और कहाँ होगी। विवाह रेखा हाथ में बुद्ध पवर्त के पास, कनिष्ठा यानि सबसे छोटी ऊंगली के निचले हिस्से में आड़ी रेखा होती है। बाकी छोटी-छोटी एवं अस्पष्ट रेखाएं संबंधों के बिछड़ने या टूटने का संकेत देती हैं। आज के इस लेख में हम आपको बताएंगे कि आप हाथ में विवाह रेखा को देखकर कैसे जान सकते हैं कि आपकी शादी कब और कहाँ होगी –

अगर हाथ में दो विवाह रेखाएं हैं जिनमें से एक स्पष्ट और गहरी है, जबकि दूसरी महीन हो लेकिन बुध पर्वत तक विकसित हो। तो ऐसी रेखा जीवन में दो शादियों का संकेत देती है।

हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार, अगर हाथ में एक से अधिक विवाह रेखाएं हो तो ये तलाक और विवाहोत्तर संबंधों की ओर इशारा करती हैं।

अगर विवाह रेखा ऊपर की ओर आती हुई हृदय रेखा से मिले या विवाह रेखा पर तिल हो या क्रॉस का निशान हो तो शादी बहुत देर और अनेक कठिनाइयां से होती है।

यदि विवाह रेखा, स्वास्थ्य रेखा से स्पर्श करती हो तो जातक का विवाह नहीं होता है। अगर विवाह रेखा पर एक से अधिक द्वीप हों या काला तिल हो तो यह जीवन भर अविवाहित होने का संकेत देती है।

हस्तरेखाशास्त्र के अनुसार, अगर हाथ में विवाह रेखा हृदय रेखा के पास हो तो ऐसे में जातक की शादी 25 वर्ष की उम्र तक हो जाती है। विवाह रेखा, कनिष्ठ रेखा के जितनी पास होगी, शादी में उतनी ही देरी होगी।

हस्तरेखाशास्त्र के अनुसार, यदि विवाह रेखा मणिबंध रेखा के मध्य में हो तो जातक का विवाह उत्तर दिशा में होता है।

यदि विवाह रेखा किसी ऊँगली के जड़ तक हो तो जातक का विवाह दक्षिण दिशा में होता है।

यदि विवाह रेखा हाथ के मध्य में हो तो जातक का विवाह पूर्व दिशा में होता है।

हस्तरेखाशास्त्र के अनुसार, यदि विवाह रेखा अंगूठे के मूल में हो तो जातक का विवाह पश्चिम दिशा में होता है।